CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :29°C
न्यूनतम: 20°C

मुजफ्फरनगर, शनिवार 4 अक्टूबर 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 263 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com आश्विन शुक्ल पक्ष 13 विक्रमी सम्वत् 2082 11 रबी उल सानी 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




एनसीआरबी की रिपोर्ट पर अखिलेश यादव ने उठाए सवाल पेज 2



अहमदाबाद टेस्ट में केएल राहुल, जुरेल और जडेजा ने जड़े शतक खेल टाइम्स



पशुओं के साथ सुसंस्कृत बने जीवन की सभ्यता सम्पादकीय



अमेरिकी दबाव के आगे भारत नहीं झुकेगा: पुतिन पेज 12

### चैतन्यानंद 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया

**नई दिल्ली।** छात्राओं के यौन शोषण का आरोपी स्वामी चैतन्यानंद सरस्वती उर्फ पार्थ सारथी को पटियाला हाउस कोर्ट ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा है। चैतन्यानंद की पांच दिन की पुलिस हिरासत शुक्रवार को खत्म हो गई थी। जिसके बाद दिल्ली पुलिस उसे पटियाला हाउस कोर्ट लेकर पहुंची थी। वहीं, कोर्ट ने चैतन्यानंद ने 3 आवेदनों पर पुलिस से जवाब मांगा है। इसमें उसकी चीजों की सूची, केस की जानकारी, संन्यासी के खाने-पीने, कपड़े, दवाइयां और किताबें देने की बात शामिल है। इधर, दिल्ली पुलिस ने चैतन्यानंद की तीन करीबी महिला सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में महिला सहयोगियों ने माना कि उन्होंने चैतन्यानंद के कहने पर छात्राओं पर दबाव बनाया। एक रिपोर्ट के अनुसार, गिरफ्तार महिलाओं में श्री शारदा इंस्टीट्यूट की श्वेता शर्मा (एसोसिएट डीन), भावना कपिल (एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर) और काजल (सीनियर फैकल्टी) शामिल हैं। इन तीनों पर अपराध में बाबा का सहयोग, शिकायतकर्ताओं को धमकाने और सबूत नष्ट करने के आरोप हैं।

### कृषि स्नातक की प्रवेश परीक्षा में पात्रता के नियम बदले

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने कृषि शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ा फैसला करते हुए कहा है कि 12वीं में जीव विज्ञान, रसायन, भौतिकी, गणित या कृषि विषय से पढ़ाई करने वाले विद्यार्थी समान रूप से स्नातक प्रवेश परीक्षा दे सकेंगे। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को यहां यह जानकारी देते हुए कहा कि 'एक देश-एक कृषि-एक टीम' की भावना के अनुरूप, देश भर के छात्रों के लिए पात्रता मानदंड एवं विषय समूह को एक समान कर दिया गया है, जिससे अब छात्र राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी - आईसीएआर) के जरिये सीधे-पारदर्शी तरीके से कृषि पाठ्यक्रम में दाखिला ले सकेंगे। इसके अलावा कृषि विश्वविद्यालयों की 20 प्रतिशत स्नातक सीटें भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) द्वारा आयोजित अखिल भारतीय प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से भरी जाएंगी।

### उत्तरकाशी की पुरोला तहसील क्षेत्र में भूकम्प के झटके

**देहरादून।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी जनपद की पुरोला तहसील अंतर्गत, ग्रामीण क्षेत्र में गुरुवार-शुक्रवार मध्य रात्रि भूकम्प के हल्के झटके महसूस किए गए। इस दौरान, किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। जनपद आपदा परिचालन केंद्र ने बताया कि समय रात एक बजकर 42 मिनट पर तहसील पुरोला के ग्राम गुन्दियाटगांव एवं महरगांव क्षेत्रान्तर्गत, भूकम्प के हल्के झटके महसूस किए गए। भूकम्प की तीव्रता रिएक्टर पैमाने पर 2.1 दर्ज की गई। भूकम्प की गहराई सतह से पांच किमी नीचे और इसका केन्द्र ग्राम गुन्दियाटगांव एवं डोखरीयानी के मध्य स्यालुका में था।

# ग्लोबल झटकों को झेल सकता है भारत: सीतारमण

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि मौजूदा ग्लोबल उथल-पुथल का भारत की जीडीपी ग्रोथ पर सीमित प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा कि भारत बाहरी दबाव सहने और व्यापार-ऊर्जा असंतुलन से निपटने में सक्षम है। सीतारमण ने बताया कि भारत का टारगेट 2047 तक डेवलप्ड इकोनॉमी बनना है।



2047 तक डेवलप्ड इकोनॉमी बनने का टारगेट, इसके लिए 8 प्रतिशत ग्रोथ रेट जरूरी

विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए 8 फीसदी की ग्रोथ रेट की जरूरत है। शुक्रवार को नई दिल्ली में चौथे कौटिल्य इकोनॉमिक कॉन्क्लेव (केईसी) का उद्घाटन करते हुए वित्त मंत्री ने यह बात कही। सीतारमण ने कहा कि भारत की इकोनॉमिक ग्रोथ की रीढ़ डोमेस्टिक फैक्टर्स यानी घरेलू कारक हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया अनिश्चितता और अस्थिरता के दौर से गुजर रही है। जिसे वे एक टेम्पररी डिसरप्शन यानी रुकावट के बजाय स्ट्रक्चरल बदलाव मानती हैं। सीतारमण ने कहा कि भारत का टारगेट 2047 तक विकसित अर्थव्यवस्था बनना है। साथ ही आत्मनिर्भरता को मजबूत करना है। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि आत्मनिर्भरता का मतलब क्लोज्ड इकोनॉमी यानी बंद अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ना नहीं है। विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए 8 फीसदी की ग्रोथ रेट की जरूरत है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने हाल ही में हुई एमपीसी की मीटिंग में देश की जीडीपी ग्रोथ का अनुमान 6.5 फीसदी से बढ़ाकर 6.8 फीसदी किया है। वित्त मंत्री ने कहा कि ग्लोबल सिस्टम यानी वैश्विक व्यवस्था बदल रही है और इंटरनेशनल इंस्टीट्यूशंस अब वर्ल्ड कम्युनिटी का भरोसा खो रही हैं। हाल की जी-20 मीटिंग का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि एक्सपर्ट्स ने इन इंस्टीट्यूशंस में सुधार की जरूरत पर चर्चा की, ताकि वैश्विक स्थिरता बहाल हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि अंतर्राष्ट्रीय नियमों को नए सिरे से लिखा जा रहा है और सामने आने वाली चुनौतियां बहुत बड़ी हैं। नया ग्लोबल बैलेंस कई कारकों को ध्यान में रखकर बनाना होगा।

# वांगचुक की हिरासत को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत गिरफ्तार सोनम वांगचुक की पत्नी गीतांजलि जे. अंगमो ने उनकी रिहाई के लिए उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है।

श्रीमती अंगमो ने संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका गुरुवार को दायर कर अपने पति की गिरफ्तारी को अवैध बताया है। उन्होंने अपनी याचिका में अपने पति पर एनएसए लगाने पर सवाल उठाते हुए दावा किया कि उनकी गिरफ्तारी अवैध और नियमों का



■ वांगचुक की पत्नी गीतांजलि ने याचिका दायर की

उल्लंघन है। उन्होंने यह भी कहा कि गिरफ्तारी के बाद उनके पति से कोई संपर्क नहीं हो पाया।

# भारतीय जेट गिराने के दावे 'मनोहर कहानियां': एपी सिंह

## आईएएफ चीफ ने कहा: पाकिस्तान के पास अगर सबूत हैं, तो दिखाए

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** वायुसेना प्रमुख एयरचीफ मार्शल एपी सिंह ने शुक्रवार को कहा कि पाकिस्तान की तरफ से भारत के जेट गिराने के दावे सिर्फ मनोहर कहानियां जैसे हैं। अगर उनके पास कोई सबूत हैं, तो दिखाएं।

भारत ने उनके पांच फाइटर जेट तबाह किए हैं, जिसमें एफ-16 और जे-17 भी शामिल हैं। ऑपरेशन सिंदूर को लेकर एपी सिंह ने कहा कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान में 300 किमी अंदर घुसकर हमला किया। पहलगाम अटैक के बाद हमने तय किया कि उन्हें इसकी कीमत चुकानी ही होगी। सेना को खुली छूट दी गई थी। हमने सटीकता से हमला किया। बाद में पाकिस्तान खुद युद्धविराम के लिए आगे आया। यह दूसरी बार है, जब एयरफोर्स चीफ ने पाकिस्तान के हुए नुकसान की जानकारी दी। इससे पहले 9 अगस्त को उन्होंने बताया था कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के 5 लड़ाकू विमान गिराए गए थे। इसके अलावा एक सर्विलांस एयरक्राफ्ट को लगभग 300 किलोमीटर की दूरी से मार गिराया। यह सतह से हवा में टारगेट हिटिंग का अभी तक का रिकॉर्ड है। एयरफोर्स चीफ ने कहा कि अगर उन्हें लगता है कि उन्होंने हमारे (भारत) 15 जेट मार गिराए हैं, तो उन्हें सोचने दीजिए। मैं इसके बारे में बात क्यों करूं? आज भी, मैं इस बारे में कुछ नहीं कहूंगा कि क्या हुआ, कितना नुकसान हुआ, कैसे हुआ, क्योंकि उन्हें पता करने दीजिए। क्या आपने एक भी तस्वीर देखी है जहां हमारे किसी एयरबेस पर कुछ गिरा हो, हमें कोई टक्कर लगी हो, कोई हैंगर तबाह हुआ हो, या ऐसा कुछ? हमने उन्हें उनकी जगहों की इतनी सारी तस्वीरें दिखाईं। लेकिन, वे हमें एक भी तस्वीर नहीं दिखा पाए। ये उनकी 'मनोहर कहानियां' है। उन्हें खुश रहने दीजिए, आखिरकार, उन्हें भी अपनी इज्जत बचाने के लिए अपने लोगों को कुछ तो दिखाना ही है। मुझे इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। जहां तक पाकिस्तान के नुकसान का सवाल है। हमने बड़ी संख्या में उनके हवाई अड्डों और प्रतिष्ठानों पर हमला किया। इन हमलों के कारण, कम से कम चार स्थानों पर रडार, दो स्थानों पर कमांड और कंट्रोल सेंटर, दो जगह पर रनवे क्षतिग्रस्त हो गए। इसके अलावा तीन हैंगर भी नष्ट किए और कम से कम 4 से 5 लड़ाकू विमान भी तबाह किए गए। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में आतंकियों के नए अड्डे बनाने-की खबरों पर एपी सिंह ने कहा, जाहिर है, यह होना ही था।




■ सेना ने पाकिस्तान में 300 किमी अंदर घुसकर हमला किया था

### भारत ने पाक के एफ-16 और जे-17 गिराए

## दुनिया के नक्शे में रहना है, तो आतंकवाद रोके पाक: सेना प्रमुख

**जयपुर/श्रीगंगानगर।** राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले के अनूपगढ़ में शुक्रवार को सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने पाकिस्तान को कड़ा संदेश दिया।

उन्होंने कहा कि यदि पाकिस्तान विश्व मानचित्र पर अपनी जगह बनाए रखना चाहता है, तो उसे अपनी धरती पर आतंकवाद को प्रायोजित करना बंद करना होगा। जनरल द्विवेदी ने सैनिकों को संबोधित करते हुए यह स्पष्ट किया कि भारत अब ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दिखाए गए संयम को दोहराएगा नहीं। सेना प्रमुख ने सैनिकों से पूरी तरह तैयार रहने को कहा। उन्होंने कहा कि अब अपने आप को पूरी तरह तैयार रखें, यदि भगवान ने चाहा, तो मौका जल्द आएगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत इस बार पहले जैसा संयम नहीं दिखाएगा और ऐसी कार्रवाई करेगा, जो पाकिस्तान को अपनी स्थिति पर विचार करने के लिए मजबूर कर दे।



# लूट में शामिल एक लाख का इनामी महताब उर्फ गलकटा मुठभेड़ में ढेर

शाह टाइम्स संवाददाता

**बुढ़ाना।** सोने-चांदी के कीमती आभूषण व नगदी लूटने वाला इनामी बदमाश महताब उर्फ गलकटा शुक्रवार देर रात मुठभेड़ में ढेर हो गया। बदमाश पर एक लाख का इनाम घोषित हुआ था।

एसपी देहात ने मौके पर पहुंचकर पुलिस टीम को शाबाशी दी। 14 सितम्बर को तीन अज्ञात लुटेरों ने तमंचों के बल पर सर्राफ दादा पौत्र नेमचंद वर्मा और शिवम वर्मा से लाखों रुपये कीमत के सोने चांदी के जेवर और नगदी लूट ली थी। तब पुलिस ने सुरागरसी करते हुए 21 सितम्बर को मुठभेड़ के दौरान कुछ लुटेरों को गोली मारकर पकड़ लिया था। इनमें से महताब उर्फ गलकटा पुत्र अब्बास



निवासी सौंटा रसूलपुर थाना थानाभवन जिला शामली नाम का बदमाश फरार चल रहा था। जिस पर एक लाख रुपये का इनाम रखा हुआ था। आज पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर उक्त बदमाश को मुठभेड़ में मार गिराया। स्वर्णकार समाज ने इस लूट के खुलासे पर पिछले माह ही सीओ गजेंद्र पाल सिंह और कोतवाल सुभाष अत्री को भी सम्मानित किया था। इस मुठभेड़ में गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी के प्रभारी ललित कसाना और कांस्टेबल अली भी घायल हो गए। पुलिस टीम ने मौके से सर्राफा व्यापारी से लूटी हुई एक किलो चांदी और सोना व दो पिस्टल भी बरामद की हैं। मुठभेड़ के दौरान बुढ़ाना कोतवाली प्रभारी सुभाष अत्रि व शाहपुर थाना प्रभारी मोहित बदमाश मेहताब की गोली लगने से बाल-बाल बच गए। मुजफ्फरनगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा और पुलिस अधीक्षक ग्रामीण आदित्य बंसल के नेतृत्व में एक सप्ताह में दूसरा बदमाश पुलिस मुठभेड़ में ढेर हुआ। पांच दिन पहले मीरापुर में एक लाख का इनामी नईम कुरैशी मारा गया था, तो आज बुढाना में एक लाख का इनामी मेहताब मुठभेड़ में मारा गया।

### पोंजी स्कीम मामले में ईडी ने की 61.53 लाख रुपये की संपत्ति कुर्क

**नई दिल्ली।** ईडी पणजी क्षेत्रीय कार्यालय ने हाल ही में रंगगीता एंटरप्राइजेज से जुड़े मामले में गोहिल जयकुमार और अन्य संबद्ध लोगों की विभिन्न तरह की चल और अचल संपत्ति कुर्क की है। इनमें 61.53 लाख रुपये मूल्य के दो आवासीय फ्लैट, एक सावधि जमा और इक्विटी शेयरों के रूप में अन्य चल और अचल संपत्तियां शामिल हैं। ईडी ने गोवा पुलिस के आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ द्वारा गोहिल और अन्य के खिलाफ आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज एक प्राथमिकी के आधार पर पीएमएलए जांच शुरू की।

# कश्मीर में सीजन की पहली बर्फबारी



**नई दिल्ली।** कश्मीर में शुक्रवार को सीजन की पहली बर्फबारी हुई।

गुलमर्ग, सोनमर्ग और गुरेज में पहाड़ों की चोटियां सफेद हो गई हैं। एक तरफ ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी हुई, तो श्रीनगर सहित अन्य मैदानी इलाकों में हल्की बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग ने गुरुवार को कहा था कि जम्मू-कश्मीर में 5-7 अक्टूबर तक भारी बारिश और बर्फबारी का अनुमान है। हालांकि, इससे पहले ही बर्फबारी और बारिश हो गई। इससे पर्यटकों में उत्साह देखा गया। स्थानीय लोगों के बीच त्योहार जैसा माहौल हो गया है।

# देश में बाल-विवाह में छह गुना इजाफा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** देश में बाल विवाह रोकने के लिए सख्त कानून होने के बावजूद हालात चिंताजनक होते जा रहे हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2023 में बाल विवाह के मामले 2022 की तुलना में छह गुना बढ़ गए।

रिपोर्ट बताती है कि साल 2023 में 6,038 मामले दर्ज किए गए, जबकि 2022 में केवल 1,002 और 2021 में 1,050 मामले दर्ज हुए थे। इस तरह तीन सालों में बाल विवाह से जुड़े मामलों में अचानक बड़ी बढ़ोतरी देखी गई है। सबसे ज्यादा मामले असम में दर्ज हुए, जहां अकेले 5,267 केस सामने आए। यह पूरे देश में दर्ज कुल मामलों का करीब 90 फीसदी है। इसके अलावा, तमिलनाडु में 174, कर्नाटक में 145 और पश्चिम बंगाल में 118 मामले दर्ज हुए। वहीं, छत्तीसगढ़, नागालैंड, लद्दाख और लक्षद्वीप में साल 2023 में एक भी केस दर्ज नहीं हुआ। एनसीआरबी रिपोर्ट के मुताबिक, बाल

### असम में सबसे ज्यादा केस, शादी के लिए 16 हजार से ज्यादा लड़कियों का हुआ अपहरण

विवाह के लिए 16,737 लड़कियों और 129 लड़कों का अपहरण किया गया। इस रिपोर्ट के आने के बाद विशेषज्ञों का कहना है कि ये डेटा बताता है कि बाल विवाह के खिलाफ कानून होने के बावजूद जमीनी स्तर पर अभी भी जागरूकता और सख्त कार्रवाई की जरूरत है। दुनिया के एक तिहाई बाल विवाह



भारत में होते हैं। बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के तहत 18 साल से कम उम्र की लड़की और 21 साल से कम उम्र के लड़के का विवाह करना प्रतिबंधित है। इतना ही नहीं, जो लोग शादी करवाते हैं या उसमें मदद करते हैं, उनके खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की जाती है। 26 सितम्बर को संयुक्त राष्ट्र आम सभा के दौरान एक कार्यक्रम में जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन की रिपोर्ट 'टिपिंग पाइंट टू जीरो: एविडेंस टुवर्ड्स ए चाइल्ड मैरिज फ्री इंडिया' जारी की गई थी। इसमें दावा किया गया था कि भारत ने बाल विवाह रोकथाम में बड़ी उपलब्धि दर्ज की है। रिपोर्ट में बताया गया था कि 2023 से अब तक 4 लाख बाल विवाह रोके गए हैं। बाल विवाह निरोधक कानून बनने के बाद यह सबसे बड़ी संख्या है। दरअसल, 2023 में संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने कहा था कि इस रफ्तार से यह कुरीति खत्म करने में 300 साल लग जाएंगे।

Global HR Solutions
Kyrgyzstan (Bishkek)
जल्द जरूरत है !
जॉब्स उपलब्ध:
• वेल्डर (3G & 4G ARC) • राज मिस्त्री
• कंस्ट्रक्शन लेबर • सिलाई टेलर
वेतन: 700 USD प्रति माह (नेट)
टैक्स कम्पनी देगी
आवश्यक दस्तावेज़:
• रेफरेन • योग्यता प्रमाणपत्र
• सर्विस सर्टिफिकेट • वेल्डर टेस्ट रिपोर्ट
सम्पर्क करें :-
+91 8630026067

## संक्षिप्त समाचार

### उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के स्टाफ पर हमला, मुकदमा दर्ज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के स्टाफ पर क्राइम ब्रांच में तैनात इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह और उनके बेटों ने हमला कर घायल कर दिया। पीड़ित की शिकायत पर गोमतीनगर विस्तार थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस के मुता. बिक यह घटना बीती रात करीब नौ बजे हुई। उपमुख्यमंत्री कार्यालय में तैनात लैब असिस्टेंट रवींद्र शुक्ला अपनी कार से परिवार के साथ लौट रहे थे। इसी दौरान उनकी गाड़ी की टक्कर इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह की कार से हो गई। गाड़ी टकराने के बाद शुरू हुआ विवाद इंस्पेक्टर के घर तक पहुंचा। आरोप है कि अनिल कुमार सिंह अपने बेटों के साथ मिलकर रवींद्र से गाली-गलौज करने लगे और मारपीट की।

### जल्द ही अपना राजनीतिक काम शुरू करेंगे खड़गे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे अब स्वस्थ हो गए हैं और जल्द ही पार्टी की गतिविधियों के काम में लग जाएंगे। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार खड़गे अब बिल्कुल स्वस्थ हैं और वह पहले की तरह पार्टी के काम में सक्रिय हो जाएंगे। डॉक्टरों ने उनको गुरुवार शाम को अस्पताल से छुटी दे दी थी। वह बेंगलुरु में मंगलवार से गुरुवार तक डॉक्टरों की देख-देख में रहे। पार्टी ने उनके स्वस्थ होने को लेकर यहां एक बयान में शुक्रवार को कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को अस्पताल से छुट्टी मिल गयी है। वह स्वस्थ हैं और सभी को शुभकामना देने के लिए धन्यवाद देना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि मेरा इरादा जल्द ही अपना काम शुरू करने का है।

### आगरा में मूर्ति विसर्जन के दौरान भीषण हादसा

# नदी में डूबे 13 युवक, पांच लाशें निकाली गईं

**आगरा, वार्ता**



■ बुलाई गई सेना, अब तक भी आठ का पता नहीं चल सका

आगरा के खेरागढ़ स्थित उटंगन नदी में मां दुर्गा की मूर्ति विसर्जन करने के दौरान दर्दनाक हादसा हो गया। गांव कुसियापुर डूगरवाला के 13 युवक गहरे पानी में डूब गए। हादसे से अफरा-तफरी मच गई।

ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद एक युवक विष्णु को बचा लिया। डेढ़ घंटे बाद पुलिस की मदद से दो युवकों ओमपाल और गगन के शव निकाले गए, जबकि देर रात एक अन्य किशोर मनोज का शव मिल गया। इसके बाद दो अन्य युवकों की लाशें भी शुक्रवार सुबह बाहर निकाल ली गईं। अब भी आठ का पता नहीं चल सका है। अब अन्य की तलाश के लिए सेना को बुलाया गया है। खेरागढ़ में मूर्ति विसर्जन करते डूबे एक और युवक भगवती का शव बरामद कर लिया गया। इसे देखकर मृतक परिवार में कोहराम मच गया। उटांगन नदी में विसर्जन करते समय 13 युवक और किशोर डूब गए थे। उन्हें निकालने के लिए रात भर आपरेशन चलता रहा। पुलिस और प्रशासन की टीम के साथ एसडीआरफ लगी रही।

अब तक चार के शव बरामद कर लिए गए है। ग्रामीण घटना स्थल पर मौजूद हैं। रात में गुस्सा आए लोगों ने एसडीएम की गाड़ी को भेज दिया उसके शीशे तोड़ दिया सुबह आप पर पुलिस आयुक्त रामबदन सिंह ने मोर्चा संभाला। लोगों को माइक से अनाउंस कर कहा कि वह संयम बरतें। पुलिस को अपना काम करने दें। कोई पानी की तरफ ना जाए, जिससे किसी तरह का हादसा हो। उधर रात भर गांव में करुण क्रंदन गूंजता रहा। चूल्हे नहीं जले। अब तक गगन, ओमपाल, मनोज और भगवती के शव मिल चुके हैं। ए हादसा दोपहर 1 बजे हुआ। खेरागढ़ के गांव कुसियापुर में चामड़ माता के मंदिर के पास नवरात्र में मां दुर्गा की मूर्ति स्थापित की गई थी। दशहरा पर मूर्ति के विसर्जन के लिए गांव के 40-50 पुरुष, महिलाएं और बच्चे उटंगन नदी के पास पहुंचे। इनमें विष्णु (20), ओमपाल (25), गगन (24), हरेश (20), अभिषेक (17), भगवती (22), ओके (16), सचिन पुत्र रामवीर (26), सचिन पुत्र ऊना (17), गजेंद्र (17) और दीपक (15) गहरे पानी में चले गए। ग्रामीणों के मुताबिक सभी डूबने लगे। बचाव के साधन नहीं होने की वजह से वह लोग कुछ नहीं कर सके। बाद में कुछ ग्रामीणों ने हिम्मत की और पानी में कूदकर विष्णु को बाहर निकाल लिया।

### नवरात्र के नौ दिन की खुशियां, फिर दर्दनाक हादसा, डूब गए दो भाई

आगरा। उत्साह, मस्ती और खुशी के कुछ समय बाद चीखें, गम और मातम। यह दृश्य बन गया फतेहाबाद के गांव कुसियापुर का। नवरात्र के अंतिम दिन गांव के दर्जनों लोग देवी मां की मूर्ति विसर्जित करने धूमधाम के साथ निकले। उस समय किसी को नहीं मालूम था कि यह खुशियां एकदम से मातम में बदल जाएंगी। मूर्ति विसर्जन के समय गांव के ओमपाल और गगन की यमुना में डूबने से मौत हो गई। दोनों परिवार में मौत की सूचना से चीख-पुकार मच गई। एक मां को विसर्जित करते समय किसी ने नहीं सोचा था कि दूसरी मां की गोद में उनके लाडले समा जाएंगे। गांव कुसियापुर के ओमपाल और गगन भी ग्रामीणों के साथ गुरुवार को यमुना में देवी मां की मूर्ति विसर्जित करने गए थे। ओमपाल अपने परिवार का पालन करने वाला एकमात्र सहारा था। उसके पिता रमेश चंद्र का पहले ही देहांत हो चुका है।

# मुफ्त दवा के नाम पर मौत बांट रही है सरकार: कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ राजस्थान सरकार खरीद रही सेंपल फेल हुई दवाएं

कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी की सरकार दवा कंपनियों के साथ साथ साठ गांठ कर काले धंधे का खेल कर आम लोगों तथा मासूमों के जीवन के साथ खिलवाड़ कर रही है।

कांग्रेस महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला ने शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में एक अखबार में छपी खबर का हवाला देते हुए कहा कि सरकार ऐसी दवाओं का वितरण कर रही है, जिनके सैंपल एक बार नहीं, 40 बार फेल हुए हैं, लेकिन सरकार के साथ मिलीभगत से इन दवाओं का वितरण किया जा रहा है। इसके साथ ही उन्होंने एक खबर भी पोस्ट की है, जिसमें लिखा है, जिस कंपनी के 40 सैंपल फेल हुए, राजस्थान सरकार ले उससे दवा रही, नतीजा दो बच्चों की मौत। उन्होंने कहा कि जिस कंपनी की दवा के सैंपल फेल हो रहे हैं, लेकिन उसी दवा कंपनी को राजस्थान की भाजपा सरकार ने प्रदेश भर में दवा आपूर्ति का ठेका दे रखा था। इस दवा कंपनी के सिरप पीने से सीकर में दो बच्चों की मौत हो गयी है और इसके तीन दर्जन से ज्यादा बार सैंपल फेल हुए हैं। यह कंपनी पहले से ही ब्लैकलिस्टेड है। कांग्रेस नेता ने कहा कि कमीशनखोरी के चक्कर में राजस्थान के लोगों और मासूमों की ज़िंदगी से खिलवाड़ करने वाली भाजपा सरकार, दवा के नाम पर मुफ्त 'मौत का सामान' बांट रही है।

# बरेली बवाल में नया खुलासा: आईएमसी मीडिया प्रभारी मुनीर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ मौलाना को खुश करने के लिए पोस्ट डाल भड़काया माहौल

**बरेली।** मौलाना तौकीर रजा की पार्टी इत्तेहाद -ए-मिल्लत काउंसिल (आईएमसी) के मीडिया प्रभारी मुनीर इदरीसी व फैजान सकलैनी समेत दो आरा. पी गिरफ्तार कर जेल भेज दिए गए। कोतवाली से ही दोनों आरो. पियों को दाखिल किया गया।

मुनीर की गिरफ्तारी उसके घर से दिखाई गई। बिहारीपुर क्षेत्र निवासी मुनीर इदरीसी काफी समय से इत्तेहादे मिल्लत कौंसिल का मीडिया प्रभारी है। सीओ प्रथम आशुतोष शिवम ने बताया कि शुक्रवार को मुनीर अपने घर से कहीं भागने की तैयारी में था, तभी उसे गिरफ्तार कर लिया गया। उससे पुलिस ने कोतवाली में पूछताछ की। उसने स्वीकार किया कि बवाल कराने को उसने भड़काऊ पोस्ट डाली थी। हालांकि उसने बताया कि मौलाना तौकीर की मंडली में शामिल सभी लोग खुद को ज्यादा होशियार दिखाकर मौलाना को खुश करने का प्रयास करते थे। उसने भी ऐसा ही किया। मुनीर ने बताया कि जब नफीस व नदीम ने भीड़ के न आने की आईएमसी की कथित चिठी वायरल की तो दूसरे साथियों के संग उसने भी मौलाना को भड़काने का काम किया। उसने शुक्रवार को सुबह से ही कुछ और वीडियो व मौलाना के तीखे बयान सोशल मीडिया पर समूह में वायरल किए। ऐसा करके उसनेफरहत व मौलाना की करीबी की काट करने की कोशिश की। मुनीर इदरीशी ने पुलिस को बताया कि मौलाना उसे हर महीने मामूली वेतन देता था। इससे उसका काम नहीं चलता था। इसके अलावा वह मौलाना से जुड़े लोगों से आर्थिक मदद लेकर अपने परिवार का खर्चा चलाता था।

# एनसीआरबी की रिपोर्ट पर अखिलेश ने उठाए सवाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ कहा: पक्षपात के चश्मे से नहीं 'पीड़ा भरी आंख' से भी देखा जाना चाहिए

**लखनऊ।** राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की 'क्राइम इन इंडिया 2023' रिपोर्ट में उत्तर प्रदेश में कानून-व्यवस्था के स्थिति की तारीफ की गई है।

रिपोर्ट के मुताबिक 2023 में यूपी में सांप्रदायिक और धार्मिक दंगों की संख्या शून्य रही। ऐसे में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश में दलित उत्पीड़न की बढ़ती घटनाओं को लेकर सरकार पर तीखा हमला बोला है। उनका कहना है कि भाजपा सरकार के कामकाज को सिर्फ़ पक्षपात के चश्मे से नहीं, बल्कि 'पीड़ा भरी आंख' से भी देखा जाना चाहिए। शुक्रवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट करते हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि एक आंकड़ा ए भी है। भाजपा सरकार के काम को सिर्फ़ पक्षपात के चश्मे से नहीं, पीड़ा भरी आंख से भी देखा जाए। उप्र में दलित दमन चरम पर है। उन्होंने सुझाव देते हुए कहा कि एक टीवी शो इस आंकड़े पर भी होना चाहिए। एक होर्डिंग इस सच का भी लगना चाहिए।

एक विस्तृत रिपोर्ट इस पर भी समाचार के रूप में प्रसारित-प्रकाशित होनी चाहिए। एक एसआईटी इसकी विवेचना के लिए भी बननी चाहिए। एक अध्याय इसके लिए भी, पाठ्यक्रम में जोड़ा जाए। घ्एक जांच आयोग इसके लिए भी बैठाया जाए। एक विशेष वाहिनी, दलित-दमन के उन्मूलन के लिए भी बनाई जाए। एक श्वेतपत्र इस काले अपराध पर भी आना चाहिए। एक रोड शो इस समस्या के बारे में भी जागरूकता फैलाने के लिए निकाला जाए। एक 'पांच हज़ार वर्षीय' आयोजन, इस ऐतिहासिक उत्पीड़न की 'पंच सहस्राब्दी' के रूप में, चेतना जगाने के लिए भी आयोजित किया जाए।

गौरतलब है कि एनसीआरबी के आंकड़ों के मुताबिक यूपी में अपराध दर राष्ट्रीय औसत से 25 प्रतिशत कम रही। देश में कुल अपराध दर 448.3 थी, जबकि यूपी में यह केवल 335.3 दर्ज की गई। रिपोर्ट में बताया गया है कि 2012-2017 के बीच यूपी में 815 दंगे हुए थे, जिनमें 192 लोग मारे गए, वहीं 2007-2011 में 616 घटनाओं में 121 मौतें हुई। इसके विपरीत 2017 के बाद कोई बड़ा दंगा नहीं हुआ। बरेली और बहराइच में हुई दो हिसक घटनाओं को भी सरकार ने 24 घंटे के भीतर नियंत्रित कर शांति बहाल कर दी।



सेंसेक्स 81715.63

निफ्टी 25056.90



सोना रु. 114547

प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 143140

प्रति किलो



# शेयर बाजारों में लगातार दूसरे दिन तेजी

**मुंबई, वार्ता**

### सेंसेक्स 224 अंक मजबूत



घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन तेजी रही और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 223.86 अंक (0.28 प्रतिशत) की बढ़त के साथ 81,207. 17 अंक पर बंद हुआ। लगभग पूरे दिन गिरावट के बाद अंतिम एक घंटे में लिवाली तेज होने से प्रमुख सूचकांकों में तेजी रही।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 57.95 अंक यानी 0.23 प्रतिशत ऊपर 24,894.25 अंक पर रहा। पिछले कारोबारी दिवस पर एक अक्टूबर को सेंसेक्स 716 अंक उछल गया था। ऑटो, रियलिटी और स्वास्थ्य को छोड़कर अन्य सभी सेक्टरों में लिवाली का जोर रहा। धातु और सार्वजनिक बैंकों के समूहों में सबसे अधिक तेजी रही। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, तेल एवं गैस, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, निजी बैंक और एफएमसीजी समूहों की कंपनियों में भी निवेशकों ने पैसा लगाया। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 15 के शेयर हरे निशान में और शेष 15 के लाल निशान में रहे। टाटा स्टील में सबसे अधिक 3. 40 प्रतिशत की तेजी रही। पावर ग्रिड का शेयर 3.15 प्रतिशत, एक्सिस बैंक का 2. 16 प्रतिशत, कोटक महिंद्रा बैंक का 1. 84 प्रतिशत और एलएंडटी का 1.69 प्रतिशत चढ़ा। बीईएल का शेयर 1.49 फीसदी, भारती एयरटेल का 1.48 और टाइटन का 1.37 प्रतिशत की बढ़त में रहा। एशियन पेंट्स, एनटीपीसी, भारतीय स्टेट बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और इंफोसिस के शेयर भी हरे निशान में रहे। टेक महिंद्रा में सबसे अधिक 1.11 प्रतिशत और मारुति सुजुकी में 1.06 प्रतिशत की तेजी रही। अल्ट्राटेक सीमेंट, सनफार्मा और आईसीआईसीआई बैंक के शेयरों में भी गिरावट रही। टीसीएस, रिलायंस इंडस्ट्रीज और आईटीसी के शेयरों के शेयर भी टूट गए। एनएसई में जिन 3,185 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ उनमें से 2,142 के शेयर बढ़त में और 960 के गिरावट में रहे, जबकि 83 कंपनियों के शेयर दिनभर के उतार-चढ़ाव के बाद अपरिवर्त बंद हुए। मझौली और छोटी कंपनियों में अधिक तेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचक. ांक 0.72 प्रतिशत और स्मॉलकैप- 100 0.69 प्रतिशत चढ़ गया। एशिया में शुरुआती कारोबार में हांगकांग का हैंगसेंग 0.54 प्रतिशत लुढ़क गया। जापान के निक्केई में 1.85 फीसदी और चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.52 प्रतिशत की तेजी रही।

### विदेशी मुद्रा भंडार घटकर 700.236 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 26 सितम्बर को समाप्त सप्ताह में 2.334 अरब डॉलर घटकर 700.236 अरब डॉलर रह गया, हालांकि स्वर्ण भंडार लगातार पांचवें सप्ताह बढ़कर रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। यह लगातार दूसरा सप्ताह है, जब विदेशी मुद्रा के देश के भंडार में गिरावट दर्ज की गयी है। इससे पहले 19 सितम्बर को समाप्त सप्ताह में 39.6 करोड़ डॉलर घटकर 702.57 अरब डॉलर रह गया था। आरबीआई के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार 26 सितम्बर को समाप्त सप्ताह में विद. ेशी मुद्रा भंडार का सबसे बड़ा घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 4.393 अरब डॉलर घटकर 581.757 अरब डॉलर पर आ गई। इसी दौरान स्वर्ण भंडार 2.238 अरब डॉलर बढ़कर 95.017 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जो इसका अब तक का उच्चतम स्तर है। स्वर्ण भंडार लगातार पांचवें सप्ताह बढ़ा है। आलोच्य सप्ताह में विशेष आहरण अधिकार नौ करोड़ डॉलर घटकर 18.789 अरब डॉलर और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 8.9 करोड़ डॉलर की कमी के साथ 4.673 अरब डॉलर रह गई। विदेशी मुद्रा भंडार के मामले में भारत अब रूस से पिछड़कर दुनिया में पांचवें स्थान पर आ गया है।

# चावल मजबूत, गेहूं नरम, खाद्य तेल दालों में रही घट-बढ़, चीनी के भाव टूटे



**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिस बाजारों में शुक्रवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए, जबकि गेहूं की कीमतों में मंदी रही। खाद्य तेलों और दालों के दाम में उतार-चढ़ाव देखा गया। चीनी का भाव भी टूट गया। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का दिसंबर वायदा चार रिंगिट की बढ़त के साथ 4,442 रिंगिट प्रति टन रह गया।

अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.04 प्रतिशत की गिरावट के साथ 50.42 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिस बाजारों में चावल की औसत कीमत 49 रुपए बढ़कर 3,841.46 रुपए प्रति कुंतल हो गयी। गेहूं के भाव तीन रुपए घटकर 2,864.91 रुपए प्रति कुंतल रहे। आटे की कीमत भी 36 रुपए गिर गयी और यह 3,310.96 रुपए प्रति कुंतल बिका। खाद्य तेलों में उतार.चढ़ाव देखा गया। सरसों तेल की औसत कीमत 19 रुपए बढ़ गयी। सूरजमुखी तेल 62 रुपए और मूंगफली तेल 120 रुपए प्रति कुंतल महंगा हुआ। वहीं सोया तेल की कीमत 45 रुपए और पाम ऑयल की 79 रुपए प्रति कुंतल घट गयी। वनस्पति के दाम 21 रुपए प्रति कुंतल टूटे। दाल-दलहनों में चना दाल की औसत कीमत आठ रुपए प्रति कुंतल बढ़ गई। मूंग दाल की औसत कीमत 45 रुपए और उड़द दाल की 101 रुपए प्रति कुंतल घट गई। तुअर दाल 33 रुपए और मसूर दाल में 25 रुपए प्रति कुंतल सस्ती हुई। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत 66 रुपए प्रति कुंतल गिर गयी। चीनी का भाव भी 20 रुपए प्रति कुंतल घट गया। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे :.दाल-दलहन: दाल चना 7914.38 रुपए, मसूर काली 8148.02 रुपए, मूंग दाल 10110.11 रुपए, उड़द दाल 10400.59 रुपए, अरहर दाल 10541.70 रुपए प्रति कुंतल। अनाज : (भाव प्रति कुंतल) गेहूं दड़ा 2864.91 रुपए और चावल 3841.46 रुपए प्रति कुंतल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4324.68 रुपए और गुड़ 5019.45 रुपए प्रति कुंतल बोले गए।

# राष्ट्रीय राजमार्गों पर लगेंगे परियोजना सूचक क्यूआर कोड साइन बोर्ड

■ सूचना देने को 'त्वरित प्रतिक्रिया कोड' वाले परियोजना सूचना साइन बोर्ड स्थापित करेगा

**नई दिल्ली।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) राष्ट्रीय राजमार्गों पर यात्रियों को सुविधाओं की जानकारी देने के लिए परियोजना विशिष्ट-जानकारी तथा आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर तथा उपलब्ध आवश्यक सेवाओं की सूचना देने के लिए 'त्वरित प्रतिक्रिया कोड' वाले परियोजना सूचना साइन बोर्ड स्थापित करेगा।

एनएचएआई ने यह जानक. ारी देते हुए बताया है कि इससे राष्ट्रीय राजमार्ग उपयोगकर्ताओं के लिए पारदर्शिता बढ़ाने और 'आवागमन में सुगमता' की सुविधा मिले सकेगी। इन साइन बोर्डों को आसानी से दिखाई देने वाली जगह पर स्थापित किया जाएगा और 'त्वरित प्रतिक्रिया कोड' लगाकर इनको राजमार्ग का उपयोग करने वालों के लिए ज्यादा युक्तसंगत बनाया जाएगा। इनके जरिए यात्रियों को राजमार्ग के किनारे स्थित सुविधाओं, विश्राम स्थलों, टोल प्लाजा, ट्रक ले-बाय आदि की जानकारी मिलेगी, जिससे राष्ट्रीय राजमार्ग उपयोगकर्ताओं को ज्यादा सुविधा मिल सकेगी। प्राधिकरण का कहना है कि ये ऊर्ध्वाधर क्यूआर कोड साइन बोर्ड परियोजना-विशिष्ट जानकारी भी देंगे, जिनमें राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या, राजमार्ग श्रृंखलन, परियोजना की लंबाई, निर्माण, रखरखाव अवधि, राजमार्ग गश्ती दल, टोल प्रबंधक, परियोजना प्रबंधक, रेजिडेंट अभियंता, आपातकाल. ीन हेल्पलाइन 1033, एनएचएआई क्षेत्रीय कार्यालय के विवरण के साथ-साथ नजदीक स्थित अस्पताल, पेट्रोल पंप, शौचालय, पुलिस स्टेशन, रेस्टोरेंट, टोल प्लाजा तक की दूरी, ट्रक ले-बाय, पंचर मरम्मत की दुकान और वाहन सेवा केन्द्र, ई-चार्जिंग स्टेशन आदि की जानकारी शामिल होगी। एनएचएआई का विश्वास है कि इस प्रयास के माध्यम से सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के साथ ही देश भर में राष्ट्रीय राजमार्गों के प्रति उपयोगकर्ता अनुभव और जागरूकता लाने और राजमार्ग सेवा को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी।

# राहुल विदेश में देश की छवि खराब कर रहे: भाजपा



■ 140 पुरानी पार्टी के नेता ने देश विरोधी बयान दिया

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने शुक्रवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर एक बार फिर विदेश में जाकर देश की छवि खराब करने का आरोप लगाया।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए यह आरोप लगाया। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि गांधी का नेता प्रतिपक्ष होना भारत के लिए शूल है। त्रिवेदी ने कहा कि देश में पिछले 36 घंटे में दो प्रकार के दृश्य देखने को मिले हैं, पहला 100 वर्षों से देश के लिए निरंतर समर्पित विश्व के सबसे बड़े सांस्कृतिक संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष का देशभर में समारोह होना। इस शताब्दी वर्ष के अवसर पर इतिहास में पहली बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मां भारती के अंकित चित्रों वाला 100 रुपए का स्मारक सिक्का जारी किया। दूसरी तरफ देश की 140 साल पुरानी पार्टी के नेता ने विदेश की धरती से एक और देश विरोधी बयान दिया है, जिसमें कुछ भी आश्चर्यजनक नहीं है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि ग्लोबल टाइम्स ने जनवरी 2023 में कहा कि भारत ने कुछ वर्षों में अपनी अर्थव्यवस्था में जिस तेजी से संस्थानिक सुधार (स्ट्रक्चर रिफॉर्म) किया है, उससे वह बहुत शक्तिशाली बना है। उन्होंने कहा कि सवाल यह उठता है कि कांग्रेस नेता गांधी जब विदेश जाते हैं, तो उन्हें कैंब्रिज यूनिवर्सिटी द्वारा दिसंबर 2024 में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत का डिजिटल ट्रासफॉर्मेशन पर हुई केस स्टडी और स्टेनफोर्ड द्वारा तैयार कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) इंडेक्स, जिसके अनुसार भारत एआई कौशल निवेश में पहले स्थान पर और एआई जीवंतता में शीर्ष चार देशों में शामिल है, क्यों नहीं दिखाई देता है। उन्होंने कहा कि गांधी इसी स्टेनफोर्ड यूनिवर्सिटी में जाकर भारत के बारे में अपशब्द, अपमानजनक और निरर्थक बातें करते हैं। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि दूसरा सवाल यह है कि कांग्रेस नेता में ऐसी कौन सी प्रतिभा है, जिसके लिए उन्हें विदेश के विश्वविद्यालय बुलाते हैं, जबकि कांग्रेस में एक से एक बुद्धिमान लोग हैं, उन्हें नहीं बुलाया जाता। श्री त्रिवेदी ने कहा कि जब गांधी को भारत के किसी भी विश्वविद्यालय में नहीं बुलाया जाता है, तो फिर सवाल उठता है कि उन्हें भारत के बाहर ही क्यों बुलाया जाता है।













**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# आश्वासन के बाद हाईवे टोल का धरना समाप्त

## दूसरी कम्पनी के नाम छुटा ठेका, पुराने कर्मचारी करेंगे काम, मृतक सह मैनेजर पाण्डे के परिवार को मिलेगा वेतन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपार।** हाइवे के छपार टोल पर टोल सह मैनेजर हत्याकांड के बाद से चल रहे धरने प्रदर्शन पर शुक्रवार को पूरी तरह खत्म हो गया है। धरना प्रदर्शन इसी शर्त पर खत्म हुआ कि जो उनकी मांगे थी वे सभी मांग मान ली गई है जिसमें दूसरी कम्पनी को ठेका छूट गया। एनएचएआई व टोल मालिकों ने हटाये गये कर्मचारियों को ड्यूटी पर लेने की घोषणा की जिस पर धरना समाप्त किया गया। त्यागी ब्राह्मण भूमिहार समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष मांगेराम त्यागी ने धरने पर बैठे कर्मचारियों व समर्थन करने वाले संगठनों की जीत बताया है उन्होंने टोल मालिकों से मृतक उपप्रबंधक के परिवार की मदद करने करने व



धरने पर कर्मचारियों को उन दिनों के वेतन देने की बात कही जिसे स्वीकार किया गया। सभी मांगे माने जाने पर सीओ सदर ने मौके पर जाकर टेंट को हटवा दिया। बारह दिन तक टोल पर हटाये गये कर्मचारियों द्वारा चलाए गये धरने ने शासन प्रशासन को हिलाकर रख दिया। धरने पर जनपद व गैर जनपदों से भी लगभग तीन दर्जन संगठनों पहुंचकर समर्थन दिया। टोल का ठेका दूसरी कम्पनी साऊथ ऐसियन प्राइवेट लिमिटेड को मिल गया। कम्पनी के कर्मचारी टोल पर पहुंच गये उनसे धरने पर बैठे कर्मचारियों की बातचीत हुई जिसका ब्योरा मांगेराम त्यागी ने नई कम्पनी के अधिकारियों को बुलाकर दिया।

कर्मचारियों को आश्वस्त किया कि सभी कर्मचारियों को ड्यूटी दी जायेगी। वेतन से कोई कटौती वापस नहीं ली जायेगी ।सीओ सदर ने कहा कि सुरक्षा के लिए पुलिस कर्मचारी मौजूद रहेगे। त्यागी ब्राह्मण भूमिहार समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने मांग की कि सभी कर्मचारियों को धरने के समय का वेतन दिया जाये ओर मृतक के परिवार को आर्थिक मदद व उसकी पत्नी को नौकरी देने को कहा जिसे टोल अधिकारियों ने स्वीकार कर लिया। धरना दे रहे कर्मचारियों ने क्षेत्रवासियों, संगठनों व मांगेराम त्यागी की जीत बताया। कम्पनी मालिक केशव भारद्वाज व विवेक भारद्वाज व मेनेजर जलदीप, प्रोजेक्ट हेड संतोष कुमार की मौजूदगी में सभी घोषणाएं की गई।

मांगेराम त्यागी ने बताया कि आगामी 5 अक्टूबर को टोल परिसर में ही मृतक उपप्रबंधक अरविंद पांडे की शोक सभा का आयोजन किया जायेगा। विपिन त्यागी, हिमांशु सरना, मुकेश त्यागी, अंकित गुर्जर युवा प्रदेश अध्यक्ष भाकियू तोमर, शुभम, सोनू त्यागी, जयदेव, निगम, सोनू, योगेश, पारुल, वर्षा, प्राची, पायल , करिश्मा आदि मौजूद रहे।

# महिला की वेशभूषा में चोरी का आरोपी दबोचा

■ कोतवाली पुलिस ने अलग-अलग मामलों में दो को भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नगर कोतवाली पुलिस ने ऐसे युवक को गिरफ्तार किया है जो महिलाओं के कपडे पहनकर घर में चोरी करने की वारदात करता है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से हजारों की नगदी व एक चाकू बरामद करना बताया है।

शहर कोतवाली पुलिस ने बताया कि दो अक्टूबर को नगर कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला कृष्णापुरी में तरूण पत्नी प्रवेश धीमान ने पुलिस को एक तहरीर देते हुए बताया था कि 27 सितम्बर की रात्रि को अज्ञात चोरो ने इसके घर से दो कैमरे, बीस हजार की नगदी व जेवर चोरी कर लिए है। पुलिस ने इस मामले को दर्ज कर लिया था। पुलिस द्वारा की गई जांच में आया था युवक ने महिला के कपडे पहनकर घर में चोरी की है। पुलिस ने इस मामले में समीर पुत्र फरीद निवासी खतौली को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी की तलाश घटना के दिन से ही की जा रही थी और समीर महिला की वेशभूषा में चोरी की घटना करता है। पुलिस ने बताया कि उसके विरूद्ध चार मुकदमे दर्ज है। और आरोपी को लिखापढ़ी के बाद जेल भेज दिया गया। वहीं पुलिस ने एक ओर मामले में अमन पुत्र दिलशाद निवासी खालापार को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चाकू बरामद होना बताया है। पुलिस ने एक ओर मामले में आपॅरेशन चक्रव्युह के तहत वसीम पुत्र सत्तार निवासी रूड़की हाल मिमलाना को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

# एसपी क्राइम ने स्कूल में छात्र-छात्रों को किया जागरूक

■ साइबर अपराध से बचने के बताए उपाय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मिशन शक्ति 5 के तहत शुक्रवार को एक इण्टर कॉलेज में छात्र-छात्राओं को जागरूक करते हुए पुलिस अधीक्षक अपराध इंदू सिद्धार्थ ने कहा कि महिलाएं जागरूक होकर ही अपराधियों को चुनौती दे सकती है। उन्होने कहा कि महिलाएं जितनी सशक्त होगी उतना ही समाज व राष्ट्र मजबुत होगा। इस दौरान साइबर इस्पेक्टर सुल्तान सिंह और गौरव चौहान व उनकी टीम ने स्कूली बच्चों को साइबर क्राइम से बचने के लिए तौर तरीके बताए। और उन्होने महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा सम्मान और सशक्ति के लिए मिशन शक्ति के तहत जनपद में कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही। इस दौरान मुख्य अतिथि नोडल अधिकारी और एसपी क्राइम ने जानकारी दी कि गांव कस्बे व महिलाओं को जागरूक करने के लिए डायल 112 हेल्पलाइन 181, वू-मैन पावर लाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 और सीएम हेल्पलाइन 1076 व अन्य सेवा संबंधी नम्बरों की जानकारी दी। उन्होने कहा कि किसी भी घटना में मदद के लिए इन नम्बरों को डायल किया जाए। इस दौरान साइबर क्राइम के संबंध में भी जागरूक किया गया।



बुढ़ाना: जुमे की नमाज को लेकर जिलाधिकारी, एसएसपी व एसडीएम पैदल भ्रमण करते हुए।




मुजफ्फरनगर: एडीएम प्रशासन, एसपी सिटी व कोतवाल ने खालापार में किया भ्रमण।

# गर्भवती महिला की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

**मुजफ्फरनगर।** नई मंडी क्षेत्र में रहस्मय में हालत बिगडने पर अस्पताल से मेरठ रैफर की गई गर्भवती महिला की मौत हो गई। महिला की मौत से मयके वालो में कोहराम मच गया और सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा दिया है। पुलिस का कहना है कि इस संबंध में अभी कोई तहरीर नहीं दी गई है।

नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के कूकडा क्षेत्र के निकट रहने वाली बीस वर्षीय राधा पत्नी सागर की हालत खराब होने पर उसको जिला अस्पताल लाया गया था महिला गर्भवती थी और मेरठ के एक अस्पताल में उसकी मौत हो गई। नई मंडी कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि जानकारी मिली थी और लडकी के मयके वाले भी यहां पहुंच चुके थे जब उनको महिला राधा की मौत की खबर लगी तो पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की छानबीन की। इस दौरान कुछ लोगों ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार भी किया, लेकिन पुलिस ने महिला का पोस्टमार्टम कराया है। फिलहाल इस संबंध में किसी ने कोई तहरीर नहीं दी है और महिला का अंतिम संस्कार कर दिया गया। मंडी कोतवाली प्रभारी ने यह भी बताया कि कुछ माह पूर्व ही महिला की शादी हुई थी और मौत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल पाएगा। उधर लडकी के मयके वालों का राधा की मौत को लेकर रो-रो कर बुरा हाल है और परिवार के लोग व मौहल्लेवासियों में राधा की मौत को लेकर तरह-तरह की चर्चाए है।

# धमकी भरी वीडियो वायरल करने का मुकदमा

## बुढ़ाना पुलिस आरोपी की तलाश में मुम्बई पहुंची

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**मुजफ्फरनगर।** आई लव मुहम्मद और अन्य भडकाऊ तथा धमकी की वीडियो वायरल होने के बाद बुढ़ाना पुलिस आरोपी की तलाश में मुम्बई पहुंच गई है। पुलिस की टीम अब तक कई स्थानों तक आरोपी की तलाश कर चुकी है। पुलिस का कहना है कि आरोपी ने धमकी देते हुए स्वयं ही अपना नाम पता वीडियो में वायरल किया है। सूत्रों को अनुसार आई लव मुहम्मद के नारे के चलते पूरी यूपी में हल चल मची हुई है। इसके बाद आई लव महादेव के बोर्ड भी लगा दिए गए थे और हिन्दू संगठन के लोगों ने प्रदर्शन करने की भी बात कही थी जिसके बाद पुलिस प्रशासन व खूफिया विभाग हरकत मे आ गया था जनपद के अधिकारियों ने अपने आला अधिकारियों को इस मामले की जानकारी दी थी इसके बाद पुलिस ने असामाजिक तत्वों पर बराबर नजर रखे हुई थी। खूफिया विभाग की नजर सोशल मीडियां पर भी बनी हुई है। और अब तक पुलिस कई लोगों पर कार्यवाही भी कर चुकी है। खालापार पुलिस ने तो कुछ टिप्पणी भरे पोस्टर बरामद कर कई लोगों को जेल भेजने की कार्यवाही भी की अब हाल में एक ओर नया मामला सामने आया है पुलिस का कहना है कि सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रही है और यह वीडियो बुढ़ाना क्षेत्र के युवक की बताई जा रही है अभी पुलिस एक मामले की जांच पड़ताल कर ही रही थी कि दूसरी वीडियों भी सामने आ गई जिसमें युवक धमकी दे रहा है और इस वीडियो में उसने अपना पूरा नाम पता भी बताया है। पुलिस ने इस मामले का तुरंत ही संज्ञान लिया और एसएसपी व एसपी देहात आदित्य बंसल के आदेश पर तुरंत ही इस मामले का मुकदमा दर्ज करते हुए युवक की तलाश की जा रही है। सूत्रों का कहना है कि बुढ़ाना पुलिस की टीम युवक की तलाश मुम्बई में ढेरा डाले हुए है।

आरोपी की लोकेशन मुम्बई की आने पर पुलिस उसकी तलाश कर रही है और कई स्थानों पर जांच पड़ताल भी की गई। पुलिस का कहना है कि युवक ने सौहार्द बिगाडने का प्रयास किया है। और उसके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

# डीएम व एसएसपी बुढ़ाना की सड़कों पर उतरे

## एडीएम, एसपी सिटी ने किया पैदल भ्रमण, कई स्थानों पर पुलिस की टीम रही तैनात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर/बुढ़ाना।** जुमे की नमाज के चलते मुजफ्फरनगर जनपद के जिला अधिकारी उमेश मिश्रा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने संयुक्त रूप से भारी पुलिस बल के साथ बुढ़ाना कस्बे और क्षेत्र में पैदल मार्च किया। इस दौरान दोनों आला अधिकारियों के साथ एसडीएम अपूर्वा यादव और सीओ गजेंद्र पाल सिंह भी मौजूद रहे। मिली जानकारी के अनुसार देश भर में चल रहे आई लव मौहम्मद प्रकरण के कारण और जुमे की नमाज के दौरान पुलिस प्रशासन सतर्क रहा। मस्जिदों पर सुरक्षा कड़ी रही और कई गांवो में फ्लैग मार्च हुआ। अधिकारियों ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की। डीएम ने बताया कि माहौल बिगाड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। हालांकि कस्बे और क्षेत्र मे कहीं पर भी किसी भी प्रदर्शन होने की कोई सूचना नहीं थी लेकिन पुलिस जुमे की नमाज के दौरान मस्जिदों के बाहर तैनात रही। इससे पहले पुलिस ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मिलकर फ्लैग मार्च किया और साथ ही लोगों से वार्ता की। देश भर में चल रहे उक्त प्रकरण को लेकर पुलिस व प्रशासन के आला अधिकारी सतर्क थे। प्रमुख मस्जिदों पर पुलिस कर्मियों की तैनाती कर दी गई थी। इससे पहले भी अधिकारियों ने लोगों से संपर्क करके शांति पूर्वक नमाज अदा करवाने को लेकर वार्ता की।

इधर जिलाधिकारी प्रशासन एवं पुलिसअधीक्षक नगर ने जुमे की नमाज सकुशल समपन्न कराने के लिए ड्यूटी पर लगे पुलिस बल को ब्रिफ कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एडीएम प्रशासन संजय कुमार सिंह, एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने अधीनस्थों के साथ पैदल गश्त कर चैकिंग अभियान चलाया। इस दौरान ड्रोन कैमरे से निगरानी भी की गई। जुमे की नमाज को लेकर पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने सोशल मीडिया एवं अन्य प्लेटफार्मों पर निगरानी की। उन्होने साफ संदेश दिया कि अफवाह व गलत सूचना फैलाने वालों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी प्रशासन व एसपी सिटी ने क्षेत्र में घुमकर लोगों को साफ संदेश दिया कि खूफिया विभाग भी अफवाह फैलाने वालों पर नजर रखे हुए है और असामाजिक तत्वों पर भी पुलिस प्रशासन की नजर है। इस दौरान क्षेत्र के लोगों ने भी पुलिस प्रशासन का सहयोग किया और जुमे की नमाज को सकुशल सम्पन्न कराई। नमाज के बाद पुलिस प्रशासन के अधिकारी वापस लौटे, लेकिन पुलिस फोर्स को कई स्थानों पर तैनात रखा गया। इसके बाद भी पुलिस व प्रशासन के अधिकारी अधीनस्थों से समय-समय पर जानकारी लेते रहे।

# 22 सालों से लोन दिलाने के नाम पर ठगी में 3 दबोचे

## हजारों गरीब महिलाओं से की ठगी, फर्जी आधार-क्रेडिट कार्ड व मोबाइल बरामद

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** भोली-भाली महिलाओं को लोन दिलाने का झांसा देकर हजारों रुपये की अवैध वसूली करने वाले गिरोह का पुलिस ने भंडाफोड़ कर दिया। गुरुवार की रात मुखबिर की सूचना पर वाहन चैकिंग के दौरान पुलिस ने गिरोह के तीन शातिर सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के पास से दर्जनों फर्जी आधार कार्ड, क्रेडिट कार्ड, मोबाइल फोन, फर्जी वोटर कार्ड, रजिस्टर, चाबी व फर्जी नम्बर प्लेट बरामद किए गए हैं। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि गिरोह के सदस्य पिछले करीब 22 वर्षो से महिलाओं को निशाना बना रहे थे।

हरियाणा और मिर्जापुर विंध्याचल से खतौली पहुंचकर ये युवक गांव और कस्बों में बाइक से घूमकर महिलाओं को 50 हजार रुपये का लोन दिलाने का लालच देते थे। इसके एवज में उनसे 2000 - 2000 रुपये तक की रकम ठगी कर वसूलते थे।

शिकायतकर्ता महिलाओं बीना पत्नी रामवतार निवासी फहीमपुर खुर्द, मधु पत्नी देवेंद्र, प्रभा पत्नी सुखपाल, आशा पत्नी सोनू, सुनिता पत्नी शिवकुमार, प्रतिभा पत्नी अरविंद, उमा पत्नी नीरज, पिंकी पत्नी सुमित सहित कई महिलाओं ने तहरीर देकर बताया कि आरोपी युवकों ने उनसे हजारों रुपये ठग लिए और फरार हो गए।

सीओ राम आशीष यादव के निर्देश पर कोतवाल दिनेश चंद्र बघेल के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर एसआई आरिफ अली, उपनिरीक्षक मनोज कुमार, कांस्टेबल बलबीर सिंह, नवीन कुमार, मुकेश कुमार तथा एसओजी टीम के उपनिरीक्षक मोहित सिंह, संजय सोलंकी, हेड कांस्टेबल जितेंद्र त्यागी, गुरनाम सिंह, कांस्टेबल रवि राणा ने मोहद्दीनपुर गांव के पास से बाइक सवार तीन युवकों राहुल पुत्र भुनेला सिंह निवासी विंध्याचल मिर्जापुर, विक्रम सिंह पुत्र ओमप्रकाश और साजन खान पुत्र फान खान निवासी बेड़ी खजूर, यमुनानगर (हरियाणा) को दबोच लिया।पुलिस ने बताया कि आरोपियों के पास से बरामद एक रजिस्टर में पूरी ठगी का हिसाब-किताब दर्ज मिला है। पूछताछ में सामने आया कि यह गिरोह 2021 से अब तक करीब एक से दो हजार महिलाओं को शिकार बना चुका है।

ठगी करने के बाद आरोपी कभी दोबारा उसी इलाके में नहीं जाते थे ताकि पकड़े न जा सकें।



मुजफ्फरनगर: विश्व मानक दिवस पर रैली को हरी झंडी दिखाती चेयरपर्सन व अन्य।



मुजफ्फरनगर: नगर में शुक्रवार को पूरे दिन जाम के झाम से जूझते रहे राहगीर।

# सामान खरीदते समय मानक चिन्हों को जरूर देखें

■ विश्व मानक दिवस पर निकाली जागरूकता रैली व हुई गोष्ठी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** विश्व मानक दिवस के अवसर पर भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) द्वारा मुजफ्फरनगर स्थित एक होटल में एक भव्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य आम जनता, विशेषकर उपभोक्ताओं को गुणवत्ता मानकों के महत्व के प्रति जागरूक करना था।

कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार मुख्य अतिथि, नगर पालिका चेयरमैन मीनाक्षी स्वरूप, प्रधानाचार्य आशीष द्विवेदी आदि उपस्थित रहे। उन्होंने अपने कहा कि मानक केवल तकनीकी शब्द नहीं, बल्कि एक सुरक्षित, स्वस्थ और भरोसेमंद जीवनशैली की बुनियाद हैं। उपभोक्ताओं को चाहिए कि वे उत्पाद खरीदते समय करक जैसे मानक चिन्हों को जरूर देखें। कार्यक्रम में उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं और मानक प्रक्रिया की जानकारी भी साझा की गई। इस अवसर पर एसडी पब्लिक स्कूल, एमजी पब्लिक स्कूल, होली चाइल्ड पब्लिक इंटर कालेज आदि स्थानीय स्कूली बच्चों द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। रंग-बिरंगे पोस्टरों और जागरूकता नारों के साथ बच्चों ने शहरवासियों को गुणवत्ता मानकों के प्रति सजग रहने का संदेश दिया। रैली से पूर्व बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। गीत, नृत्य, कविता और नुक्कड़ नाटकों के जरिए उन्होंने बताया कि मानकों का पालन जीवन को सुरक्षित और व्यवस्थित बनाता है। दर्शकों ने बच्चों की प्रस्तुति को खूब सराहा। कार्यक्रम के अंत में मानक जागरूकता के क्षेत्र में काम करने वाले अधिकारियों और प्रतिभागियों को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वैज्ञानिक प्रमख सौरभ तिवारी ने कार्यक्रम के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। तिवारी ने बताया कि भारतीय मानक ब्यूरो उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन कार्यरत एक स्वायत्तशासी निकाय है।

College Code- 1491
शिवा कॉलेज ऑफ फार्मेसी
Admission Open
Session 2025-26
(JEECUP COUNCILING START)
D. Pharma
- सरकारी फीस पर प्रवेश
- छात्राओं के लिए विशेष छूट एवं सुविधा
- अनुभवी शिक्षक
- आधुनिक प्रयोगशालाएं
- छात्रों के लिए मॉडर्न लाइब्रेरी एंव बुक बैंक की व्यवस्था




Contact No.
9690731170, 9411449915, 9927075234
पताः- नियर एनएच-58, जौली रोड, बिलासपुर, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.)

# दो वर्षीय बच्चे की पानी की बाल्टी मे डूबने से मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चरथावल।** थाना क्षेत्र के गांव निर्धना मे एक डेढ़ वर्षीय बच्चे की पानी से भरी बाल्टी मे डूबने से मौत हो गयी अचानक हुई बच्चे की मौत से परिवार सहित गांव मे कोहराम मच गया आनन फानन मे गांववासी मृतक बच्चे के घर की और दौड़े बताते चले की क्षेत्र के गांव निर्धना मे दो वर्षीय अलीशान पुत्र शाहनवाज अपने घर के आँगन मे ही खेल रहा था बच्चे की माँ अपने घर के कामकाज मे जुटी थी की खेलते खेलते अलीशान बाथरूम की और चला गया और बाथरूम मे पानी से भरी बाल्टी रखी हुई थी पानी से भरी बाल्टी मे अलीशान घुस गया जिसके बाद बाल्टी मे पानी अधिक होने के कारण अलीशान के सर से ऊपर पानी पहुंच गया और अलीशान की पानी मे डूबने से मौत हो गयी कामकाज निपटाकर अलीशान की माँ ने उसकी खोजबीन कीस लेकिन अलीशान का कही अता पता नहीं चला घर के बाहर गली मुहल्ले मे भी उसको ढूंढा लेकिन कही कोई सुराग नहीं लगा जिसके बाद बाथरूम मे देखा तो अलीशान पानी की बाल्टी मे मृत पड़ा हुआ हेस जिसको उठाकर परिजन डाक्टरो के ले जाना चाहते थे लेकिन अलीशान की मरे हुए भी समय बीत चूका था अलीशान की अचानक हुई मौत से परिवार मे कोहराम मच गया परि. जनों का रो रोकर बुरा हाल था वही तीन वर्ष पूर्व ही आलीशान के पिता शाहनवाज की शादी हुई थी और अलीशान अपने माता पिता की जेठी औलाद था शाहनवाज मुंबई मे रहकर वेल्डिंग का कार्य करता था और अपने परिवार का पालन पोषण करता हेस परिजनों सहित गांव मे बच्चे अलीशान की मौत से कोहराम मच गया सभी मृतक के परिजनों को सांत्वना देते नजर आए वही परि. जनों का बुरा हाल था प्रमुख समा. जसेवी शाहआलम सहित अनेको गणमान्य मोके पर परिजनों को दिलासा देते नजर आए

## सिद्धपीठ काली माता मंदिर से पूजा-अर्चना के बाद हुई शोभायात्रा शुरू

**मीरापुर।** कस्बे में श्री महाकाली मंडल के तत्वावधान में गत वर्षों की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए 59वां माता महाकाली का झंडा हर्षोल्लास के साथ निकाला गया। सिद्धपीठ काली माता मंदिर से विधिवत पूजा-अर्चना के बाद झंडा शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ।

शोभायात्रा नगर की परिक्रमा करते हुए प्रमुख मार्गों से गुजरी। नगरवा. सियों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर श्रद्धापूर्वक स्वागत किया। यात्रा में सजीव झांकियां, आकर्षक बैंड-बाजे और भक्तों की टोली विशेष आकर्षण का केंद्र रही। कई स्थानों पर काली माता को भोग अर्पित किया गया तथा श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया गया। शोभायात्रा के दौरान नगर पूरी तरह भक्तिमय रंग में रंग गया। इस अवसर पर महिला-पुरुष, बच्चे और बुजुर्ग सभी श्रद्धा से माता के जयकारे लगाते हुए साथ चल रहे थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में विनोद कुमार रस्तौगी, संजय मुदगल, स्वदेश रस्तौगी, अजय मोहन शर्मा, सरदार गुरुभेज, शीतल कारीगर, धर्मेंद्र रस्तौगी, रोहित माहेश्वरी, रमन रस्तौगी, अर्पित रस्तौगी सहित कई कार्यकर्ताओं का विशेष सहयोग रहा।

## कमलनगर से रहस्मयी ढंग से युवक लापता

**मुजफ्फरनगर।** शहर के कमलनगर क्षेत्र से एक 27 वर्षीय युवक आशीष पाल पुत्र ब्रजवीर बीती रात से रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गया है।

परिजनों का कहना है कि युवक देर शाम घर का ताला लगाकर चाबी अंदर डालकर घर से निकला था, लेकिन रात भर लौटकर नहीं आया। युवक की शादी को अभी केवल एक साल ही हुआ है, जिससे परिजनों की चिंता और भी बढ़ गई है।

परिवार ने युवक के लापता होने की सूचना स्थानीय नई मंडी कोतवाली व चौकी में दी है, जिसके आधार पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर तलाश तेज करने का आश्वासन दिया है।

### पूरा गांव उमरपुर भाकियू से जुड़ा....

# अनुज बालियान जिंदाबाद के लगे खूब नारे



**बुढ़ाना।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट आज शुक्रवार के दिन उस समय और भी अधिक मजबूत दिखाई दिया जब हजारों की संख्या में गांव उमरपुर के लोग भाकियू के कार्यक्रम में उमड़ पड़े और अनुज बालियान, विकास त्यागी, संजीव पंवार, सुधीर सहरावत और इसरार अहमद सहित भाकियू जिंदाबाद के नारे गर्मजोशी से लगाते हुए भाकियू में शामिल हो गये। यह अनोखा कार्यक्रम रहा जिसमें बहुत भीड़ रही। ग्रामीणों ने खुले मंच से कहा कि भाकियू ही अकेला ऐसा संगठन है जो सभी की सुनवाई करता है और समस्याओं का भी समाधान करता है। चाहे वो भसाना चीनी मिल का एक साल का आंदोलन हो या फिर समय समय पर भ्रष्ट सरकारी विभागो के आफिसों का घेराव करने का कार्यक्रम हो सभी में भाकियू का बोलबाला है और भ्रष्ट अधिकारी भी इस संगठन से डरते हुए कार्यकर्ताओं का कम ही उत्पीड़न करते हैं। यहां पर भव्य पंडाल ग्रामीणों से पूरा भरा हुआ देखकर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाकियू जिला उपाध्यक्ष अनुज बालियान और जिला संगठन मंत्री विकास त्यागी भीड़ देख बहुत खुश नजर आए और कहा कि जब आप लोगों ने आज भाकियू में आस्था दिखाई है तो वे भी इस भरी सभा में ऐलान करते हैं कि किसी भी ग्रामीण का उत्पीडन नहीं होने दिया जाएगा और उनकी समस्याओं का समाधान एक एक करके प्रथमिकता के आधार पर किया जाएगा। तहसील अध्यक्ष संजीव पंवार, ब्लाक अध्यक्ष सुधीर सहरावत प्रधान व बुढ़ाना नगर अध्यक्ष इसरार ने कहा कि वे आप सभी के साथ हैं। आपने वाकई में भाकियू को और भी मजबूत कर दिया है। जल्दी ही एक बड़ा प्रोग्राम किया जाएगा। जिसमें चौधरी नरेश टिकैत और चौधरी राकेश टिकैत को बुलाया जाएगा। सभा में संगठन की मजबूती पर बल दिया गया। बैठक में सैंकड़ों युवाओं ने सदस्यता भी ली। जिनका मालाएं पहनाकर स्वागत किया गया। यहां पिंटू बालियान, तैमूर राणा, इंद्रपाल, मंजूर हसन, ऋषिपाल, शहज़ाद, शादाब पहलवान व कल्लू आदि हजारों ग्रामीण मौजूद रहे।

# चंधेडी में विधायक निधि से बनेगी चौपाल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** चंधेडी गांव में अनुसूचित जाति की चौपाल का लेंटर गिरने से भारी भरकम मलबे में दबे दलित ग्रामीण देशवीर सिंह की दो दिन पहले दर्दनाक मौत गई थी। बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के रालोद विधायक और विधान मंडल दल के नेता राजपाल सिंह बालियान आज शुक्रवार के दिन गांव चंधेडी में पहुंचे। जहां पर उन्होंने पीडित परिवार से मिलकर उनकी कुशलक्षेम पूछी। विधायक ने पीडित परिवार को अधिक से अधिक सरकारी आर्थिक सहायता दिलवाने का आश्वासन दिया। उन्होंने इस घटना को लेकर अफसोस व्यक्त किया। विधायक ने बताया कि गांव की इस चौपाल के निर्माण के लिए उन्होंने ग्रामीणों को 07 लाख रूपये देने का आश्वासन दिया था पर किही कारण वश उनका यह प्रस्ताव पास नही हो सका था। इस मौके पर रालोद जिलाध्यक्ष संदीप मलिक, अजीत राठी, शकुल सहरावत, सुरेंद्र सहरावत व ग्राम प्रधान पुरूषोत्तम आदि कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# दरोगा रेनू ने किया छात्राओं को जागरूक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**तितावी।** मिशन शक्ति अभियान के तहत कस्तूरी देवी स्कूल में छात्राओं और महिलाओं को जागरूक किया गया। इस दौरान तितावी थाने की दरोगा रेनु और महिला सिपाहियों ने उन्हें सुरक्षा संबंधी जानकारी दी। दरोगा रेनु ने बताया कि मिशन शक्ति अभियान नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए समर्पित है। उन्होंने छात्राओं में आत्मविश्वास भरते हुए कहा कि किसी भी समस्या के लिए पुलिस की मदद निभर्किता से मांगें।उन्होंने छात्राओं से कहा कि वे खुद को कमजोर न समझें। उन्हें अपने अंदर निडरता और कठोरता की भावना लाकर अपराधियों का डटकर मुक. ाबला करना चाहिए। उन्होंने महिलाओं और छात्राओं को रानी लक्ष्मीबाई की तरह सशक्त बनने के लिए प्रेरित किया। राज्य सरकार द्वारा महिलाओं से संबंधित अपराधों को रोकने के लिए चलाई जा रही विभिन्न हेल्पलाइन सेवाओं की जानकारी दी। इनमें मुख्यमंत्री हेल्पलाइन (1076), वीमेन पावर लाइन (1090), वीमेन हेल्पलाइन (181), पुलिस आपातकालीन सेवा (112), साइबर हेल्पलाइन (1930), चाइल्ड लाइन (1098), स्वास्थ्य व एम्बुलेंस सेवा (102/108) और अग्निशमन सेवा (101) शामिल हैं। इस दौरान छात्राओं के अलावा स्कूल स्टाफ मौजूद रहा।

# तहसील स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** पिकेट इंटर कॉलेज, खतौली में शुक्रवार को तहसील स्तरीय शैक्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं का शुभारंभ धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय प्रबंध समिति के प्रबंधक रैव्ह एल.टी. गिल एवं प्रधानाचार्य संजीव कुमार वर्मा ने माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

गत वर्ष के चौम्पियन खिलाड़ी ने मशाल दौड़ कर मैदान का चक्कर लगाया, जिसके बाद प्रतिभागियों ने आकर्षक मार्च पास्ट प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में आए अतिथियों का स्वागत तिलक एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर किया गया। तत्पश्चात छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत व रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

प्रतियोगिता चार दिन चलेगी, जिसमें दो दिन बालिकाओं एवं दो दिन बालकों की प्रतियोगिताएं होंगी। पहले दिन केवल बालक वर्ग की प्रतियोगिताएं आयोजित हुई। प्रतियोगिताओं को सफल बनाने में तहसील क्रीड़ा प्रभारी प्रदीप लाल, विकास मोतला, शुभम पाल, विकास गौरव, वीरेंद्र सिंह, कृष्णपाल, विक्रांत चौधरी, रविंद्र सिंह, अरविंद एस.लाल और अशोक कुमार का विशेष योगदान रहा।

विजेता खिलाड़ी में 800 मीटर दौड़ (जूनियर वर्ग) में प्रथम आशीष कुमार (के.के. जैन इका.), द्वितीय, गौरव (सरस्वती इका.), तृतीय विशाल (प्राणनाथ इका.), 800 मीटर दौड़ (सबजूनियर वर्ग), प्रथम हिमांशु (सीताशरण इका.), द्वितीय वंश (सरस्वती इका.), तृतीय इशांत (पिकेट इका.), 800 मीटर दौड़ (सीनियर वर्ग), प्रथम हिमांशु (के. के. जैन इका.), द्वितीय सौरभ (के.के. जैन इका.), 100 मीटर दौड़ (सबजूनियर वर्ग), प्रथम आदित्य पाल (सीताशरण इका.), द्वितीय शगुन (बाबू सिंह स्मारक इका.), तृतीय शैंकी (सीताशरण इका.),100 मीटर दौड़ (सीनियर वर्ग), प्रथम शैंकी (के. के. जैन इका.), द्वितीय अभिषेक (प्राणनाथ इका.), लंबी कूद (जूनियर वर्ग), प्रथम सागर (सीताशरण इका.), द्वितीय जतिन कुमार (सीताशरण इका.), तृतीय विदेश (प्राणनाथ इका.), गोला फेंक (सीनियर वर्ग)( प्रथम कृष्ण (जे.एल.एन.एस. इका.), द्वितीय अंशुल (सीताशरण इका.), तृतीय सागर (पिकेट इका.), गोला फेंक (जूनियर वर्ग), प्रथम वंशित (एम.डी. एस. इका.), द्वितीय हर्ष राठी (एम.डी. एस. इका.), तृतीय रूप (प्राणनाथ इका.), गोला फेंक (सबजूनियर वर्ग), प्रथम अनिरुद्ध (सीताशरण इका.), द्वितीय प्रियांश (सरशादी लाल इका.), तृतीय गिरधर (सरशादी लाल इका.), लंबी कूद (सबजूनियर वर्ग,प्रथम शगुन (बी.एस.एस. इका), द्वितीय, आदित्य (सीताशरण इका.), तृतीय अभिनव (पिकेट इका.), 100 मीटर दौड़ (जूनियर वर्ग), प्रथम कृष्णा (सीताशरण इका.), तृतीय विदेश (प्राणनाथ इका.) एवं वंश (जनता इका.), लंबी कूद (सीनियर वर्ग), प्रथम प्रियांशु (पिकेट इका.), द्वितीय शैंकी (के.के. जैन इका.), तृतीय अर्पित (जे.एल.एन.एस. इका.), 1500 मीटर दौड़ (सीनियर वर्ग), प्रथम विराट (के.के. जैन इका.), द्वितीय अभय सोम (के.के. जैन इका. ), 1500 मीटर दौड़ (जूनियर वर्ग), प्रथम वंश राठी (देव पब्लिक इका.), द्वितीय विशाल (प्राणनाथ इका.), तृतीय कार्तिक (के.के. जैन इका.), 400 मीटर दौड़ (सीनियर वर्ग), प्रथम अनुज चौधरी (प्राणनाथ इका.), द्वितीय पंकज (के.के. जैन इका.), तृतीय वंश (प्राणनाथ इका.), 400 मीटर दौड़ (जूनियर वर्ग), प्रथम वंश राठी (देव पब्लिक इका.), द्वितीय आदित्य (जनता इका.), तृतीय लक्ष्य (जे.एल.एन.एस. इका.), 400 मीटर दौड़ (सबजूनियर वर्ग), प्रथम हिमांशु (सीताशरण इका.), द्वितीय वंश (सरस्वती इका.), तृतीय हर्षित (जनता इका.),भाला फेंक (जूनियर वर्ग), प्रथम विकास (जनता इका.), द्वितीय कार्तिक (के.के. जैन इका.), तृतीय मनीष (सरस्वती इका.), भाला फेंक (सीनियर वर्ग), प्रथम अंशुल राणा (सरस्वती इका.), द्वितीय देव (जे.एल.एन.एस. इका.), तृतीय कृष्णा (जे.एल.एन.एस. इका.), चक्का फेंक (जूनियर वर्ग), प्रथम (प्राणनाथ इका. ), द्वितीय अनिरुद्ध (प्राणनाथ इका.), तृतीय वंशित (एम.डी.एस. इंटर कॉलिज रहे।

# भरत मिलाप का मंचन देख भावविभोर हुए श्रद्धालु



**खतौली।** रामलीला महोत्सव के अंतर्गत शुक्रवार को थाम्रेवर मंदिर परिसर में भरत मिलाप का भावपूर्ण मंचन किया गया। इस अवसर पर नगर ही नहीं, आसपास के गाँवों से भी भारी संख्या में श्रद्धालु एकत्र हुए। राम-भरत के मिलन का ख्रश्य इतना हृदयस्पर्शी रहा कि दर्शक भावविभोर हो उठे और वातावरण जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा। भरत मिलाप प्रसंग रामायण का अत्यंत मार्मिक अध्याय है। कथा के अनुसार जब श्रीराम अयोध्या से वनवास पर गए और चित्रकूट में निवास कर रहे थे, तभी छोटे भाई भरत उन्हें वापस लाने पहुँचे। भरत ने राम से आग्रह किया कि वे अयोध्या लौटकर राजगद्दी संभालें, किन्तु श्रीराम ने पिता की आज्ञा का पालन करते हुए चौदह वर्ष का वनवास पूरा करने का संकल्प दोहराया। इसके बाद भरत ने श्रीराम की चरण पादुका सिंहासन पर स्थापित कर स्वयं प्रतिनिधि स्वरूप राज्य संचालन किया। रामलीला के कलाकारों ने इस प्रसंग को इतना सजीव रूप से प्रस्तुत किया कि दर्शकों की आंखें नम हो गईं। मंचन समाप्त होते ही श्र)ालुओं ने 'जय श्रीराम' के जयघोष से पूरा वातावरण गुंजायमान कर दिया। कार्यक्रम की व्यवस्थाओं में मास्टर तेजपाल, नरेश पालीवाल, अध्यक्ष गणेश शंकर पालीवाल, राजेन्द्र जैन, दुष्यन्त अन्नू, नवीन गुप्ता, एडवोकेट अनुज शर्मा, अनिल त्यागी, पंडित श्रीनिवास शर्मा, कन्हैयालाल मित्तल, सुनील वर्मा, बहन ब्रह्माकुमारी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# गृह विज्ञान परीक्षा परिणाम में भी रहा श्रीराम कॉलेज का दबदबा



**मुजफ्फरनगर।** श्री राम कॉलेज,के गृह विज्ञान विभाग की एमएससी द्वितीय सेमेस्टर की छात्राओं ने माँ शाकुम्भरी ब्श्वविद्यालय, सहारनपुर द्वारा घोषित परीक्षाफल में सर्वोत्तम अंक प्राप्त कर कॉलेज का नाम रोशन किया है।

माँ शाकुम्भरी ब्श्वविधालय, सहारनपुर द्वारा घोषित किये गये परीक्षा परिणाम में एम0एससी0 द्धहोम साइंसत्र्क्ष फूड एण्ड् न्यूट्रीशन के द्वितीय सेमेस्टर में आचल ने 76.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया हैं। नसीमा ने 73.8 प्रतिशत अंको के साथ द्वितीय स्थान और फिरदौस जैदी ने 72.6 प्रतिशत अंक से तृतीय स्थान प्राप्त किया। एम0एससी0 द्धहोम साइंसत्र्क्ष क्लोथिंग एण्ड् टेक्सटाइल के द्वितीय सेमेस्टर में अन्जू ने 75 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया हैं। अलमिशबा ने 70 प्रतिशत अंको के साथ द्वितीय स्थान और रश्मि ने 66.2 प्रतिशत अंक से तृतीय स्थान प्राप्त किया। एम0एससी0 द्धहोम साइंसत्र्क्ष होम मेंजमेंन्ट के द्वितीय सेमेस्टर अनुराधा 76 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया हैं। अर्शी ने 70. 6 प्रतिशत अंको के साथ द्वितीय स्थान और आयुषी 62.2 प्रतिशत अंक से तृतीय स्थान प्राप्त किया। कॉलेज में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं ने अपनी सफलता का श्रेय कॉलेज के शिक्षकों और अपने परिजनों को दिया। एम0एससी गृह विज्ञान फूड एण्ड् न्यूट्रीशन ,क्लोथिंग एण्ड् टेक्सटाइल एवं होम मेंजमेंन्ट की द्वितीय सेमेस्टर की छात्राओं ने बताया कि उन्होंने परीक्षा की तैयारी पूर्ण लगन और मेहनत से की थी, महाविद्यालय में तमाम शैक्षिक सुविधाओं द्वारा शिक्षको के मार्गदर्शन से ज्यादा से ज्यादा विद्यार्थियों को सफलता प्राप्त हुई।इस अवसर पर श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज् के चेयरमैन डॉ0 एस0सी0 कुलश्रेष्ठ ने सभी छात्राओं को उनकी सफलता के लिए आर्शीवाद प्रदान करते हुए कहा कि निरन्तर कठिन परिश्रम से सफलता सम्भव हो पाती है अत: युवाओं को निरंतर सफलता प्राप्ति के प्रयास करते रहना चाहिए।इस अवसर पर श्रीराम कॉलेज की प्राचार्या डॉ0 प्रेरणा मित्तल एवं श्रीराम कॉलेज् के डीन ऐकडेमिक डॉ0 विनीत कुमार शर्मा ने सभी छात्राओं को उनकी सफलता के लिए बधाई देते हुये उनके उज्जवल भविष्य की कामना की तथा विभाग के प्रवक्ताओं द्वारा छात्राओं की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की।

गृह विज्ञान विभाग की डीन डॉ0 श्वेता राठी ने सभी छात्राओं को उनकी सफलता पर बधाई देते उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

## कक्षा में कहासुनी के बाद छात्र के साथ की मारपीट

**भोपा।** कक्षा में हुई कहासुनी के बाद छुटी होने पर आरोपियों ने छात्र को घेर लिया। तथा छात्र को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित के परिजनों ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव फिरोजपुर निवासी प्रवीण कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि उसका पुत्र समर्थ मोरना स्थित इंटर कॉलेज में कक्षा छरू का छात्र है। शुक्रवार को समर्थ की कक्षा मे मौजूद अन्य छात्रों ने अकारण ही गाली गलौज करनी शुरू कर दी।समर्थ ने विरोध किया तो आरोपियों ने उसे छुटी के बाद स्कूल से बाहर देख लेने की धमकी दी छुटी के बाद समर्थ कॉलिज से बाहर आया।तभी आरो. पियों ने उसे घेर लिया। और बेल्ट आदि से वार कर लहूलुहान कर दिया।शोर सुनकर अध्यापक सहित आसपास के लोगों ने समर्थ की जान बचाई। परिजनों ने चार छात्रों के खिलाफ तहरीर देकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

### खोया पाया

में कबिंद्र कुमार पुत्र श्री ब्रहम पाल सिंह व बीरमति निवासी गांव ताहरपुर भभीसा कांधला जिला शामली यूपी का हूं। मेरी श्री चंदन लाल नेशनल इंटर कालेज कांधला की हाईस्कूल की सन 1998 की मार्कशीट जिसका अनुक्रमांक 0308803 है व इंटरमीडिएट की सन 2000 की मार्कशीट जिसका अनुक्रमांक नंबर 0128667 है। ये दोनों मार्कशीट वास्तव में खो गयी हैं। मैनें इन्हें काफी तलाशा मगर ये दोनों मार्कशीट नही मिली। जिस किसी को मिले तो निम्न पते पर संपर्क करे।

**प्रार्थी**
**कबिंद्र कुमार पुत्र ब्रहमपाल सिंह व बीरमति निवासी गांव ताहरपुर भभीसा कांधला जिला शामली यूपी।**

### सूचना

मेरा बैग सरकुलर रोड पर रास्ते मे कही खों गया है जिसमे मेरे अनेक कागजो के साथ पॉलीटेक्निक डिप्लोमा अनुक्रमांक 2386023956005 है जिसका ENROLLMENT NO/ E21160239500007 है।

**प्रार्थी**
**अभिषेक पुत्र श्री जेविन्द्र**
**निवासी ग्राम वहलना थाना खालापार तहसील सदर जिला मुज़फ्फरनगर**
**8941074809**

# मेले में गुम हुई मासूम को परिजनों से मिलवाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहपुर।** थाना शाहपुर पुलिस मिशन शक्ति टीम ने एक अत्यंत मानवीय व सराहनीय कार्य करते हुए दशहरा मेला, कस्बा शाहपुर में भीड़-भाड़ के दौरान अपने परिजनों से बिछड़ी हुई मासूम बच्ची को सकुशल खोजकर उसके माता-पिता को सौंपा। दशहरा मेले में भीड़भाड़ के दौरान एक नन्हीं बच्ची अपने परिजनों से बिछड़कर मेले में अकेली भटक रही थी। बच्ची को रोते हुए देखकर थाना शाहपुर पुलिस मिशन शक्ति टीम ने तुरंत उसे अपने संरक्षण में लिया। पुलिस टीम ने बच्ची को भरोसा दिलाते हुए शांत कराया और उससे परिजनों के बारे में जानकारी प्राप्त करने का प्रयास किया। पुलिस टीम ने तत्परता व संवेदनशीलता दिखाते हुए मेले के विभिन्न स्थानों पर अनाउंसमेंट कराए तथा परिजनों की तलाश शुरू की। पुलिस टीम के निरंतर प्रयासों के फलस्वरूप बच्ची के माता-पिता को ढूंढ लिया गया तथा आवश्यक सत्यापन कर बच्ची को सकुशल उनके सुपुर्द किया गया। अपनी खोई हुई बेटी को पाकर परिजनों की आंखों में खुशी के आंसू छलक उठे और शाहपुर थानाध्यक्ष मोहि. हत चौधरी, म0उ0नि0 श्रीमति रेखा रानी, म0का0 आरती के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया।

## मिशन शक्ति के तहत छात्राओं को हेल्पलाइन नम्बरों के बारे में किया गया जागरूक

**चरथावल।** नगर के आर्य कन्या इंटर कॉलिज ठाकुरद्वारे में शुक्रवार को मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अर्न्तगत मिशन शक्ति टीम चरथावल के द्वारा छात्राओं को हेल्पलाइन नम्बरों के बारे में जागरूक किया गया। साथ ही साइबर क्राइम के बारे में भी छात्राओं को जागरूक किया गया। चरथावल थाना प्रभारी जसवीर सिंह के नेतृत्व में मिशन शक्ति प्रभारी डोली,उपनिरीक्षक राज. ेश सिंह व महिला कांस्टेबल रवीना चौधरी ने चरथावल कस्बे के आर्य कन्या इण्टर कॉलेज में छात्राओं को मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अर्न्तगत जागरुक किया गया। ?अभियान के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश शासन द्वारा बालिकाओं के लिए समर्पित विभिन्न हेल्पलाईन नम्बरों ट्वीटर सेवा,डॉयल-112,हेल्प लाइन-181,वुमेन पावर लाइन-1090,चाइल्ड हेल्प लाइन-1098,सी0एम0 हेल्पलाइन-1076, वन स्टॉप सेन्टर-181, स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन-102 एंबुलेंस सेवा-108 आदि तथा जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने पर मिशन शक्ति केन्द्र आदि के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए पंफलेट आदि के माध्यम से जागरुक किया गया तथा महिला केन्द्रित विभिन्न सरकारी योजनाओं (निराश्रित महिला पेंशन योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढाओ, आयुष्मान योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना आदि) के सम्बन्ध में विस्तृत जानक. ारी देते हुए जागरुक किया गया।इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्राएं मौजूद रहे।

## मोबाईल लूट के दो आरोपी गिरफ्तार

**मीरापुर।** थाना रामराज क्षेत्र में हुए मोबाइल लूट की घटना का पुलिस ने खुला. सा कर दिया है। 25 सितंबर 2025 की सुबह 7 बजे तीन अज्ञात लोग प्लैटिनम प्लैटिना बाइक पर सवार होकर दूध डालने जा रहे युवक से मोबाइल छीनकर फरार हो गए थे। इस मामले में पीड़ित लवी कुमार पुत्र धर्मपाल सिंह निवासी खेड़ा मुजा. हिदपुर ने अज्ञात बाइक सवारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस लगातार आरोपियों की तलाश में जुटी हुई थी।थाना प्रभारी रवेन्द्र सिंह यादव ने बताया कि 3 अक्टूबर को खेड़ा मुजाहिदपुर से शाहपुर जाने वाले रास्ते पर पुलिस चेकिंग कर रही थी। इस दौरान एक बाइक पर सवार दो युवक संदिग्ध अवस्था में दिखाई दिए। पुलिस ने उन्हें रोककर तलाशी ली तो उनके पास से एक चाकू बरामद हुआ। कड़ी पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने 25 सितंबर को युवक से मोबाइल लूट की घटना को अंजाम दिया था। पकड़े गए आरोपियों की पहचान शुभम व सागर पुत्र तेजवीर निवासीगण ग्राम बस्तोरा नारंग, थाना हस्तिनापुर जिला मेरठ के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपियों से एक मोबाइल, एक मोटरसाइकिल और एक चाकू बरामद किया है। आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें चालान कर दिया गया है।

### नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम BAQIR RAZA ZAIDI से बदलकर BAQAR RAZA रख लिया है। भविष्य में मुझे अब BAQAR RAZA (बाकर रजा) नाम से जाना व पहचाना जाए।

**BAQAR RAZA**
**पुत्र स्व. जाकिर हुसैन**
**निवासी -539 किदवई नगर मुजफ्फरनगर ( यूपी )**

## गृह विज्ञान विभाग में मिशन शक्ति अंतर्गत हस्तनिर्मित सजावटी सामग्री पर कार्यशाला

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** श्री कुद-कुद जैन पीजी कॉलेज में गृह विज्ञान विभाग के तत्वावधान में मिशन शक्ति के अंतर्गत स्वरोजगार एवं कौशल विकास के प्रशिक्षण कार्यक्रमों की श्रृंखला में शुक्रवार को हस्तनिर्मित सजावटी सामग्री पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला की अध्यक्षता कॉलेज की प्राचार्या प्रोफेसर नीतू वशिष्ठ एवं मिशन शक्ति इंचार्ज डॉ. सपना जैन ने संयुक्त रूप से की। कार्यशाला की संयोजिका विभागाध्यक्ष डॉ. पूजा पुण्डीर सिंह रहीं। प्रशिक्षण की जिम्मेदारी डॉ. स्वेता मलिक, डॉ. पारुल शर्मा और एकता राजपूत ने संभाली। इस दौरान छात्राओं को कार्डबोर्ड रंगोली, मटका सज्जा, ख्रत्रिम पुष्पों द्वारा स्वागत सज्जा एवं बुके निर्माण जैसी कलाओं का प्रशिक्षण दिया गया। छात्राओं ने इन गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भागीदारी की। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य हस्तशिल्प को संरक्षण देना, सांस्ख्र तिक कलाओं को पीढ़ी दर पीढ़ी हस्तांतरित करना और महिलाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित कर आत्मनिर्भर बनाना बताया गया। कार्यशाला में छात्राओं ने अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन भी किया। पारुल की कार्डबोर्ड रंगोली, वंशिका के फोम से बने फूल और प्रिया की मिटी की सजीव मटकी ने सभी का मन मोह लिया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. आशीष जैन, मुकुल जैन, पारुल जैन, रजत गुप्ता और हर्ष का विशेष सहयोग रहा।

# संघ का शताब्दी उत्सव, बड़ी संख्या में हुए स्वयंसेवक शामिल



**खतौली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्धत्र्क्ष के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में नगर के सराय एवं बडसू मंडल में विजयदशमी उत्सव धूमधाम और गरिमा के साथ मनाया गया। उत्सव में संघ के विभिन्न स्तरों के दायित्वान कार्यकर्ता व सैकड़ों स्वयंसेवक शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता सराय मंडल में बिजेंद्र तथा बडसू मंडल में गौरव महंत निजानंद आश्रम, भूपखेड़ी) ने की। विशिष्ट अतिथि क्रमश: रमेश, सह खंड संघचालक खतौली और राजेंद्र, खंड संघ चालक खतौली रहे। मुख्य वक्ता सराय मंडल में दयानंद, जिला सामाजिक समरसता प्रमुख लक्ष्मीनगर तथा बडसू मंडल में सतीश, सह जिला कार्यवाह ने शताब्दी वर्ष की ऐतिहासिक यात्रा और संघ की समाज जीवन में भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने विजयदशमी उत्सव के महत्व को रेखांकित करते हुए स्वयंसेवकों से राष्ट्र निर्माण की दिशा में सक्रिय बने रहने का आह्वान किया। अपने उद्बोधन में वक्ताओं ने समाज में पाँच प्रमुख परिवर्तनों कुटुंब प्रबोधन,सामाजिक समरसता,पर्यावरण संरक्षण, नागरिक कर्तव्य,स्वदेशी का भाव पर बल दिया। उन्होंने कहा कि इन बिंदुओं को आत्मसात कर ही राष्ट्र को सशक्त एवं समृद्ध बनाया जा सकता है। दोनों मंडलों के कार्यक्रमों में 100 से अधिक स्वयंसेवक व दायित्वान कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन विधिवत हुआ और समापन राष्ट्रगीत के साथ किया गया।

### सूचना

मेरा नाम DR SHAHID ALI Q URESHI है जिसको मैने बदलकर SHAHID ALI QURESHI रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पुकारा जाये।

**शाहिद अली कुरैशी**
**पुत्र अनवार अली कुरैशी**
**निवासी 481/1, खालापार, मु.नगर तहसील व जिला-मुजफ्फरनगर**

## सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस ( CIIIT ), मुजफ्फरनगर, में प्रस्तावित निर्माण स्थल में आ रहे कुल 15 वृक्षो की नीलामी के सम्बन्ध में

### प्रेस विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस (CIIIT), मुजफ्फरनगर परिसर में प्रस्तावित निर्माण स्थल में खडे विभिन्न प्रजातियों के कुल 15 वृक्षों की सार्वजनिक नीलामी दिनांक 06.10.2025 समय दोपहर 01:00 बजे जिलाधिकारी, महोदय द्वारा गठित समिति के समक्ष किया जायेगा। इच्छुक खरीददार निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होकर नीलामी में भाग लेने का कष्ट करे। विभिन्न प्रजातियों के कुल 15 वृक्षों का निरीक्षण एवं नियम व शर्तो हेतु किसी भी कार्यदिवस में उपस्थित होकर सस्थान परिसर के नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है।

**( मुकेश प्रताप सिह )**
**प्रधानाचार्य**
**राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, मुजफ्फरनगर**

# सपाइयों ने पंजाब बाढ़ पीड़ितों को भेजी राहत सामग्री



**मुजफ्फरनगर।** समाजवादी पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की प्रेरणा से समाजवादी पार्टी मुजफ्फरनगर के नेताओं व पदाधिका. रियों के सहयोग से पंजाब बाढ़ पीड़ितों की सहायता हेतु राहत सामग्री भेजी गई।

समाजवादी पार्टी कार्यालय पर राहत सामग्री ट्रक को झंडी दिखाकर रवाना करते हुए 'सपा विधायक पंकज मलिक सपा जिलाध्यक्ष जिया चौधरी एडवोकेट ने कहा' कि हर किसी के दुख सुख में साथ खड़े रहना तथा आपदा संकट की घड़ी में मदद को आगे आना ही समाजवादी पार्टी की पहचान है। सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की प्रेरणा से ही हमारे पार्टी कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों की सहायता से अपने पंजाब के बाढ़ पीड़ितों भाई बहनों के लिए सहायता भेजी जा रही है। इस अवसर पर समा. जवादी पार्टी प्रदेश सचिव चौधरी इलम सिंह गुर्जर, प्रदेश सचिव नौशाद अली, महानगर अध्यक्ष बॉबी त्यागी, जिला महासचिव चौधरी विकिल गोल्डी अहलावत, जिला मीडिया प्रभारी साजिद हसन, जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह नीटू, सोमपाल सिंह कोरी, रविकांत त्यागी, पवन बंसल, राष्ट्रीय सचिव सपा युवजन सभा सचिन पाल, राष्ट्रीय सचिव समाजवादी बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी पूजा अंबेडकर सपा नेता इमलाक प्रधान, चौधरी यशपाल सिंह, बालेंद्र मौर्य, जिलाध्यक्ष यूथ ब्रिगेड राशिद मलिक, विधानसभा अध्यक्ष पुरकाजी संजीव आर्य, अनुज कुमार गुर्जर, पूर्व जिलाध्यक्ष समा. जवादी अल्पसंख्यक सभा डॉ इसरार अल्वी, डॉ नूर हसन सलमानी, सपा सोशल मीडिया प्रभारी नावेद रंगरेज, सरदार तरनजीत सिंह, इमरान खान एड., मीर हसन, शौर्य भारद्वाज, शशांक त्यागी, जुनेद आलम, शाहनवाज मलिक, लोकेंद्र कुमार सहित अनेक पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बहेडी रोहाना रेलवे फाटक पर पुल बनाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चरथावल।** ब्लाक क्षेत्र के गांव बहेडी रोहाना फाटक पर पुल बनाने की मांग लम्बे समय से क्षेत्रवासी कर रहे हे जनपद मुज़फ्फरनगर लोकसभा क्षेत्र बिजनौर मे यह क्षेत्र लगता हे वही बहेडी गांव चरथावल ब्लाक के अंतर्गत आता हे क्षेत्रवासी पुल बनाने की मांग से सांसद को भी अवगत करा चुके हेस लेकिन अभी तक कोई अमल नहीं हुआ हे चरथावल क्षेत्र के गांव बधाई कला के ग्राम प्रधान धर्मेंद्र कुमार ने बताया की बहेडी रेलवे फाटक घंटो घंटो बंद रहता हे जिससे लोगो को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ता हे यह मार्ग चरथावल थानाभवन से होकर हरियाणा को व रोहाना देवबन्द से होकर उत्तराखंड को जोड़ता हेस जिससे फाटक से गुजरने वाले लोगो को आने जाने मे काफ़ी दिक्क़तो का सामना करना पड़ता हे बहेडी मे सीएचसी चौबीस बेड का अस्पताल बन रहा हेस सोसायटी दफ्तर भी बन रहा हे गन्ने के सीजन मे अवरलोड ट्राले भी इस मार्ग से होकर गुजरते हे जिससे काफ़ी लम्बा जाम लग जाता हे स्कूल के बच्चे भी जाम मे फस जाते हे अगर इस फाटक पर पुल बन जाए तो लोगो को बड़ी निजात मिलेगी वही अनेको बार फाटक बंद मिलने से सीरियस मरीज के लिए भी परेशानी हो चुकी हे ग्रामीण अशोक त्यागी ने कहा की कुछ समय पहले भी अंडरपास बनाने की मांग उठाई गयी थी सर्वे कार्य भी पूरा हो चूका था लेकिन अभी तक निर्माण शुरू नहीं हो पाया है।

उधर वार्ड नंबर आठ से भावी उम्मीदवार जिला पंचायत सदस्य धर्मेंद्र प्रधान बधाई कला ने शासन प्रशासन व क्षेत्र के सांसद चंदन चौहान से मिलकर जल्द से जल्द पुल निर्माण की मांग उठायी हे जिससे की क्षेत्रवासियो सहित इस मार्ग से गुजरने वाले राहगीरों को बड़ी समस्या से निजात मिल सके।

# गढ़ी सखावतपुर में ठगों से बचने के दिए सुझाव



**बुढ़ाना।** ब्लाक क्षेत्र के गांव गढ़ी सखावतपुर के वार्ड नंबर 19 मे आज शुक्रवार के दिन बुढाना महिला थानाध्यक्ष सुमन शर्मा ने मिशन शक्ति 5 के तहत महिलाओं के साथ एक बैठक की। जिसमें उन्होंने महिलाओं को सायबर ठगों से बचने के उपाय बताए और कहा कि अगर आपके पास किसी भी अंजान नम्बर से काल आती है तो उसको इग्नोर करें।

किसी भी अपरिचित से वन टाइम पासवर्ड शेयर ना करें नहीं तो आपका बैंक बैलेंस पलक झपकते ही शून्य हो सकता है। उन्होंने महिलाओं और किशोरियों को वे नंबर भी बताए जिनको डायल करने से वे किसी भी बड़ी मुसीबत से बच सकती हैं। अगर आपको रास्ते में कोई भी परेशान करता है तो लाल मिर्च का पाउडर अपने पास रखें और उसकी आंखों में फैंककर मदद के लिए चिल्लाएं या फिर पुलिस या महिला हैल्प लाइन का नंबर डायल करें। उन्होंने कहा कि नारी अब अकेली नहीं हैं। पूरा सरकारी सिस्टम उसके साथ है। उन्होंने यहां पर नंबरों के पर्चे भी बांटे ताकि महिलाओं को सुरक्षा संबंधी नंबर याद हो सकें। उन्होंने सभी महिलाओं को अपना भी नंबर दिया और कहा कि अगर किसी भी तरह की दिक्कत है तो वे उनको भी सूचना दे सकती हैं। इस दौरान यहां पर सायबर क्राइम की टीम भी उपस्थित रही।

# 18 कबड्डी खिलाड़ियों का चयन

**छपार।** जिला फेडरेशन कबड्डी एसोसिएशन की ओर से गांव बसेड़ा में खिलाड़ियों का कैंप लगाकर ट्रायल लिया गया जिसमें 18 खिलाड़ियों का चयन किया। ओलम्पिक संघ के जिला सहसंयोजक ने बताया कि आगामी 11 अक्टूबर को जनपद एटा में होने वाली चैम्पियनशिप प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। गांव बसेड़ा में बृहस्पतिवार में खिलाड़ियों का कैंप लगाकर ट्रायल किया गया जिसमें 42 खिलाड़ियों ने भाग लिया।

ओलम्पिक संघ के जिला सहसहसचिव ने बताया किइसमें 75 किलोग्राम वर्ग तक जिला मुजफ्फरनगर के बच्चों का ही चयन किया गया है इसके लिए उत्तर प्रदेश को 4 जोन में बांटा गया। जिला ओलंपिक संघ के सह सचिव रामपाल सिंह, शमशाद सह सचिव जिला कबढी एसोसिएशन, बसेड़ा कबढी हेड कोच धर्मेंद्र सिंह, प्रवीण मास्टर जी, बालेंद्र, समाजसेवी रमन देशवाल, मोहम्मद इदरीश आदि मौजूद रहे।

# हुसैनपुर कलां में रामलीला कमैटी ने किए कई ग्रामीण सम्मानित

**बुढ़ाना।** बीती रात्रि गांव हुसैनपुर कलां में वार्ड नंबर 20 से जिला पंचायत सदस्य पद के प्रत्याशी मुर. सलीन कस्सार का रामलीला कमेटी ने स्वागत किया।



यहां मुरसलीन कस्सार ने कहा कि बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व दशहरा आज बहुत ही शानदार ढंग से मनाया गया है। इंसान को भी चाहिए कि वह पहले अपने अंदर के रावण को मार दे क्योंकि कहीं ना कहीं इंसान के अंदर भी एक रावण छिपा रहता है।

सामाजिक बुराइयों का आज से सभी को छोड़ने का संकल्प करना चाहिए। गांव में जो रामलीला का मंचन किया जाता है बहुत ही खूबसूरत तरीके से किया जाता है और जो रामलीला के कलाकार और कमैटी के लोग हैं वह गांव के ही हैं। बहुत ही शानदार अद्भुत गांव की रामलीला हिंदू मुस्लिम भाईचारे का भी प्रतीक है। हम सभी को मिलजुल कर रहना है। हिंदू मुस्लिम भाईचारे को बढ़ावा देना है। यहां रामलीला कमेटी के अध्यक्ष मंगल सेन, सुनील मास्टर, पूर्व प्रधान बारु, डॉक्टर सुबा. ध, रामकुमार चौहान, डॉक्टर अरुण, दीपक चौहान, अमित कश्यप, डॉक्टर पिंटू, संजय कात्यान, फिरोज, इलियास मास्टर, परवेज, मन्नू, मेहरबान, शाहिद अब्बासी, गुलशेर खान, शकील अंसारी, आजाद खान, तौफीक कुरैशी, रिजवान, हाजी इरशाद, अनुज, फरीद कुरैशी, यूनुस, डॉक्टर साहिल, रफीक, डॉक्टर सो. मिन, राहुल, आशु, भिखारी, लल्लू, सरताज, अमित, बादल, महेश, आलिम, रजत, मनोज, मोमीन, प्रदीप, संदीप, प्रदीप, इमरान आदि मौजूद थे।

# डाक्टर सोनू ने किया श्री राम का राजतिलक



**बुढ़ाना।** अहंकारी रावण का वध करते हुए 14 वर्ष के वनवास के बाद प्रभु श्रीराम, लक्ष्मण और माता सीता अपनों के बीच लौटे तो कस्बा बुढ़ाना के पारसी बस स्टैंड पर सैंकड़ों लोगों ने उनका राजतिलक करते हुए गाजे बाजे ढोल नगाड़ों के बीच फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया। यहां पर सभी श्रदालु जश्न में डूबे रहे। सभी ने भ्राता राम से लिपटकर उनका फूल मालाओं से स्वागत किया और उनका राजतिलक किया। राजतिलक होते ही यहां पर खुशियां मनाई गई। इस अवसर पर रामलीला समिति बुढ़ाना के कई पदाधिकारियों द्वारा सफल आयोजन के लिए पुलिस प्रशासन और बुढाना नगर पंचायत प्रशासन के अलावा लीला मंचन कलाकारों को भी सम्मानित किया गया। इस दौरान यहां पर सभी श्रदालुओं ने बारी बारी से भव्य मंच पर विराजमान श्री राम का तिलक करते हुए पुण्य लाभ अर्जित किया। इस दौरान मुख्य अतिथि कश्यप समाज बुढाना की खाप के चौधरी डाक्टर सोनू कश्यप, शुभम कश्यप, राजकुमार उर्फ पप्पू कश्यप, अनिल कश्यप, मुकेश कश्यप उर्फ नानू, राजू कश्यप उर्फ कल्लू, सोनू कश्यप, अजय पाल और मोनू शर्मा आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस दौरान यहां पर डाक्टर सोनू कश्यप ने कार्यक्रम के आयोजक और पूरी कमेटी का हार्दिक आभार जताया है।

## संक्षिप्त समाचार

### मोबाइल छिना, पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की गुम में

**बुढ़ाना।** कुल 21 सैकेंड का एक वायरल हुआ वीडियो बुढ़ाना पुलिस की कार्यशैली की पोल खोलता हुआ दिखाई दे रहा है। जहां पीड़ित युवक का मोबाईल सरेराह एक मोटर साइकिल पर सवार दो युवकों के द्वारा छीना गया है वहीं पुलिस ने पीड़ित का मोबाइल कहीं पर गुम होना दिखाया है। ये तहरीर कह रही है जो खुद बुढाना पुलिस ने बोलकर पीड़ित से लिखवाई है। पुलिस की इस तरह की कार्यशैली कस्बे में चर्चा का विषय बनी है।घ मिली जानकारी के अनुसार कस्बा बुढ़ाना में विगत दिवस एक मोटर साइकिल पर सवार दो अज्ञात बदमाश बड़ौत रोड पर एक युवक का मोबाइल उस समय छीनकर फरार हो गये थे जब वह रात्रि करीब आठ बजे फोन से बात करता हुआ अपने घर जा रहा था। पीड़ित युवक जब बुढ़ाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराने गया तो पुलिस ने खुद उससे तहरीर लिखवाकर मोबाइल को छीनने के बजाए गुम होना लिखवाया। जिस पर पीड़ित युवक ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर पर बुढ़ाना पुलिस की इस कार्यशैली की शिकायत की है।घ एक बाइक पर सवार लुटेरों द्वारा युवक से मोबाइल छीनने का वायरल वीडियो पुलिस के काम करने की पोल खोल रहा है। इस बारे में सीओ से बात हुई तो उन्होंने जांच की बात कही है।

### अफीम के साथ बाइक सवार तीन युवक गिरफ्तार

**भोपा।** गांव तिस्सा मार्ग पर करहेडा पुलिया के पास चेकिंग के दौरान पुलिस ने आपरेशन सवेरा के तहत बाइक सवार तीनों आरोपियों को अफीम समेत गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है।भोपा थाना प्रभारी निरीक्षक मुनीश कुमार ने बताया कि आपरेशन सवेरा के तहत अपराधियों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। गुरुवार शाम को उपनिरीक्षक साजिद खान, गौरव कुमार व अजय यादव की टीम करहेडा पुलिया के पास चेकिंग कर रही थी। तभी बाइक पर तीन संदिग्ध युवक आते दिखाई दिए जो पुलिस को देखते ही बाइक मोड़ने लगे। पुलिस ने उन्हें रोक लिया तथा तलाशी लेने पर उनके पास से अवैध मादक पदार्थ एक किलो 986 ग्राम अफीम बरामद हुई। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम विजय उर्फ सोनू राठी गांव शाहडब्बर थाना बुढाना, कपिल प्रजापति गांव परासौली थाना बुढाना व फूलचन्द निवासी गांव भुटो का बावनिया थाना कपासन जिला चित्तौडगढ राजस्थान बताए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर उन्हें कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया।

### जुमे पर शाहपुर में अलर्ट पर रही पुलिस

**शाहपुर।** थाना प्रभारी मोहित चौधरी द्वारा कस्बे में कानून एवं शांति व्यवस्था सुखद्ढ़ रखने हेतु थाना शाहपुर क्षेत्र में स्वयं भ्रमण कर पुलिस बल को ब्रीफ किया तथा संवेदनशील एवं भीड़-भाड़ वाले स्थलों पर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। अधिकारियों/कर्मचारियों को पैदल गश्त, चेकिंग एवं निगरानी बढ़ाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। थाना प्रभारी द्वारा बताया गया कि पुलिस द्वारा ड्रोन कैमरों से निगरानी की जा रही है। साथ ही पुलिस द्वारा सोशल मीडिया एवं अन्य मीडिया प्लेटफार्मों की लगातार निगरानी की जा रही है किसी भी प्रकार की अफवाह, भ्रामक संदेश अथवा गलत सूचना फैलाने वालों पर तत्काल कार्यवाही की जायेगी। पुलिस बल की सतर्कता, सक्रियता तथा जनसहयोग से जुम्मे की नमाज सकुशल एवं शांति-व्यवस्था के बीच सम्पन्न कराई गई।

### यूरोप से लेकर अमेरिका तक दिखा फिल्म अधूरा ख्वाब का जादू




**बुढ़ाना।** फैजुद्दीन सिद्दीकी की फिल्म अधूरा ख्वाब ने वर्ल्ड के फिल्म फेस्टिवल्स मे कई खिताब अपने नाम किए हैं। कुछ फेस्टिवल्स में अपनी मौजूदगी बनाये हुए है। अधूरा ख्वाब का नाम अब अमेरिका के प्रतिष्ठित इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में दर्ज हुआ है। अधूरा ख्वाब का नामांकन अमेरिका के ग्लोबल इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में हुआ है तो वहीं यूरोप में रोमानिया देश के ईस्टर्न यूरोप इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में अधूरा ख्वाब चयनित की गई है। सबा सिद्दीकी द्वारा निर्मित अधूरा ख्वाब फिल्म से जुड़े सब लोगों के ख्वाब पूरे कर रही है। फिल्म को इंटरनेशनल स्तर पर मिल रही कामयाबी जहां फिल्म से जुड़े लोगो को खुशी दे रही है वहीं देश के लिए भी गर्व की बात है। फिल्म में अली मर्चेंट, सोनिया शर्मा, मुरसलीन कुरैशी के अभिनय को खूब सराहा गया है। फैजुद्दीन की ये स्टोरी देहरादून के एक रीयल इंसिडेंट से जुड़ी है जिसे फैजुद्दीन ने अपनी कलम से तराशा है। फिल्म का निर्माण सबा सिद्दीकी, फैजुद्दीन व क्रिएटिव प्रोडड्यूसर शिव चौधरी हैं। फिल्म बुढ़ाना क्षेत्र में शूट हुई है। इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के बाद ये फिल्म थियेटर्स में रिलीज़ होगी। अधूरा ख्वाब वर्ल्ड के कई फेस्टिवल्स में गई है तथा अन्य फेस्टिवल्स में भी अपने सेलेक्शन का इंतजार कर रही है।

### देवल में होटल में चोरी

**मीरापुर।** थाना रामराज क्षेत्र के ग्राम देवल में चोरों ने एक होटल को निशाना बनाते हुए चोरी की वारदात को अंजाम दिया। अज्ञात चोर होटल से एक सिलेंडर, एक मिक्सी और इनवर्टर बैटरी चोरी कर ले गए। जानकारी के अनुसार ग्राम देवल निवासी ऋषिपाल सिंह पुत्र मुसद्दीलाल ने ग्राम पुट्ठी इब्राहिमपुर निवासी सुंदर सिंह पुत्र बबलू सिंह की टड्यूबवेल पर होटल बना रखा है। पीड़ित ने बताया कि 2 अक्टूबर को तबीयत खराब होने के कारण उसने होटल बंद कर घर लौट गया था। देर रात अज्ञात चोरों ने होटल का गेट तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। अगली सुबह होटल पहुंचने पर पीड़ित को घटना की जानकारी हुई। उसने तुरंत थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# श्रद्धा के साथ मनाई गई श्यामानंद महाराज की आठवीं पुण्यतिथि

**मोरना/ मुजफ्फरनगर।** तीर्थ नगरी शुकतीर्थ स्थित श्री संत मंडल आश्रम गरीब दासी में ब्रह्मलीन स्वामी श्यामानंद महाराज की आठवीं पुण्यतिथि श्रद्धा के साथ मनाई गई। जिसमें दूर दराज क्षेत्रों से आए अनुयायियों एवं साधु-संतो ने उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर शत शत नमन किया।



इस अवसर पर हवन यज्ञ एवं भंडारे का भी आयोजन हुआ। जिसमें साधु-संतों एवं ब्राह्मणों को भोजन कराकर दान दक्षिणा दी गई। समापन पर हरियाणा झज्जर छुडानी धाम के महामंडलेश्वर अवधूत स्वामी ब्रह्म स्वरूप महाराज ने कहा कि ब्रह्मलीन संत स्वामी श्यामानंद महाराज गांव गांव में घूमकर अपने भक्तों के पास जाया करते थे। उनके दुख दर्दों को सुनते थे। हमें संत महापुरुषों के द्वारा बताए गए रास्ते पर चलना चाहिए। सभा में संयोजक स्वामी विचारानंद उर्फ छोटू महाराज ने कहा कि ब्रह्मलीन संत स्वामी श्यामानंद महाराज ने जीवन भर समाज को दिशा देने का काम किया है। सभा को चौहान क्षत्रिय कल्याण महासभा के ठाकुर जयपाल सिंह, कृपाल दास महाराज, भाजपा किसान मोर्चा के क्षेत्रीय मंत्री अमित राठी, स्वामी निजानंद महाराज, ज्ञानानंद महाराज, मलूकानंद महाराज, कपिलानंद महाराज, धर्मानंद महाराज, गोपालानंद, ने संबोधित किया। कार्यक्रम में ट्रस्ट के अध्यक्ष सत्यवीर वर्मा, सतपाल सिंह चौहान, खेम सिंह चौहान, संजय प्रधान, देवेंद्र सिंह, धीरज पाल, सतवीर, ओमपाल सिंह मौजूद रहे।

# एसएसपी ने बुढ़ाना थाने का किया निरीक्षण



शाह टाइम्स संवाददाता

बुढ़ाना। एसएसपी संजय कुमार वर्मा जब आज शुक्रवार के दिन बुढ़ाना कोतवाली में पहुंचे तो सब पुलिसकर्मियों में हड़कंप मच गया। उन्होंने बुढ़ाना कोतवाली का औचक निरीक्षण करके बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक सुभाष अत्री को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने मिशन शक्ति केन्द्र, कोतवाली कार्यालय, माल खाना, बंदीगृह, संतरी पहरा और कम्प्यूटर कक्ष आदि स्थलों का निरीक्षण कर कार्यालय में रखे अभिलेखों का भी बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने त्यौहार रजिस्टर, अपराध रजिस्टर व टॉप-10 अपराधियों की सूची का अवलोकन कर अपराधियों पर और भी अधिक प्रभावी कार्यवाही करने हेतू और नये सिरे से टॉप-10 अपराधियों को चिन्हित करने के बाद वैधानिक कार्यवाही के लिए सीओ गजेंद्र पाल सिंह को निर्देशित किया। उन्होंने बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र में सभी शातिर अपराधियों व हिस्ट्रीशीटरों का सत्यापन करने, आम लोगों से अच्छा व्यवहार करने, महिला सम्बन्धी अपराधों की जांचकर प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही करने के लिए पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया और कोतवाली में तैनात पुलिसकर्मियों को लोगों के प्रति अच्छा व्यवहार करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने निरीक्षण के दौरान पीड़िता महिला से बात कर महिला पुलिस को जरुरी निर्देश दिए।

# भगवान राम के राजतिलक के साथ ही रामलीला महोत्सव का भव्य समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहपुर।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के राजतिलक के साथ ही शाहपुर में पिछले एक पखवाड़े से चल रहे सभी रामलीला महोत्सव का रात्रि में भव्य समापन हो गया, इस अवसर पर अपने मैराथन प्रयास से इस आयोजन को ऐतिहासिक बनाने में सहयोग देने वाले कमेटी के समस्त कार्यकर्ताओं, वृन्दावन धाम के कलाक. ारों पुलिस प्रशासन के साथ-साथ बीज गोदाम के अधिकारियों तथा मेन बाजार के व्यापारियों का हृदय से आभार ज्ञापित किया गया, बेहतरीन रामलीला का मंचन करने वाले कलाकारों को पारितोषिक भेंट कर सम्मानित किया गया। नगर के मेन बाजार स्थित श्री रामलीला मैदान में श्री आदर्श रामलीला कमेटी रजिस्टर्ड के नेतृत्व में आयोजित श्री रामलीला महोत्सव में इस बार विभिन्न वर्षो की तुलना में अधिकतम दर्शक गण भगवान राम के पावनतम चरित्र का प्रदर्शन देखने पहुंचे। इस बार वृन्दावन धाम की प्रसिद्ध कलाकार मंडली ने अपने अभिनय की अमिट छाप छोड़ी। रात्रि में रंगमंच पर 14 बरस के वनवास के बाद अयोध्या वापस लौटे भगवान राम लक्ष्मण एवं जानकी के भव्य स्वागत एवं भरत मिलाप का मंचन हुआ। इस मौके पर श्री आदर्श रामलीला कमेटी के मुख्य संरक्षक श्याम पाल भाई जी एवं स्टेज मंत्री मणिकांत मित्तल ने इस ऐतिहासिक कार्य को सफल बनाने में सहयोग देने पर शाहपुर थाना प्रभारी मोहित चौधरी सहित समस्त स्टाफ, विद्युत विभाग के अवर अभियंता श्याम किशोर पंडित, नगर के मेन बाजार स्थित रामलीला मैदान के समस्त व्यापारियों एवं फल एवं सब्जी विक्रेताओं एवं वृन्दावन धाम की कलाकार मंडली का आभार व्यक्त किया। कमेटी के अध्यक्ष सुनील मित्तल ने दिन रात मेहनत कर आयोजन को सफल बनाने में जुटे कमेटी के तमाम पदाधिकारियों एवं पर्दे के पीछे रहकर रामलीला कमेटी का अभिन्न अंग कहे जाने वाले कमेटी के समस्त कार्यकर्ताओं की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। श्री आदर्श रामलीला कमैटी के मुख्य संरक्षक श्यामपाल सिंघल, अध्यक्ष सुनील मित्तल, प्रबंधक बालेश सिंघल, उपाध्यक्ष अरूण मित्तल, भंवरपाल कश्यप, स्टेज मंत्री मणिकांत मित्तल, मान्यता प्राप्त पत्रकार सचिन सिंघल, अनिल बंसल आढ़ती, जुलूस



मंत्री मनोज अग्रवाल, प्रवेश गोयल, सुदेश अग्रवाल, दिनेश पाल नन्दा, सोनू सैनी, शशांक सिंघल, अमन मित्तल, बबलू नामदेव, विशाल कर्णवाल, श्यामलाल बच्ची सैनी, वरिष्ठ पत्रकार डॉ. अनुज अग्रवाल, प्रमोद गर्ग, शिवम सिंघल, विनित मित्तल आदि के नरेश कटारिया, चांदू कटारिया आदि का विशेष सहयोग रहा।

# आई लव प्रकरण पर भड़के मुफ्ती.....

**बुढ़ाना।** आज जुमे के दिन खुत्बे से पहले कूबा मस्जिद में लोगों को समझाते हुए मुफ्ती आस मौहम्मद कासमी ने कहा कि मुसलमान किसी भी तरह के भड़कावे से बचें। आजकल आई लव के नाम पर पूरे मुल्क में जो हंगामा बरपा है यह किसी भी तरह से मुनासिब नही है। अगर हम लोग सच्चे आशिक ए रसूल हैं तो नबी की बातों पर अमल करें। नबी पाक ने फ़रमाया है कि जिसने मेरी सुन्नतों से मोहब्बत की उसने मुझसे मोहब्बत की और जिसने मुझसे मोहब्बत की वह मेरे साथ जन्नत में होगा। दुनिया और आखरित की कामयाबी और नाकामी का दारोमदार नबी पाक की सुन्नतों पर चलने या नही चलने में है। हम मुसलमान हैं हमें नबी पाक से मोहब्बत का इज़हार उनकी सुन्नतों पर अमल करके करना चाहिए ना कि सड़कों पर जुलूस और जलसा करके। यह एक मुसलमान के लिए किसी भी तरह से मुनासिब नहीं है कि



वह किसी के भी बहकावे में आकर ऐसा काम करे जिससे बाद में मुश्किलें पैदा हो। सड़कों पर पोस्टर लहराकर व वीडियो वायरल करके यह नबी से मौहब्बत नहीं है। असली मौहब्बत तो वो है जब हम उनके बताए रास्तों पर चलें। झूठ, छल, कपट, फरेब, धोखाधडी व चालबाजी से दूर रहकर पांचों वक्त की नमाज पढ़ें, कुर्ता और टखनों से उपर पायजामा पहनें।

# गांधी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** जनपद मुज़फ्फरनगर में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील तेवतिया द्वारा 2 अक्तूबर को गांधी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती के अवसर पर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। इस अवसर पर कार्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर दोनों महापुरुषों के योगदान को याद किया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलकर देश को आज़ादी दिलाई। उनका जीवन सादगी, सेवा और त्याग का प्रतीक रहा है। वहीं लाल बहादुर शास्त्री ने 'जय जवान, जय किसान' का नारा देकर देश की असली ताक़त को पहचाना और राष्ट्रीय एकता को मजबूत किया।कार्यक्रम के दौरान मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत कार्यालय की महिला अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित भी किया गया। उनके द्वारा अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ दिव्या वर्मा, जिला मलेरिया अधिकारी अलका सिंह, जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी डॉ गीतांजलि वर्मा, एएनएम पुष्पा रानी अलमासपुर, आशा संगिनी निर्मला तथा ज्योति रानी को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिक. ारी ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान समाज में महिलाओं और बच्चियों की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुनील



तेवतिया के द्वारा आज स्वच्छता का संदेश देते हुए कार्यालय में एवं कार्यालय के बाहर सड़क पर झाड़ू लगाकर लोगों को साफ सफाई के प्रति प्रेरित किया। डॉ. सुनील तेवतिया ने उपस्थित कर्मचारियों को प्रेरित करते हुए कहा कि हमें महापुरुषों के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए और मिशन शक्ति जैसे अभियानों में सक्रिय सहभागिता निभानी चाहिए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुनील तेवतिया के द्वारा मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत रुड़की रोड स्थित मलिन बस्ती में जाकर लड़कियों को चॉकलेट, ट्रॉफी ,पैन तथा पेंसिल व अन्य सामान उपहार स्वरूप दिये गए, जिन्हें पाकर लड़कियां एवं छोटे बच्चे प्रफुल्लित होकर खिलखिला उठे। इस कार्यक्रम में कार्यालय के अधिकारी, कर्मचारीगण तथा स्वास्थ्य विभाग से जुड़े अन्य लोग उपस्थित रहे।

## अन्जुमन तरक़्क़ी-ए-तालीम

सादात बाहरा, मुज़फ़्फ़रनगर (रजि0)
प्रधान कार्यालय- रज़ा अली खाँ सादात हॉस्टिल
आर्य समाज रोड, मुज़फ़्फ़रनगर (उ0प्र0) 251001.

### आवश्यक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अन्जुमन तरक्की-ए-तालीम सादात बाहरा मुजफ्फरनगर (रजि0) की मीटिंग सादात हॉस्टिल, आर्य समाज रोड मुजफ्फरनगर में दिनांक 04.10.2025 (शनिवार) को निर्धारित समय 2 बजे दिन में होगी। क्योंकि उक्त मीटिंग नियमावली 13बी के अनुसार बुलाई गई है। अध्यक्ष द्वारा भ्रमित प्रेस विज्ञप्ति जारी करके सालाना इजलास न होने देने का प्रयास किया है। जबकि नियमानुसार बुलाये गये सालाना इजलास में किसी प्रकार की कोई रोक कहीं से नहीं है। सभी आजीवन सदस्यों से समय पर सालाना इजलास में आने का अनुरोध है।

भवदीय,
**मौहम्मद अफरोज़ (सचिव)**
अन्जुमन हाजा

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# दुस्साहसः अस्पताल में भर्ती मरीजों पर जानलेवा हमला

## जिला अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था ठप, पुलिस की मौजूदगी में फरार कैसे हो गया युवक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिला अस्पताल में उस समय हडकंप मच गया जब मारपीट के घायल दो सगे भाई अपना उपचार करा रहे थे। अचानक पहुंचे आरोपी पक्ष ने हाथों में लाठी डंडे लेकर हॉस्पिटल में भर्ती दोनों मरीजों में हमला बोल दिया। इस दौरान मौके पर तैनात पुलिसकर्मियों ने आरोपी को मौके से दबोच लिया। इमरजेंसी में की गई मारपीट से अफरा तफरी मची रही। वही थाना आदर्शमंडी पुलिस आरोपी को गिरफ्तार करने से इन्कार कर रही है।

दरअसल बाबरी थाना क्षेत्र निवासी दो सगे भाई फुरकान व इरफान पुत्रगण नूरहसन गत गुरूवार को किसी कार्य से थानाभवन गए थे। आरोप है कि वहां किसी बात को लेकर उनको किसी से झगडा हो गया। झगडे के दौरान दोनों भाईयों को गंभीर चोट लगने के कारण जिला जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। बताया जाता है कि जब वह दोनों जिला अस्पताल में उपचारा करा रहे थे तो इसी दौरान विपक्षी हाथों में लाठी डंडे लेकर घुस आए और दोनों भाईयों पर जान लेवा हमला कर दिया।

जिला अस्पताल में तैनात पुलिसकर्मियों के सामने ही आरोपी ने दुस्साहस दिखाते हुए दोनों भाईयों पर हमला किए जाने से जिला अस्पताल में भय का महौल पैदा हो गया। घटना के बाद तैनात पुलिसकर्मियों ने अन्य लोगों के साथ मिलकर दबोच लिया। जिसके बाद मामला शांत हो गया। इससे पूर्व में भी इमरजेंसी में कार्य कर रहे चिकित्सकों व कर्मचारियों पर भी हमले हो चुके है। जिसको लेकर कार्य बहिष्कार कर जिला अस्पताल में धरना प्रदर्शन भी किया जा चुका है और अब घायल मरीजों पर हमला किए जाने से जिला अस्पताल की सुरक्षा व्यावस्था पर सवालियां निशान उठ रहे है। आखिरकार पुलिस के तैनात होने के बावजूद आरोपी हाथों में लाठीं डंडे लेकर इमरजेंसी में घुस आया और हमला किया। हालाकि आरोपी का हमला नाकाम रहा। वही जिला अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरों में पुलिस आरोपी को पकडता हुआ साफ नजर आ रही है, लेकिन थाना आदर्शमंडी पुलिस का कहना है कि वह मौके से फरार हो गया था।



> आखिरकार पुलिस के तैनात होने के बावजूद आरोपी हाथों में लाठीं डंडे लेकर इमरजेंसी में घुस आया और हमला किया। हालाकि आरोपी का हमला नाकाम रहा। वही जिला अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरों में पुलिस आरोपी को पकडता हुआ साफ नजर आ रही है, लेकिन थाना आदर्शमंडी पुलिस का कहना है कि वह मौके से फरार हो गया था।

## गौरव सांगवान बने नायब तहसीलदार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** तहसीलदार ललिता चौधरी के अर्जित अवकाश पर जाने के कारण तहसील में तहस. ीलदार का पद खाली चल रहा है इस संबंध में जिलाधिकारी अरविंद चौहान द्वारा प्रशासन के कार्य सुचारू रूप से संपादित कराए जाने एवं आने वाले त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए शांति व्यवस्था बनाने रखने हेतु नायब तहसीलदार शामली के पद पर तैनात गौरव सांगवान को नायब तहसीलदार ऊन बनाया गया है गौरव सांगवान तहसीलदार के पदीय दायित्व को भी निर्वहन करेंगे तथा नायब तहसीलदार ऊन रविंद्र सिंह को शामली का नायब तहसीलदार बनाया गया है इस संबंध में जिलाधिकारी द्वारा आद. ेश जारी किए गए हैं।

# सांसद इकरा हसन के प्रयासों से केवीएस खुलने पर खुशी का माहौल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** कैराना सांसद इकरा हसन द्वारा केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान व राज्य शिक्षा मंत्री जयंत चौधरी को किए गए पत्राचार का संज्ञान लेते हुए जिले में केन्द्रीय विद्यालय खुलने का रास्ता साफ हो गया है।

कैराना सांसद इकरा हसन ने बताया कि गत 10 दिसंबर 2024 को उन्होने भारत सरकार के केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान व राज्यमंत्री जयंत चौधरी को पत्र देकर कहा था कि संसदीय क्षेत्र कैराना शिक्षा की दृष्टि से अति पिछडा हुआ है। नवसृजित जिले के अन्तर्गत आता है। अभी तक केन्द्रीय विद्यालय व जवाहर नवोदय विद्यालय नही है। बालिका शिक्षा की .ष्टि से भी गर्ल्स कालेज नही है। क्षेत्र के माता पिता ऐड कालेज में अपनी बेटियों को



पढाने के लिए नही भेजते है। उन्होने क्षेत्र की समस्याओं को देखते हुए शामली में नया केन्द्रीय विद्यालय और जवाहर नवोदय विद्यालय खोलने की मांग की थी। उन्होने बताया कि उक्त पत्र के जवाब में राज्यमंत्री जयंत चौधरी ने गत 18 सितंबर 2025 को का था कि केन्द्रीय विद्यालय जल्द खुलेगा और जिले में वर्ष 2017-18 से एक नवोदय विद्यालय क्रियाशील है। वर्तमान में यह कक्षा 6 से 12 तक सुचारू रूप से संचालित है। उक्त जिले में अतिरिक्त नवोदय विद्यालय की स्थापना संभव नही है। सांसद इकरा हसन ने बताया कि उन्होने केन्द्रीय विद्यालय खोले जाने की मांग लोकसभा में उठाई थी, जिसके बाद ही जिले में केन्द्रीय विद्यालय खोलने का रास्ता साफ हो सका है।

## जिला पंचायत शामली की आपात बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत नईम अख्तर ने अवगत कराया कि अध्यक्ष, जिला पंचायत शामली के आदेशानुसार जिला पंचायत शामली की आपाती बोर्ड की बैठक 3 बजे कार्यालय जिला पंचायत, शामली के सभागार में अध्यक्ष की अध्यक्षता में आहुत की गई है। बैठक का एजेन्डा निम्नवत है- GST Reforms के समर्थन एवं प्रधानमंत्री व वित्त मंत्री के आभार संबंधी प्रस्ताव- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व एवं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के प्रयासों से लागू यह फैसला ऐतिहासिक एवं दूरगामी महत्व का है। इन सुधारों से कर प्रणाली कम-कर, सरल कर और पादर्शी-कर बनी है तथा गरीब, किसान, व्यापारी, मध्यम वर्ग, महिला और युवाओं-सभी को इससे सीधा लाभ प्राप्त होगा। अतः प्रस्ताव माद्द सदन के समक्ष विचार हेतु प्रस्तुत है।

## एक नजर

### थानाभवन में पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था को सु.ढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से शुक्रवार को थानाभवन पुलिस द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी थानाभवन जितेंद्र यादव और थाना प्रभारी विजेंद्र सिंह रावत पुलिस फोर्स के साथ मौजूद रहे। फ्लैग मार्च बाजार, चौक बाजार, बस स्टैंड, घंटाघर चौक वाले इलाकों और संवेदनशील क्षेत्रों से होकर गुजरा। इस दौरान पुलिसकर्मी सतर्क नजर आए और लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की।क्षेत्राधिकारी जितेंद्र यादव ने बताया कि फ्लैग मार्च का उद्देश्य आमजन में विश्वास पैदा करना और असामाजिक तत्वों को कड़ा संदेश देना है। वहीं थाना प्रभारी विजेंद्र सिंह रावत ने कहा कि त्योहारों के मद्देनजर पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है और कानून व्यवस्था से समझौता नहीं किया जाएगा।



### ई-रिक्शा चालकों पर हुई सख्त कार्रवाई, दो वाहन सीज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** क्षेत्र में बिना कागजात के ई-रिक्शा चलाने वालों पर परिवहन विभाग ने कड़ी कार्रवाई की है। शुक्रवार को एआरटीओ रोहित राजपूत ने थाना भवन कस्बे में चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान दो ई-रिक्शा चालक बिना जरूरी दस्तावेज के वाहन चलाते हुए पकड़े गए। जांच के दौरान वाहन मालिकों से जब रजिस्ट्रेशन, बीमा और ड्राइविंग संबंधी कागजात मांगे गए तो वे उपलब्ध नहीं करा सके। इस पर एआरटीओ ने दोनों ई-रिक्शाओं पर जुर्माना लगाया और उन्हें थाना भवन थाने में खड़ा करा दिया। अधिकारियों का कहना है कि जब तक निर्धारित जुर्माने की राशि जमा नहीं की जाती, तब तक वाहनों को छोड़ा नहीं जाएगा। वहीं, इस कार्रवाई से क्षेत्र में ई-रिक्शा चालकों में हड़कंप मच गया है। स्थानीय लोगों ने भी विभाग की इस कार्रवाई का समर्थन किया और कहा कि बिना कागजात के चलने वाले वाहन न सिर्फ कानून का उल्लंघन करते हैं बल्कि सड़क हादसों और सुरक्षा के लिहाज से भी खतरा बन सकते हैं।

# ड्राइविंग माई ड्रीम्स प्रशिक्षण का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मिशन शक्ति के अंतर्गत जनपद स्तर पर महिलाओं को ड्राईविंग का प्रशिक्षण देने तथा उनका ड्राईविंग लाईसेंस बनवाने हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम-ड्राईविंग माई ड्रीम्स का हुआ आयोजन। जिला. धिकारी शामली के निर्देशन में मिशन शक्ति के विशेष अभियान फेज 5 के अंतर्गत जिला पंचायत प्रशिक्षण केन्द्र, शामली में महिला कल्याण विभाग एवं परिवहन विभाग के आपसी समन्वय से महिलाओं को ड्राईविंग का प्रशिक्षण देने तथा उनका ड्राईविंग लाईसेंस बनवाने हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम-ड्राईविंग माई ड्रीम्स का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी द्वारा दीप प्रज्जवलन कर किया गया। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को प्रशिक्षण उपलब्ध कराने हेतु परिवहन विभाग के विषय विशेषज्ञ उपस्थित रहे।



प्रशिक्षण कार्यक्रम में महिलाओं को यातायात चिन्हों, यातायात के नियमों, आवश्यक चिकित्सीय जानकारी इत्यादि उपलब्ध कराई गई। सिम्यूलेटर पर महिलाओं को बैठाकर प्रशिक्षण दिलाया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में लगभग 100 महिलाओं द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त किया गया। यह कार्यक्रम महिलाओं एवं बालिकाओं में आत्म विश्वास भढाने तथा पुरुषों पर उनकी निर्भरता कम करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। ड्राईविंग का प्रशिक्षण प्राप्त कर महिलाओं में नवीन जीवन कौशल का विकास होगा।

कार्यक्रम में वन स्टॉप सेंटर की टीम द्वारा नारी सुरक्षा, नारी सम्मान एवं नारी स्वावलंबन के विषय पर विस्तार से जानकारी दी गई। महिलाओं एवं बच्चों से सम्बन्धित विभिन्न कानूनों एवं योजनाओं की जानकारी दी गई। विभिन्न हेल्पलाईन नम्बर के बारे में भी विस्तार से बताया गया। महिलाओं को ड्राईविंग लाईसेंस एवं ड्राईविंग प्रशिक्षण कार्यक्रम-ड्राईविंग माई ड्रीम्स में अपर जिलाधिकारी सत्एन्द्र सिंह, उप जिलाधिकारी न्यायिक हामिद हुसैन, क्षेत्राधिकारी यातायात सु अपेक्षा निम्बोडिया, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी रों. हत राजपूत, जिला प्रोबेशन अधिक. ारी मौहम्मद मुशफेकीन, आउटरीच कार्यकर्ता साजिद एवं प्रोबेशन कार्यालय के अन्य कार्मिक उपस्थित रहे।

## नॉर्थ जोन शूटिंग चैंपियनशिप के लिए तैयार हैं शामली के खिलाड़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** 4 अक्टूबर से 16 अक्टूबर तक त्रिशूल शूटिंग रेंज महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज देहरादून में 44वीं नॉर्थ जॉन शूटिंग चैंपियनशिप का आयोजन होगा। जिसके लिए शामली राइफल क्लब पर प्रशिक्षु खिलाड़ी पूरी लगन और मेहनत के साथ अभ्यास कर रहे है। शामली राइफल क्लब के अध्यक्ष मुकेश चौधरी एवं कोच तपन मलिक ने बताया कि यूपी स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप क्वालीफाई कर शामली राइफल क्लब के प्रशिक्षु निशानेबाज ऋतु चौधरी, शेखर तोमर, कुलवंश, विशेष कुमार, अभिनव पंवार, शिवम बालियान, अभिनव मलिक, कृष्णा राणा, बोबी, वासु चौधरी, कुणाल मलिक शनिवार 4 अक्टूबर से देहरादून में आयोजित 44 वीं नॉर्थ जोन शूटिंग चैंपियनशिप में प्रतिभाग करेंगे, खिलाड़ी शूटिंग रेंज पर अभ्यास कर प्रतियोगिता के लिए तैयार है, नॉर्थ जोन शूटिंग चौंपियनशिप क्वालीफाई करने वाले खिलाड़ी दिसंबर माह में नेशनल शूटिंग चौंपियनशिप में प्रतिभाग करेंगे।



शामली। राइफल क्लब में शूटिंग का प्रशिक्षण लेते खिलाड़ी।

# वित्त विहीन विद्यालय प्रबंध महासभा के नव पदाधिकारी चयनित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिले में माध्यमिक वित्तविहीन विद्यालय महासभा के सभी घटकों, शिक्षक महासभा, प्रधानाचार्य महासभा तथा प्रबंधक महासभा को एकीकृत कर प्रदेश स्तरीय संगठन वित्तविहीन विद्यालय प्रबंधन महासभा उत्तर प्रदेश का गठन किया गया है। नवगठित संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ देवेंद्र पाल राणा तथा प्रधान महासचिव रामपाल सिंह जांगड़ा चुने गए हैं। इसके अलावा प्रदेश महासचिव कुलदीप तोमर, प्रदेश कोषाध्यक्ष सतीश संगल, प्रदेश उपाध्यक्ष सुखवीर सिंह, प्रदेश संगठन मंत्री ऋषिपाल, वरिष्ठ संरक्षक राजपाल भारद्वाज, संरक्षक ऋषिपाल सिंह तथा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य पवन कुमार और गुफरान अली बनाए गए हैं।

शुक्रवार को वित्तविहीन प्रबंधन महासभा के पदाधिकारियों की नवगठित संगठन की पहली बैठक जगवती जगबीर गर्ल्स इंटर कॉलेज बुटराड़ा में आयोजित हुई। बैठक में जनपद शामली की कार्यकारिणी का भी गठन किया गया, जिसमें जिलाध्यक्ष पुष्पेंद्र वशिष्ठ, महासचिव विजय कुमार, तथा जिला कोषाध्यक्ष अफजाल सैफी चुने गए। संगठन ने 12 अक्तूबर को जनपद शामली में शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया। बैठक में राजपाल भारद्वाज, ऋषिपाल सिंह, पवन कुमार, सतीश संगल, कुलदीप तोमर, गुफरान अली, सुरेंद्र कुमार, दीपमाला, अनंगपाल, नेहा रानी, सुनीता सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## दो दिवसीय नवरात्र उत्सव एवं डांडिया रास का समापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** लायंस क्लब शामली क्राउन के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय नवरात्र उत्सव एवं डांडिया रास का भव्य समापन हो गया। समापन दिवस पर देवी मां की आरती एवं विशेष पूजा-अर्चना के बाद नगरवासी गरबा और डांडिया की थाप पर झूम उठे। माहौल रंग-बिरंगे परिधानों, पारंपरिक संगीत और झिलमिलाती रोशनी से सराबोर रहा। मुख्य अतिथि विनय सिसौदिया रहे। मौके पर संजय सांगल, अजय सांगल, विजय संगल, तरुण जैन, डा। अर्जुन वर्मा, राजकुमार, अमित कुच्छल, प्रदीप विश्वकर्मा, अजय विश्वकर्मा मौजूद रहे।

# महिलाओं व बच्चियों को किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन में मिशन शक्ति फेज 5.0 के अंतर्गत शुक्रवार को थाना थानाभवन क्षेत्र के ग्राम खेड़ा गदाई में थाना भवन पुलिस द्वारा मिशन शक्ति टीम द्वारा विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान गांव की महिलाओं और बच्चियों को उनके अधिकारों के साथ-साथ आत्मनिर्भर और सशक्त बनने के लिए प्रेरित किया गया।टीम ने ग्रामीणों को साइबर क्राइम से बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बताया गया कि सोशल मीडिया पर फर्जी आईडी, धोखाधड़ी वाले कॉल, ओटीपी और लिंक से बचना आवश्यक है। किसी भी प्रकार की आपराधिक या आपात स्थिति में पुलिस व प्रशासन द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबरों का उपयोग तुरंत करना चाहिए। इसके लिए 1090 महिला शक्ति हेल्पलाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112 आपातक. ालीन सेवा, 1930 साइबर फ्रॉड शिकायत और 1098 बाल हेल्पलाइन की जानकारी दी गई।मिशन शक्ति टीम ने मौके पर मौजूद महिलाओं व बच्चियों को पंपलेट वितरित कर सभी हेल्पलाइन नंबर लिखने और घर-परिवार में भी इनकी जानकारी देने की अपील की। टीम ने कहा कि मिशन शक्ति का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षा का भरोसा दिलाना और उन्हें हर स्तर पर आत्मविश्वास से आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान, आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीण महिलाओं ने भी मिशन शक्ति टीम का आभार व्यक्त किया और कहा कि ऐसे कार्यक्रम गांव-गांव में लगातार आयोजित होने चाहिए, जिससे महिलाओं और बच्चियों में आत्मविश्वास व जागरूकता बढ़े।




## निजी डॉक्टर्स की अनियमितताओं पर कड़ी कार्रवाई

**शामली।** डीएम के नाम किसानों ने एडीएम को एक ज्ञापन सौंपकर जनपद के निजी चिकित्सकों की अनियमितताओं पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। किसानों ने आरोप लगाया कि निजी अस्पतालों में चिकित्सक मरीजों के ऑपरेशन के दौरान गंभीर लापरवाही बरत रहे हैं और अस्पतालों में स्वच्छता की भी अनदेखी की जा रही है। दिए ज्ञापन में कहा कि हाल ही में कालखण्डे खाप चौधरी बाबा संजय सिंह का ऑपरेशन शामली के निजी चिकित्सक डॉ। आरके ढाका द्वारा किया गया था। आरोप है कि ऑपरेशन के बाद गंभीर संक्रमण हो गया और डॉक्टर ने दोबारा ऑपरेशन कर दिया, लेकिन चार माह बीत जाने के बाद भी उनकी हालत बिगड़ती ही रही। मजबूरी में उन्हें मुजफ्फरनगर के एक निजी चिकित्सक से ऑपरेशन कराना पड़ा, जिसके बाद भी उनकी स्थिति स्थिर नहीं हो सकी और अब डॉक्टर एक और ऑपरेशन की बात कह रहे हैं। किसानों ने आरोप लगाया कि डॉ। ढाका द्वारा किए गए ऑपरेशन से और भी मरीज परेशान हैं। कई लोग आर्थिक रूप से टूट चुके हैं। ज्ञापन में मांग की गई है कि इस मामले की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए और दोषी के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाए। इस अवसर पर कंवरपाल राणा, विनोद कुमार, मास्टर संजीव, ओमकार मलिक, देवा प्रधान, उदयवीर, निक्की चौधरी आदि मौजूद रहे।

## धार्मिक क्रियाओं की उपेक्षा करना उचित नहीं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के जैन धर्मशाला में 108 विव्रत सागर मुनिराज ने प्रवचन का मुख्य विषय कर्मफल, धर्म मार्ग पर क्रमबद्ध प्रगति का महत्व और केवल आत्म-ध्यान पर अत्यधिक जोर देकर प्रारंभिक धार्मिक क्रियाओं की उपेक्षा करने वालों की आला. ेचना रहा। मुनिराज ने कहा कि संसार की सबसे बड़ी विडंबना यह है कि कर्मों का फल तत्काल नहीं मिलता। लोग जब पापियों को सुखी और धार्मिकों को दुखी देखते हैं तो धर्म से विचलित हो जाते हैं। उन्होंने पाप की तुलना धीरे-धीरे घिरते बादलों से की, जो अंततः फटकर दुख की बाढ़ लाते हैं। इसी प्रकार पुण्य का फल भी समय पर ही मिलता है। उन्होंने समझाया कि पुण्य और पाप दोनों के फल बासी भोजन की तरह हैं, जो अतीत के कर्मों से उत्पन्न होते हैं और क्षणिक सुख-दुख देते हैं, जबकि धर्म का ताजा सुख गुरु वाणी सुनने से तुरंत आत्मा को शांति और आनंद प्रदान करता है। मौके पर संस्कृति जैन, मनीषा जैन, भूषण लाल जैन, डॉक्टर अनीता जैन, अर्चना जैन, सोनी जैन, प्रदीप जैन, रेखा जैन, अनिल जैन, मुकेश जैन, ममता जैन, संगीता जैन आदि मौजूद रहे।



## झूठी फायरिंग रिपोर्ट का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** पुलिस ने साथी को गोली मारकर घायल करने और रंजिशन विपक्षियों पर झूठी रिपोर्ट दर्ज कराने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान भोल्लर उर्फ अकमल निवासी अब्दालनगर उल्हेनी थाना झिंझाना के रूप में हुई है। उसके कब्जे से अवैध तमंचा और कारतूस बरामद किए गए। गौरतलब है कि 27 सितंबर को सरवर पुत्र अनवर निवासी ग्राम ओदरी ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया था कि विपक्षी अब्बास, शहजाद, नौशाद व एक अन्य ने उसके मामा वासिद को गोली मारकर घायल कर दिया। इस आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था। जांच और सीसीटीवी फुटेज में सामने आया कि सरवर ने अपने साथियों सादाब उर्फ मोटा, वाजिद उर्फ काला, जग्गा, दलेर सिंह, इलू, मुरली उर्फ आर्यन, अरशद उर्फ काला, भोल्लर और सुमित के साथ मिलकर विपक्षियों पर फायरिंग की थी। इस दौरान अरशद उर्फ काला की गोली गलती से सरवर के ही साथी वाजिद को लग गई। पुलिस की जांच में स्पष्ट हुआ कि सरवर ने आगामी पंचायत चुनाव की रंजिश के चलते विपक्षियों पर झूठा मुकदमा दर्ज कराया था। फिलहाल पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी को चालान कर न्यायालय में पेश किया है।

# हाफिज दोस्त से ऊन रोड तक 800 मीटर लंबी सड़क बनेगी

## पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा के प्रयास से शासन ने दी मंजूरी, बजट भी स्वीकृत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** कस्बे के मोहल्ला हाफिज दोस्त से ऊन रोड तक लगभग 800 मीटर लंबी सड़क का निर्माण कार्य अब जल्द ही शुरू होने जा रहा है। वर्षों से बदहाल पड़ी इस सड़क के निर्माण के लिए शासन ने बजट स्वीकृत कर मंजूरी दे दी है। यह मंजूरी पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा के प्रयासों से मिली है। सड़क बनने की खबर से कस्बे और क्षेत्र के लोगों में खुशी का माहौल है।स्थानीय लोगों का कहना है कि लंबे समय से यह सड़क जर्जर अवस्था में है। जगह-जगह ग्गों में तब्दील हो चुकी इस सड़क से आए दिन हादसे होते थे।

दुपहिया वाहन चालक अक्सर गिरकर चोटिल हो जाते थे। बरसात के मौसम में हालात और बिगड़ जाते थे। सड़क पर पानी और कीचड़ भर जाने से पैदल चलना मुश्किल हो जाता था, वहीं वाहनों को निकालने में लोगों को भारी मशक्कत करनी पड़ती थी।इस सड़क के निर्माण को लेकर मोहल्लेवासी कई बार नगर पंचायत और जिला प्रशासन से लेकर शासन तक गुहार लगा चुके थे। लोगों ने बताया कि रोजमर्रा की जिंदगी में सबसे बड़ी दिक्कत इसी सड़क से गुजरने पर आती थी। लेकिन अब सड़क निर्माण को मंजूरी मिलने से स्थानीय लोगों की वर्षों पुरानी मांग पूरी होने जा रही है।पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा ने बताया कि जनता की समस्याओं को संज्ञान में लेकर उन्होंने हाल ही में इस सड़क निर्माण का प्रस्ताव शासन को भेजा था। शासन ने इसे स्वीकार कर बजट भी जारी कर दिया है। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द निर्माण कार्य शुरू करा दिया जाएगा।उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी पहली प्राथमिकता है। सड़क निर्माण को लेकर मोहल्लेवासियों और कस्बेवासियों ने पूर्व मंत्री सुरेश राणा के प्रयासों की सराहना की है।सड़क निर्माण की खबर सुनते ही मोहल्ले में खुशी की लहर दौड़ गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि अब उन्हें जर्जर सड़क की परेशानी से निजात मिलेगी और यात्रा भी सुगम होगी। इस सड़क से कस्बे के साथ-साथ आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को भी बड़ी राहत मिलेगी।

# महिला कल्याण विभाग ने 10 ग्रामों में चलाया जागरूकता अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** महिला कल्याण विभाग ने मिशन शक्ति 5।0 के तहत अभियान चलाया। जिमसें महिलाओं एवं बालिकाओं की किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधानों द्वारा की गई। प्रचार प्रसार तथा विभागीय योजनाओं में पात्र व्यक्तियों विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों के बारे में भी बताया गया। जिले की 10 ग्राम पंचायतों में कैम्प लगाकर जागरूकरता सुरक्षा सम्मान एवं स्वालंबन के प्रति लोगों को जागरूक इस अभियान के तहत विभागीय योजनाओं एवं कार्यकर्मों के के आवे. दन पूर्ण कराए गए।महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित अभियान में महिला कल्याण विभाग द्वारा 10 टीमें गठित कर ग्राम पंचायों में जन जागरूकता कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम में स्वास्थ विभाग, पुलिस विभाग व अन्य विभागों ने भी विभागीय योजनाओं की जानकारी दी एवं पात्र



लाभार्थियो के योजनाओं आवेदन भी कराए गए। इस कार्यक्रम में आंगनवाडी कार्यकत्री, बी सी सखी, लेखपाल ए एन एम, आशा वर्कर, ग्राम पंचायत अधिकारी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पुलिस विभाग की टीम द्वारा एंटी रोमियो अभियान, विषेश किशोर पुलिस ईकाई पुलिस की कार्यप्रणाली एवं हेल्पलाइन नम्बर 1090 एवं 112 की महत्ता बताई गई। महिला कल्याण द्वारा बनाई गई टीमों ने विभागीय योजनाओं जैसे निराश्रित पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, कानूनी आर्थिक सहायता इत्यादि के बारे में जानकारी देते हुए आवेदकों से आनेदन कराए। इसके अलावा विभिन्न टोल फी हेल्पलाइन नंबर जैसे 1098, 181, 1930, 101, 102, 108 इत्यादि के बारे में बताया गया। पात्र उपस्थित महिलाओं और बालिकाओं को बताया गया कि कोई भी पीडित महिला वन स्टॉप सेंटर पर उपस्थित होकर अपनी समस्या का सामाधान करा सकती है।

वन स्टॉप सेंटर जरूरतमंद महिलाओं हेतू 10 दिवस का अल्पावास भी उपलब्ध है। जिसमें रहने खाने की सुविधाएं भी उपलब्ध हैं। चाइल्ड हेल्पलाइ के माध्यम से कोई भी पीडित एवं शोषित बच्चे की सहायता की जा सकती है। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को बेटी बचाओ बेटी पढाओ अभियान के बारे में बताया गया। बेटी बचाओ बेटी पढाओं अभियान शिशु लिंगानुपात में असानता को दूर करने के लिए चलाया जा रहा है।महिला कल्याण विभाग से 10 टीमों ने प्रत्एक ब्लॉक के दो गांव में ग्राम स्तर पर विभागीय योजनाओ के बारे में लोगों को जागरूक किया। ऊन ब्लॉक के पिंडौरा व मालैंडी, कैराना ब्लाक इस्सोपुर खुरगान व रामडा, शामली ब्लॉक खेडी करमू व लिलौन, कांधला ब्लाक के खंदरावली व कांधला देहात एवं थाना भवन ब्लाक के बाबरी व कैडी में पहुंच कर पात्र लाभार्थियों के आवेदन कराएं एव उनकी समस्याओं को सुनकर मौके पर ही निस्तारित किया। कार्यक्रम में पुलिस विभाग व वन स्टॉप की टीम ने नारी सुरक्षा नारी सम्मान एवं नारी स्वालंबन के विषय पर विस्तार से जानकारी दी। महिलाओं एवं बच्चों से संबंधितत विभिन्न कानूनों की जानकारी दी। विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी दी। ए अभियान 02 अक्टुबर से शुरू होकर 11 अक्टुबर तक चलाया जाएगा।

# बालिकाओं को अधिकारों के प्रति किया सचेत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में नगर कोतवाली के द्वारा मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सब इंस्पेक्टर मोहम्मद यूसुफ, मुख्य वक्ता नीता, सहकर्मी पूजा, बोबिन धनखड़ एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य वक्ता नीता ने बालिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि यदि उन्हें कोई रास्ते में परेशान करता है छेड़खानी करता है तो वह 1090 या 112 नंबर पर कॉल कर सूचना दे सकती है। उन्हें किसी के बहकावे में नहीं आना चाहिए और अपना समय अपनी किताबों को मित्र बनाकर उनके अध्ययन में व्यतीत करना चाहिए। आप डरे घबराएं नहीं समय से विद्यालय आए और समय से घर वापस जाएं। प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार ने बालिकाओं को उनके बताए मार्ग का अनुसरण करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर संजीव कुमार, संदीप कुमार, गीता रानी, कविता रानी, अनीता रानी, सुरभि रानी, अमित कुमार, मोहित कुमार, कपिल कुमार, अश्विन कुमार, उपासना रानी, मोनिका, दिव्या, वन्दना उपस्थित रहे।

# नाबालिग को अश्लील संदेश भेजने वाला आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**कांधला।** थाना क्षेत्र के गाव भारसी निवासी आरोपी द्वारा नाबालिग को अश्लील संदेश भेजकर सोशल मीडिया पर वायरल करने का मामला सामने आने पर पुलिस ने तेजी दिखाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़िता के परिजनों ने विगत 30 सितम्बर को थाने पर तहरीर दी थी, जिस पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक शामली एन।पी। सिंह ने तत्काल आरोपी की गिरफ्तारी के आदेश दिए थे। इसी क्रम में शुक्रवार को चलाए जा रहे महिलाओं के विरुद्ध अपराधों की रोकथाम एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन और क्षेत्राधिकारी कैराना के पर्यवेक्षण में पुलिस ने गाव भारसी निवासी अनिरुद्ध पुत्र सतेन्द्र सिंह को दबोच लिया। आरोपी को थाने लाकर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की गई। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक शैलेन्द्र सिंह व कांस्टेबल कर्मजीत सिंह शामिल रहे।

# छात्र-छात्राओं ने स्वच्छता विषय पर बनाई पेन्टिंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के सत्यनारायण इंटर कॉलेज में स्वच्छता पखवाडा के अन्तर्गत छात्र छात्राओं के मध्य पेन्टिंग, स्लोगन तथा निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें छात्र छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग किया। निबन्ध प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग से छात्रा काव्या, छात्र लक्ष्य राठौर एवं छात्रा शिवांगी क्रमशः प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे। वहीं सीनियर वर्ग में छात्र मनप्रीत एवं छात्रा ज्योति क्रमशः प्रथम व द्वितीय स्थान पर रहे। स्वच्छता विषय पर स्लोगन प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग में कनक सैनी, दिव्या, अवनी ने क्रमशः प्रथम द्वितीय एवं तृतीय प्राप्त किया। छात्रा वंशिका वर्मा ने सान्त्वना



स्थान प्राप्त किया एवं सीनियर वर्ग में अजरा, सूरज व सलोनी ने क्रमशः प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा ने कहा कि छात्र छात्राओं में निबन्ध, पेन्टिंग तथा स्लोगन के माध्यम से स्वच्छता के प्रति जागरूकता उत्पन्न की जा रही है। प्रतियोगिता में धनश्याम सारस्वत, अनिल कुमार कश्यप, सारिका गर्ग, सीमा शर्मा, उमा रानी, कविता मित्तल मौजूद रहे।

## एक नजर

### अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर विवाहिता को घर से निकाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव मलकपुर निवासी एक विवाहिता को उसके पति व ससुरालयों ने अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर मारपीट करते हुए घर से निकाल दिया। पीड़ित विवाहिता के पिता ने एसपी शामली को शिकायती पत्र देकर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। शुक्रवार को थाना क्षेत्र के गांव मलकपुर निवासी शराफत ने एसपी शामली को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि उसने पांच महा पूर्व शादाब निवासी रोशनाबाद हरिद्वार के साथ अपनी पुत्री की शादी की थी शादी के कुछ समय बाद ही ससुराल पक्ष के लोगों ने अतिरिक्त दहेज की मांग शुरू कर दी समाज के लोगों के द्वारा कई बार इस विषय पर समाधान करने का प्रयास किया गया लेकिन ससुराल पक्ष के लोग अपनी हरकत से बाज नहीं आए और इसी के चलते विवाहिता को घर से निकाल दिया तभी से विवाहित अपने मायके में रह रही है आरोप है की विगत 22 सितम्बर को विवाहिता उसकी मां घर पर अकेली थे तभी वहां पर पति शादाब जेठ प्रवेज देवर सद्दाम पहुंचे और घर मे मौजूद पुत्री के साथ गाली गलोच शुरू कर दी जब विरोध किया गया तो अभद्र व्यवहार किया गया शोर होने जब उसकी पत्नी वहां पहुंची तो उसके साथ भी मारपीट की गई आरोपी कार्रवाई करने पर जान से मारने धमकी देते हुए निकल गए पीड़ित पक्ष ने शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है। एसपी ने संबंधित थाने पर जांच कर कार्यवाही के निर्देश दिए हैं।

### ऐतिहासिक शिव मंदिर पर संकट, दीवारों में बढ़ीं दरारें



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** मोहल्ला कानूनगोयान स्थित ऐतिहासिक शिव मंदिर की दीवारों और फर्श में गहरी दरारें उभर आई हैं, जिससे मंदिर के ढहने का खतरा बढ़ गया है। मंदिर की पुजारिन विनीता शर्मा ने बताया कि हाल ही में पालिका प्रशासन ने मंदिर के पास नलकूप की बोरिंग कराई थी। लोगों का मानना है कि बोरिंग के दौरान बने गड्ढों से रिसते पानी के कारण मंदिर की नींव कमजोर हो गई है, जिसके चलते न केवल मंदिर में बल्कि आसपास के मकानों में भी दरारें दिखाई देने लगी हैं। दरारें लगातार गहरी हो रही हैं और मंदिर की हालत देखकर यह आशंका जताई जा रही है कि यदि समय रहते कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया तो मंदिर कभी भी गिर सकता है। यह शिव मंदिर स्थानीय श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है, जहां रोजाना बड़ी संख्या में लोग पूजा-अर्चना के लिए पहुंचते हैं। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि तत्काल विशेषज्ञों की जांच कराई जाए और मंदिर को संरक्षित करने के लिए उचित कदम उठाए जाएं।

# तीनों चीनी मिलों पर बकाया भुगतान को लेकर किसानों का प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** क्षेत्र के किसानों ने जिले की तीनों चीनी मिलों के बकाया भुगतान की मांग को लेकर शामली कलक्ट्रेट में प्रदर्शन करते हुए एडीएम सत्येन्द्र सिंह को ज्ञापन सौंपा।

शनिवार को दिए ज्ञापन में उन्होने कहा कि तीनों शुगर मिलें शामली, थानाभवन व ऊन किसानों के गन्ने का बकाया भुगतान समय पर नहीं कर रही हैं। आज भी तीनों शुगर मिलों पर किसानों का करोड़ों रूपया शेष है, जबकि नया पेराई सत्र प्रारम्भ होने को है। शामली शुगर मिल पर सत्र 2022-23 तथा थानाभवन व ऊन चीनी मिल पर सत्र 2024-25 का करोड़ों रूपयों बकाया है। उन्होने



कहा कि धन के अभाव में किसान अपने नियमित खर्चे जैसे बीमारी, बच्चों की पढ़ाई आदि पूरे नहीं कर पा रहा है। ऊपर से किसानों का कृषि कार्ड पर ब्याज निरंतर बढ़ रहा है, बिजली के बिलों पर पैनल्टी लग रही है और विद्युत विभाग द्वारा बिल जमा न होने के कारण किसानों कनैक्शन काटे जा रहे हैं।

जबकि किसानों का गन्ने का भुगतान मिल नहीं कर रहें हैं। होनहार छात्रों की पढ़ाई-लिखाई भी प्रभावित हो रही है। किसान पूरी तरह से निराश व हताश है। उन्होने नया पेराई सत्र शुरू होने से पूर्व तीनों मिलों का बकाया सम्पूर्ण भुगतान कराने की मांग की। इस अवसर पर मास्टर संजीव चौधरी, सुरेन्द्र, कंवरपाल राण, यशपाल, ओमकार मलिक, विनोद कुमार, देवा प्रधान आदि मौजूद रहे।

# रास्ते के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष में चार घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव जसाला में रास्ते पर गाड़ी खड़ी करने को लेकर दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष हो गया। खूनी संघर्ष में दोनों पक्षों में जमकर लाठी डंडे व धारदार हथियार सहित फायरिंग हुई दोनों पक्षों के एक युवती सहित चार लोग घायल हो गए।दोनों पक्षों के लोगों ने अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद थाने पहुंचकर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के गांव जसाला निवासी प्रताप चौहान और सुरेश पाल दोनों पड़ोसी हैं। प्रताप चौहान का आरोप है कि उन्होंने नए मकान का निर्माण किया जिस कारण उसके पड़ोसी उनसे जलन रखते हैं और आए दिन मारपीट करते रहते हैं। सुरेशपाल का आरोप है कि प्रताप के पुत्र अक्षय चौहान ने रास्ते पर गाड़ी खड़ी कर रखी थी जब पीड़ित के द्वारा गाड़ी हटाने के लिए कहा गया तो आरोपी ने लाठी डंडे सहित तमंचे से पीड़ित और उसके परिवार पर फायरिंग कर दी। जिसमें सुरेश पाल और वकील गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रताप पक्ष के अक्षय और उसकी बहन उर्वशी घायल हुए हैं। दोनों पक्षों





के लोगों ने अपना-अपना डॉक्टरी परीक्षण कराने के बाद थाने पहुंचकर तहरीर देकर एक दूसरे के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है पुलिस जांच में जुटी हुई है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि दो पक्षों के बीच मारपीट हुई है फायरिंग जैसी कोई भी घटना नहीं हुई है जानकारी कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## मेले में खोया बच्चा मां-बाप को सौंपा

**अफजलगढ़।** मिशन शक्ति व एंटी रोमियो टीम दशहरा मेला में चैकिंग व शान्ति व्यवस्था ड्यूटी कर रही थी। उसी दौरान एक महिला ने बताया कि उसका ढाई वर्ष का बच्चा रितिक खो गया है। सूचना मिलते ही मिशन शक्ति एवं एंटी रोमियो टीम बच्चे को इधर-उधर तलाश करने में लग गई।



# सिपाहियों ने लिया भविष्य में ऊंचाइयां छूने का संकल्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव हूरमंजपुर निवासी कैरियर काउंसलर, राष्ट्रीय लोकदल के वरिष्ठ नेता व अलख संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. विक्रांत जावला ने जनपद गाजियाबाद स्थित 47वीं वाहिनी पीएसी में प्रशिक्षण ले रहे चयनित सिपा. हियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आप सभी ने लगन और मेहनत से सफलता की सीढ़ी का पहला पायदान चढ़ा है। अब सेवा भाव और समर्पण के साथ आगे बढ़ते हुए भविष्य में उच्च पदों तक पहुंचने का लक्ष्य तय करना होगा। उन्होंने सिपाहियों को निरंतर प्रयासरत रहकर विभागीय अधिकारियों की तरह जिम्मेदारियों को निभाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में 47 वी वाहिनी पीएसी के आरआई जएंद्र गंगवार ने आभार जताया। इस मौके पर दुष्यंत बलियान, गोपाल सिंह, अनुज, उदयवीर सिंह सहित सैकड़ों प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे सिपाही मौजूद रहे।

## महिलाओं पर फब्तियां कसता युवक गिरफ्तार

**थानाभवन।** नगर में आवारा युवकों की हरकतें लगातार बढ़ रही हैं। सुबह शाम गली-चौराहों पर जमघट लगाकर बैठे यह युवक महिलाओं व लड़कियों को परेशान करते हैं। मंगलवार को पुलिस ने देवी भवन मंदिर के पास महिलाओं पर फब्तियां कसते हुए शावेज पुत्र नसीम निवासी मोहल्ला हाफिज दोस्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# महिला मैराथन दौड़ आज प्रातः आठ बजे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मिशन शक्ति अभियान-5.0 के अंतर्गत महिलाओं के स्वास्थ्य, आत्मविश्वास और साहस को प्रोत्साहित करने के लिए जनपद शामली में महिला मैराथन दौड का आयोजन होगा। एसपी एनपी सिंह ने बताया कि यह मैराथन 4 अक्तूबर को प्रातः 8 बजे पुलिस लाइन, मंडी शामली से प्रारंभ होगी। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को शारीरिक रूप से स्वस्थ, आत्मनिर्भर और समाज में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना है। आयोजन में शामिल सभी प्रतिभागी महिलाओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे, वहीं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली धाविकाओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। आयोजकों ने अपील की है कि अधिक से अधिक महिलाएं इस भव्य आयोजन में भाग लेकर अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन करें और समाज को सशक्त संदेश दें।

# तीन मामलों में कोर्ट ने तीन को सुनाई सजा

**शामली।** उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप शामली पुलिस द्वारा अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी पैरवी करके 3 मामले में 3 अभियुक्तों को माननीय न्यायालय के माध्यम से सुनाई सजा व कुल 5,000/- रूपए अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

1. वर्ष 2024 में अभियुक्त नवाब पुत्र शरीफ निवासी मौहल्ला नयाबांस थाना कांधला जनपद शामली के विरुद्ध थाना कांधला पर मुकदमा एनडीपीएस अधिनियम पंजीकृत किया गया था। पुलिस द्वारा न्यायालय में प्रभावी एवं सशक्त पैरवी करते हुए न्यायालय एडीजे/एफटीसी कैराना से अभियुक्त उपरोक्त को 1 वर्ष 1 माह के कारावास की अवधि की सजा व 1,000/-रुपए अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया है। न्यायालय द्वारा अर्थदण्ड अदा न करने पर 15 दिवस अतिरिक्त कारावास की सजा का प्रावधान किया गया है।

2. वर्ष 2023 में अभियुक्त 1. मुस्तकीम उर्फ मानू पुत्र युसुफ 2. फैजान उर्फ विशाल पुत्र इस्लाम निवासीगण मौहल्ला राजोवाला थाना कोतवाली जनपद शामली के विरुद्ध थाना कांधला पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। पुलिस द्वारा न्यायालय में प्रभावी एवं सशक्त पैरवी करते हुए को न्यायालय एडीजे/एफटीसी शामली द्वारा अभियुक्तगण उपरोक्त को 2-2 वर्ष 2-2 माह अवधि की सजा व 1,000-1,000/-रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया है । माननीय न्यायालय द्वारा अर्थदण्ड अदा न करने पर 1-1 माह अतिरिक्त कारावास की सजा का प्रावधान किया गया है।

3. वर्ष 2023 में अभियुक्त 1. मुस्तकीम उर्फ मानू पुत्र युसुफ 2. फैजान उर्फ विशाल पुत्र इस्लाम निवासीगण मौहल्ला राजोवाला थाना कोतवाली जनपद शामली के विरुद्ध थाना कांधला पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। पुलिस द्वारा न्यायालय में प्रभावी एवं सशक्त पैरवी करते हुए न्यायालय एडीजे/एफटीसी शामली द्वारा अभियुक्तगण उपरोक्त को 2-2 वर्ष 2-2 माह अवधि की सजा व 1,000-1,000/रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया है। न्यायालय द्वारा अर्थदण्ड अदा न करने पर 1-1 माह अतिरिक्त कारावास की सजा का प्रावधान किया गया है।

## रेलवे फाटक के जल्द निर्माण की मांग

**नगीना।** आजाद समाज पार्टी के नगर अध्यक्ष असलम सिद्दीकी ने बताया कि कालाखेडी फाटक के अंडरपास निर्माण कार्य जो काफी समय से रुका हुआ है। जिससे नगीना व आस-पास के गांव के लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसी को लेकर नगीना सांसद एडवोकेट चन्द्रशेखर आजाद के निर्देशानुसार नगीना-कालाखेडी फाटक पर पहुंचकर स्टेशन मास्टर नगीना से मिले। स्टेशन मास्टर ने एयर असिस्टेट डिवीजन इंजीनियर नजीबाबाद जेपी सिंह से बात कराई। उन्होंने कल (आज) से ही अंडरपास पर काम शुरू करने का आश्वासन दिया। श्री सिद्दीकी ने कहा कि अगर अंडरपास का काम जल्द शुरू नहीं किया गया तो भीम आर्मी व आजाद समाज पार्टी बड़ा आंदोलन करेगी।

# महर्षि वाल्मीकि प्रकटोत्सव पर हवन पूजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शुक्रवार को भगवान महर्षि वाल्मीकि प्रकट उत्सव के अवसर पर वाल्मीकि मंदिर में हवन पूजन का आयोजन किया गया। जिसमें शहर तथा आसपास देहात क्षेत्रों से पहुंचे वाल्मीकि समाज के लोगों ने आहुति प्रदान की। शुक्रवार को उत्तर प्रदेशीय सफाई कर्मचारी संघ शाखा यूनियन अध्यक्ष प्रवीण कुमार वाल्मीकि, महासचिव अश्वनी तेश्वर, स्वायत शासन कर्मचारी संगठन यूनियन के अध्यक्ष अमित तेश्वर, महासचिव विनोद निर्वाल के दोनों यूनियन संयुक्त रूप से नंदूप्रसाद स्थित वाल्मीकि मंदिर में हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि चेयरमैन अरविंद संगल, वशिष्ठ अतिथि ईओ विनोद कुमार सोलंकी रहे। कार्यक्रम संयोजक विनोद कुमार कंडेरा, दीपक चंद्रा, अमित शर्मा, सनी बोहतम, शशिकांत पाहिवाल, वसीम मलिक रहे। कार्यक्रम के संचालक प्रदीप टांक मायूस ने किया। हवन यज्ञ के बाद आहुति प्रदान कर धर्मलाभ उठाया गया। मौके पर सफाई लिपिक लक्ष्मण सिंह, लिपिक प्रदीप कुमार, अनिल शर्मा, चन्द्र किशोर पटेल, योगेश कुमार, जेई कांत राणा, जेई हर्षित गर्ग, अरविंद कुमार, सुनील बंसल, गजेन्द्र बाबू, अनिल कुमार चौधरी, दीपक बिड़ला, अनुज चावला, जाकिर हुसैन, मोहम्मद हासिम, अश्वनी पारचा आदि मौजूद रहे।



# जुमे की नमाज शांतिपूर्ण हुई संपन्न

## पुलिस अधिकारियों ने पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जाएजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** बरेली में हुए बवाल को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट रहा। पुलिस अधिकारियों ने फोर्स के साथ पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जाएजा लेते रहे। नगर क्षेत्र में जुमा की नमाज शांतिपूर्ण से संपन्न होने पर अधिकारियों ने राहत की सांस ली।



बरेली में बीते शुक्रवार को जुमा की नमाज के बाद हुए बवाल को लेकर प्रदेश भर में पुलिस प्रशासन अलर्ट मूड पर है। देवबंद में जुमा की नमाज से पूर्व दारुल उलूम क्षेत्र में उपजिलाधिकारी युवराज सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी अभितेष सिंह व कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र कुमार शर्मा ने फोर्स के साथ पैदल गश्त किया। इस दौरान पुलिस ने ड्रोन के माध्यम से भी निगरानी की। हालांकि दारुल उलूम की मस्जिद रशीद, मरकजी जामा मस्जिद समेत नगर की सभी प्रमुख मस्जिदों में जुमा की नमाज शांतिपूर्वक संपन्न हुई और सभी लोग अपने घरों को लौट गए। जिसके बाद अधिकारियों ने राहत की सांस ली। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर नगर के सभी प्रमुख चौक चौराहों पर भी पुलिस बल तैनात रहा।

# तनाव प्रबंधन व शिक्षक कल्याण विषय पर कार्यशाला का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** स्प्रिंग डेल पब्लिक स्कूल में सीबीएसई बोर्ड द्वारा तनाव प्रबंधन एवं शिक्षक कल्याण विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें शिक्षकों को मान. सिक स्वास्थ्य व भावनात्मक संतुलन बनाए रखने तथा तनाव मुक्त होकर शिक्षण प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाने के टिप्स दिए।

दिल्ली-देहरादून हाईवे स्थित स्प्रिंग डेल पब्लिक स्कूल प्रागण में आयोजित कार्यशाला का उद्घाटन बोर्ड की ओर से आई रिसोर्स पर्सन रुपाली सहगल और मानसी सिंघल ने संयुक्त रूप से किया। इसमें विशेषज्ञों ने शिक्षकों को कार्यस्थल पर तनाव की पहचान, उससे निपटने के लिए प्रभावी श्वास तकनीक, योग और माइंडफुलनेस अभ्यास की विधियों पर जानकारी दी, प्रतिभागियों को केस स्टडी, समूह चर्चा, गतिविधि आधारित प्रशिक्षण और संवादात्मक





सत्रों के माध्यम से व्यावहारिक अनुभव प्रदान किया गया। रुपाली सहगल ने शिक्षण कार्य में संतुलन और सकारात्मकता बनाए रखने के मनोवैज्ञानिक पहलुओं पर प्रकाश डाला। मानसी सिंघल ने दैनिक जीवन में योग और ध्यान के अभ्यास की उपयोगिता पर अपने विचार साझा करते हुए कहा आज के चुनौती पूर्ण समय में शिक्षक कल्याण सर्वोपरि है, ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम शिक्षकों के व्यावसायिक विकास के लिए बेहद जरुरी हैं।

कार्यशाला में सभी प्रतिभागियों को सीबीएसई की ओर से प्रमाण पत्र वितरित किये गए। इस मौके पर विद्यालय चेयरमैन साद फैजान सिद्दीकी, को-चेयरमैन अहमद सिद्दीकी आदि शिक्षक सहित विद्यालय का स्टाफ शामिल रहा।

# श्रीराम कथा में किया भगवान की ईश्वरीय लीलाओं का वर्णन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** क्षेत्रीय विधायक एवं लोक निर्माण विभाग के राज्यमंत्री कुंवर बृजेश सिंह के सौजन्म में चल रही श्रीराम कथा में दूसरे दिन कथा व्यास आचार्य शांतनु महाराज ने भगवान की ईश्वरीय लीलाओं का वर्णन किया। कहा कि भगवान की लीलाएं धर्म, नैतिकता और सही आचरण सिखाने का माध्यम हैं।

हाईवे स्थित मेपल्स एकेडमी में श्री रामलीला का वर्णन करते हुए आचार्य शांतनु महाराज ने कहा कि भगवान की सगुन (ईश्वरीय) लीलाओं को भक्ति व विश्वास के साथ सुनना चाहिए। ये लीलाएं व्यक्ति को जीवन के गहरे उद्देश्य को समझने तथा भगवान के प्रति भक्ति और प्रेम की भावना विक. सित करने का अवसर प्रदान करती हैं। कहा कि इस पृथ्वी पर जब जब असुरों के अत्याचार बढ़ते है तब तब प्रभु अवतार लेकर भक्तों को उनके संताप से मुक्त करते हैं। जो भक्त सब कुछ त्याग कर भगवान का स्मरण करते हैं प्रभु उनकी रक्षा उसी तरह करते है जैसे एक मां अपने बच्चे की रक्षा करती है। महाराज ने भगवान राम के जन्मोत्सव तथा मनु एवं



सतरूपा प्रसंग का भी वर्णन किया। कहा कि भगवान के जन्म की तिथि घोषित होते ही अयोध्या में बधाईयां बजने लगी थी। कथा के दौरान नगर क्षेत्र के भारी संख्या में लोग शामिल रहे।

# पं. राजपाल शास्त्री की मनाई 17वीं पुण्यतिथि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** जिला आर्य उप प्रतिनिधि सभा द्वारा नगली महनाज गांव में वैदिक प्रचारक स्व. पं. राजपाल शास्त्री की 17वीं पुण्यतिथि मनाई गई। भजनों के माध्यम से वेद मार्ग पर चलने का उपदेश दिया गया। इस दौरान गांव में स्थित आर्य समाज भवन के जीर्णोद्धार अवसर पर हवन यज्ञ का आयोजन भी किया गया।





कार्यक्रम में नई दिल्ली से आए स्वामी आर्यवेश ने कहा कि वेद ईश्वरीय ज्ञान है। जहां धर्म होता है वहां कभी अंधेरा नहीं होता। नियमित रूप से परमात्मा की स्तुति से बुद्धि, वाणी आदि में परिवर्तन हो जाता है। उन्होंने गायत्री महामना मंत्र की महत्ता बताई और कहा कि इस मंत्र के उच्चारण से जीवन बदल सकता है। इस मौके पर पंडित अमरेश आर्य व सुरेंद्र आर्य ने भजनों के माध्यम से वेद मार्ग पर चलने की बात कही। हवन यज्ञ को विनीत शास्त्री ने संपन्न कराया। अध्यक्षता पूर्व प्रधान मांगेराम आर्य एवं संचालन चौ. विपिन आर्य ने किया। जिला आर्य प्रतिनिधि सभा सहारनपुर के प्रधान महिपाल आर्य, मुकेश आर्य, डा. सुरेंद्र आर्य, अजब सिंह आर्य, चौ. विपिन सिंह आर्य, देवेंद्र आर्य गंगोह, एडवोकेट अभय आर्य, स्वामी कृष्णानंद, हाकम सिंह हरिद्वार, सरिता आर्या, मधु शास्त्री, राजेंद्र आर्य पानीपत, बलराज चौधरी, पंकज कुमार आर्य आदि मौजूद रहे।

# ग्रामीणों को दी बैंकिंग संबंधी जानकारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक के 50 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भायला कलां शाखा में स्वच्छता एवं वित्तीय साक्षरता विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया। इसमें ग्रामीणों को बैंकिंग संबंधी जानकारियां दी गईं। भायला कलां शाखा में आयोजित कार्यशाला में क्षेत्रीय कार्यालय की ओर से आए अधिकारी जोगध्यान शर्मा ने बताया कि वर्तमान में बैंक के 65 क्षेत्रीय कार्यालय, पूरे प्रदेश में 4330 शाखाएं तथा लगभग 19000 लोगों का स्टाफ ग्रामीण एवं शहरी जनता को सेवाएं प्रदान कर रहा है। उन्होंने ग्रामीणों को आईएफएससी कोड में परिवर्तन की जानकारी दी साथ ही स्वच्छता के फायदे बताते हुए कहा कि यदि हम अपने घर एवं आसपास के परिवेश को साफ-सुथरा रखें तो न केवल हमारा स्वास्थ्य सुरक्षित रहेगा बल्कि हम पर्यावरण को भी बेहतर बना सकते हैं। देवबंद शाखा के वरिष्ठ प्रबंधक गौरव कुमार ने बैंक की ऐतिहासिक यात्रा एवं वर्तमान स्वरूप के बारे में बताया। इस मौके पर क्षेत्रीय प्रबंधक यूसुफ खान, सचिन त्यागी, भायला इंटर कॉलेज के प्रबंधक राजकिशोर, ग्राम प्रधान देवेंद्र राणा, ओमपाल सिंह, फील्ड ऑफिसर ऋषीपाल सिंह रावत, विभोर शर्मा, मनोज शर्मा, राजेश कुमार आदि ग्रामीण शामिल रहे।

# दशहरा मेले में उमड़ी भीड, सुरक्षा के रहे कड़े इंतजाम

**शाहपुर।** दशहरा मेले में ऐतिहासिक भीड़ उमड़ी, पिछले सभी रिकॉर्ड टूटे सुरक्षा के पहली बार बेहतरीन कडे इंतजाम देखने को मिले पश्चिम यूपी का सबसे भव्य आयोजन है शाहपुर का दशहरा--उमेश मलिक सदैव ऐतिहासिक रहा शाहपुर का रामल. ीला मंचन एक डाक्टर प्रदीप चौहान शाहपुर में ऐतिहासिक आयोजन के लिए कमेटी बधाई की पात्र -एसपी आदित्य बंसल शाम 5 बजकर 38 मिनट पर धू धू कर जला अहंकारी रावण शाहपुर। शाहपुर में इस बार दशहरे के मेले में उमड़ी भीड़ ने पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ डाले। हजारों क्षेत्रवासियों की मौजूदगी में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम ने लंकापति रावण के पुतले को आग के हवाले कर निश्चर हीन करूं महि धरती के अपने संकल्प को पूरा किया। अधर्म पर धर्म, बुराई पर अच्छाई, असत्य पर सत्य की जीत का पर्व विजयदशमी परंपरागत ढंग से मनाया गया। दशहरे के मेले में शाम 5 बजकर 38 मिनट पर नगर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. कुलदीप सिंह चौहान, डॉ. प्रदीप सिंह चौहान एवं भाजपा पूर्व विधायक उमेश मलिक ने संयुक्त रूप से रावण के भीमकाय पुतले को आग के हवाले किया, तो समस्त वातावरण जय श्री राम के उद्घोष से गूंज उठा।

इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष हाजी अकरम कुरैशी ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। श्री रामलीला मैदान में आयोजित दशहरे मेले में अहिरावण वध की लीला का मंचन किया गया। मेले में इस बार सुरक्षा को लेकर कड़े इंतजाम किए गए थे। एस पी देहात, एसडीएम, तहसीलदार के साथ साथ थाना प्रभारी कई थानों के पुलिस एवं पीएसी बल के साथ मेला स्थल पर मौजूद रहे। विजयदशमी पर शाहपुर में सुबह से ही सनातन धर्मावलंबियों ने अपने घरों एवं प्रतिष्ठानों की साफ-सफाई कर एवं अस्त्र शस्त्रों तथा बहीखाता के साथ पायता पूजा, लेकिन प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी मुख्य आकर्षण नगर का रामलीला मैदान ही रहा। थाना प्रभारी मोहित चौधरी के नेतृत्व में कस्बा चौकी इंचार्ज राहुल कुमार एवं सभी हल्का इंचार्ज दरोगा आसपास के थानों का पुलिसबल निरंतर मेले में गस्त करता रहा, जिस कारण कोई भी अप्रिय घटना घटित नहीं हुई।

# स्मार्ट मीटर से संबंधित जानकारियां उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराएं: मनोज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** उपभोक्ताओं के हित में विद्युत विभाग पूरी तरह सजग है। उपभोक्ता सर्वोपरी है। स्मार्ट प्री पेड उपभोक्ताओं के हित में विभिन्न बाते विभाग द्वारा समय-समय पर बताई जा रही है और इसके लिए सभी तरह की जानकारियां भी विभाग उपभोक्ताओं को अलग-अलग माध्यम से दे रहा है।

विद्युत नगरीय वितरण मंडल मुजफ्फरनगर के अधीक्षण अभियन्ता मनोज कुमार यादव ने अपने विभाग के अधीनस्थ अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए बताया की उपभोक्ताओं का हित सर्वोपरी है और उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर से संबधित कोई जानकारी चाहिए तो वह उन्हें अच्छी तरह समझाएं और उन्हे बताएं। मनोज कुमार यादव ने बताया की मण्डल के अन्तर्गत जिन क्षेत्रों में स्मार्ट मीटर स्थापित किए जा चुके है अथवा लगाए जा रहे है। उन क्षेत्रों में विद्युत उपभोक्ताओं को (यू0पी0पी0सी0एल स्मार्ट कंज्यूमर) मोबाइल एप उनके मोबाइल में डाउनलोड कराकर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए साथ ही यह स्पष्ट किया जाए की उपभोक्ता को पूर्व के पोस्टपेड अवधि का बकाया भुगतान एवं रिचार्ज दोनों करना है। उपभोक्ता को मोबाइल एप के माध्यम से विभिन्न सुविधाएं मिलेगी जिसमें। जिसमें मासिक, दैनिक एवं हर घंटे की खपत, पोस्ट पेड बकाया एवं प्री पेड बैलेंस, बकाया भुगतान एवं प्री-पेड रिचार्ज, मासिक बिल एवं मासिक प्री-पेड का विवरण, दैनिक रूप से कटी धनरा. शि का विवरण एवं शिकायत दर्ज कराना मुख्य है। इस संबध में अधीक्षण अभियन्ता मनोज कुमार ने विद्युत नगरीय वितरण खण्ड, टाउन हाल/ जानसठ/सिविल लाइन विद्युत नगरीय परीक्षण खण्ड मुजफ्फरनगर के अधिशासी अभियन्ता को प्रचार-प्रसार के लिए दिशा निर्देश दिए है।

# ग्राम समाज की भूमि पर कब्जे की कोशिश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** सूर्य नगर कॉलोनी में ग्राम समाज की भूमि को लेकर विवाद एक बार फिर गहरा गया है। शुक्रवार को मौहल्ले के लोगों ने उपजिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। लोगों का आरोप है कि कॉलोनी का ही एक दबंग व्यक्ति रेलवे फाटक के पास स्थित ग्राम समाज की जमीन पर कब्जा करने की कोशिश कर रहा है।



## राजस्व विभाग पर पक्षपात का आरोप

मौहल्लेवासियों का कहना है कि इस मुद्दे पर कई बार प्रशासन से शिकायतें की गईं, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। अब आरोप है कि राजस्व विभाग के एक लेखपाल ने बिना किसी जांच के गलत रिपोर्ट लगा दी है, जिससे कब्जा करने वाले को बढ़ावा मिल रहा है।

स्थानीय लोगों ने चेताया कि यदि ग्राम समाज की भूमि पर कब्जा हुआ तो कॉलोनी का रास्ता संकरा हो जाएगा और लोगों के आने-जाने में कठिनाई होगी। इस दौरान मौहल्ले की महिलाओं और पुरुषों की बड़ी संख्या मौजूद रही। उन्होंने संयुक्त रूप से जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सौंपा।

सविता अरोड़ा, दीपा चौधरी, किरण चौहान, लोकेश कुमारी, पारुल चौहान, बबीता, कमला, उमा, धर्मावती, आदेश, ममता, वर्षा कश्यप, सुमित्रा, आशा सहित अन्य लोगों ने भूमि पर अतिक्रमण रोकने और कब्जा हटाने की मांग की। लोगों ने स्पष्ट कहा कि यदि प्रशासन ने समय रहते कदम नहीं उठाए तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

# कंपोजिट स्कूल में मिशन शक्ति टीम ने बालिकाओं को किया जागरूक

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** मिशन शक्ति फेस 5.0 के अंतर्गत कस्बा खतौली के कंपोजिट स्कूल साथेड़ी रोड पर एंटी रोमियो मिशन शक्ति टीम ने छात्राओं को महिला सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियाँ दीं। इस दौरान टीम ने हेल्पलाइन नंबरों के बारे में विस्तार से जानकारी साझा की। मिशन शक्ति टीम ने बालिक. ाओं को महिला हेल्पलाइन 1090, चाइल्ड केयर 1098, घरेलू हिंसा 181, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, साइबर क्राइम 1930, एंबुलेंस 108, तथा स्वास्थ्य सेवा



102 नंबरों से अवगत कराया गया। साथ ही छात्राओं को गुड टच-बैड टच के प्रति भी जागरूक किया गया।

इसी क्रम में थाना खतौली स्थित मिशन शक्ति केंद्र पर आवेदिका मुस्कान पत्नी कुणाल निवासी होली चौक खतौली द्वारा पति के खिलाफ प्रार्थना पत्र दिया गया था। शक्ति केंद्र की ओर से पति-पत्नी की काउंसलिंग कर विवाद का निस्तारण कराया गया। काउंसलिंग के बाद दंपति ने मिशन शक्ति टीम का आभार व्यक्त किया और खुशी-खुशी घर लौटे।

# वन्य जीवों की सुरक्षा के लिए वन विभाग की टीम ने किया गश्त



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बढ़ापुर।** वन्य प्राणी सप्ताह के अंतर्गत वन्य जीवों की सुरक्षा के लिए लोगों को जागरूक करने के लिए बढ़ापुर व साहूवाला वन रेंज ने उत्तराखंड की पाखरो और मोरघाटी वन विभाग की टीम के साथ संयुक्त रूप से क्षेत्र में गश्त किया गया। इस दौरान लोगों से वन्य सुरक्षा की अपील की गई।

वन विभाग द्वारा वन एवं वन्य जीवों की सुरक्षा हेतु लोगों को जागरूक करने के लिए एक अक्टूबर से सात अक्टूबर तक वन्य प्राणी सप्ताह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में डीएफओ नजीबाबाद अभिनव राज, एसडीओ अंशमान मित्तल, बढ़ापुर वन क्षेत्राधिकारी रमेश कुमार यादव, साहूवाला वन क्षेत्राधिकारी रामवृक्ष राव ने उत्तराखंड की पाखरो व मोरघाटी के वन क्षेत्राधिकारियों के साथ संयुक्त रूप से कस्बे में पैदल गश्त किया।

गश्त नगर पंचायत से शुरू होकर मौहल्ला नौमी, पुलिस चौकी, मेन बाजार, कुंजैटा तिराहे से होते हुए बस स्टैंड तक किया गया।

# अपात्रों से आवास खाली कराने की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** समाजसेवी द्वारा आईजीआरएस पोर्टल पर मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को शिकायत भेज कर डूडा कॉलोनी में अपात्र अवैध कब्जा धारियों से आवास खाली करा कर पात्र लोगों को कब्जा दिलाने की मांग की। प्राप्त समाचार के अनुसार मौहल्ला गौहर अली खां निवासी समाजसेवी शाहनवाज हसन ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पोर्टल आईजीआरएस पर शिकायत दर्ज कराते हुए नगर की डूडा कॉलोनी में बने आवासों पर सम्बंधित अधिकारियों द्वारा निजी स्वार्थ कि पूर्ति के लिए नगर से बाहरी व आपात्रों को अवैध रूप से कब्जा तथा अवैध आवंटन करा दिया गया। जबकि नगर निवासी बेसहारा गरीब व्यक्ति के परिवार डूडा कॉलोनी में आवास आवंटित होने के बावजूद हाथ में रसीद लिए कब्जा लेने के लिए भटक रहे हैं। नगर के मौहल्ला चिरंजी लाल निवासी ओमवती पत्नी मान सिंह रसीद संख्या 27 तथा धीरू सिंह पुत्र दयाल सिंह रसीद संख्या 28 जैसे असहाय गरीब परिवार डूडा कॉलोनी में आवास आवंटित होने के बावजूद कब्जा लेने के लिए दर-दर की ठोकरें खा रहे है। कहीं भी उनकी सुनवाई नहीं हो रही है समाजसेवी शाहनवाज हसन ने गरीबों का दुख दर्द देखते हुए मुख्यमंत्री को शिकायत कर निष्पक्ष जांच उपरांत अवैध कब्जा धारियों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए पीड़ित पात्र परिवारों को कब्जा दिलाने की मांग की।

गौरतलब है कि नगर में गरीब, जरूरतमंद पात्र परिवार टूटे-फूटे कच्चे आवासों में जीवन व्यतीत कर रहे हैं, जिन्हें आज तक प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिला। यही हाल डूडा आवास योजना का है। नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भारी मात्रा में रसूखदार पूंजीपतियों को प्रधानमंत्री आवास योजना में आवास आवंटित कर दिए गए।

# मिशन शक्ति अभियान: धामपुर में कोतवाल ने दी सुरक्षा की पाठशाला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** प्राथमिक विद्यालय नींदडू में मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत धामपुर कोतवाल राजेश चौहान ने बच्चों और अभिभावकों को सुरक्षा संबंधी जानकारी दी।

कोतवाल ने कहा कि प्रदेश सरकार महिलाओं की सुरक्षा के लिए गंभीर है। अगर कोई महिला रात के समय अकेली है, तो वह 112 नंबर पर कॉल करके पुलिस से मदद मांग सकती है। महिला पुलिस पीआरवी तुरंत मौके पर पहुंचेगी और उसे सुरक्षित घर तक पहुंचाएगी।

कोतवाल ने अभिभावकों से भी अपील की कि यदि बच्चा स्कूल जाने में हिचकिचाए या किसी तरह की परेशानी व्यक्त करना चाहे, तो उसकी बात को गंभीरता से सुना जाए। बच्चों की छोटी-छोटी बातें कई बार बड़ी घटनाओं को रोक सकती हैं। कार्यक्रम में महिला पुलिसकर्मी ने बच्चों को गुड टच और बैड टच के बारे में जागरूक किया। बच्चों और अभिभावकों ने इस पहल की सराहना की।

# महापुरुषों को दी श्रद्धांजलि

**नगीना।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर पुलिस क्षेत्राधिकारी डॉ. अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने कार्यालय में श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने दोनों महापुरुषों के चित्रों पर पुष्प अर्पित किए और राष्ट्र की एकता, स्वतंत्रता व अखंडता की शपथ दिलाई। पुलिस क्षेत्राधिकारी ने इस अवसर पर गांधी जी के जीवन से जुड़ी महत्वपूर्ण और प्रेरणादायी घटनाओं का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार गांधी जी राष्ट्रपिता कहलाए।

**सूचना**

Shahaneer S/O Mohd Aslam, R/O Vill Manki, Post & PS Deoband, Saharanpur Uttar Pradesh-247554, have changed my name and shall hereafter be Known as Muhammad Shan Aslam

## ● भारत तीसरे दिन ही अहमदाबाद टेस्ट जीत जाएगा!

# राहुल, जुरेल और जडेजा की सेंचुरी

### ● पहली पारी में वेस्टइंडीज पर 286 रनों की बढ़त ली

**अहमदाबाद, वार्ता।** भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ अहमदाबाद में खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच पर पकड़ मजबूत कर ली है। मुकाबले के पहले दिन वेस्टइंडीज की पहली पारी 162 रन पर समेटने के बाद भारत ने दूसरे दिन अपनी पहली पारी में 5 विकेट पर 448 रन बना लिए हैं। आलराउंडर रवींद्र जडेजा 104 और वाशिंगटन सुंदर 9 रन पर नाबाद लौटे। जडेजा से पहले ध्रुव जुरेल (125 रन) और केएल राहुल (100 रन) ने भी सेंचुरी लगाई। पहली पारी के आधार पर भारत की बढ़त 286 रन की हो गई है। अब इस बात की संभावना काफी बढ़ गई है कि यह मुक. ाबला तीसरे दिन ही समाप्त हो जाए। वेस्टइंडीज अगर दूसरी पारी में संघर्ष करता है, तब भी मैच का चौथे दिन से आगे जा पाना काफी मुश्किल है। भारतीय टीम ने दूसरे दिन 121/2 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। कप्तान शुभमन गिल ने पहले दिन के अपने स्कोर में 32 रन और जोड़े। वे पूरे 50 रन बनाकर रोस्टन चेज की गेंद पर जस्टिन ग्रीव्स को कैच थमा बैठे। गिल ने 48 गेंदों का सामना किया और 4 चौके जमाए। गिल और केएल राहुल ने तीसरे विकेट की साझेदारी में 98 रन जोड़े। केएल राहुल ने करियर की 11वीं सेंचुरी जमाई भारतीय ओपनर केएल राहुल ने करियर की 11वीं सेंचुरी जमाई। वे पूरे 100 रन बनाकर आउट हुए।उन्होंने 197 गेंदों का सामना किया और 12 चौके जमाए। उनका विकेट लेफ्ट आर्म स्पिनर जोमेल वारिकैन को मिला। यह राहुल की वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में दूसरी सेंचुरी है। उन्होंने सबसे ज्यादा पांच सेंचुरी इंग्लैंड के खिलाफ जमाई है। साउथ अफ्रीका और वेस्टइंडीज के खिलाफ उनके नाम दो-दो सेंचुरी है। आस्ट्रेलिया और श्रीलंका के खिलाफ उन्होंने एक-एक शतक लगाया है। जुरेल और जडेजा के बीच 206 रन की पार्टनरशिप जिस समय राहुल आउट हुए थे भारत का स्कोर 218 रन था। इसके बाद विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल और आलराउंडर रवींद्र जडेजा ने पांचवें विकेट के लिए 206 रन की पार्टनरशिप कर भारत को बेहद मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। जुरेल ने 190 गेंदों पर 12 चौके और 2 छक्के की मदद से शतक पूरा किया। यह जुरेल के टेस्ट करियर का पहला शतक है। इससे पहले उनका बेस्ट स्कोर 90 रन था। वहीं, जडेजा ने 168 गेंदों पर 6 चौके और 5 छक्के जमाते हुए सेंचुरी बनाई। वे अपनी अब तक 176 गेंद खेलकर 104 रन बना लिए हैं। तीसरे दिन कैसे खत्म हो सकता है मुकाबला भारतीय टीम की बढ़त आलरेडी 286 रन की हो गई है। चौथे दिन टीम इंडिया 400 के आस-पास की लीड लेकर पारी घोषित कर सकती है। वेस्टइंडीज की टीम पहली पारी में 44 ओवर ही टिक पाई थी। दूसरी पारी में भी ऐसा होता है तो यह मैच तीसरे दिन ही अपने अंजाम पर पहुंच सकता है। 126वें ओवर की तीसरी बाल पर रवींद्र जडेजा ने शतक पूरा कर लिया है। उन्होंने जोमेल वारिकन की तीसरी बाल पर एक रन लेकर शतक पूरा किया। उसके बाद अपने ट्रेडमार्क स्टाइल में सेलिब्रेट किया। जडेजा ने बल्ले को तलवार की तरह हवा में लहराया। 123वें ओवर में भारत ने 5वां विकेट गंवाया। यहां पर ध्रुव जुरेल 125 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें खारी पियर को शाई होप के हाथों कैच कराया। पियर ने 206 रन की पार्टनरशिप ब्रेक की। भारतीय टीम ने वेस्टइंडीज के खिलाफ अहमदाबाद टेस्ट में अपनी पहली पारी में 400 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। जुरेल ने 120वां ओवर डाल रहे जोमेल वारिकन की दूसरी गेंद पर चौका लगाया। इसी चौके ने टीम का स्कोर 400 पार पहुंचा दिया। 116वें ओवर में ध्रुव जुरेल ने पहली टेस्ट सेंचुरी पूरी की। उन्होंने रोस्टन चेज के ओवर की आखिरी बाल पर चौका लगाया और शतक पूरा किया।



केएल राहुल

## संक्षिप्त खेल समाचार

### भारत 'ए' महिला हॉकी टीम चीन दौरे पर पांच मैच खेलेगी

**नई दिल्ली, वार्ता।** अनुभवी डिफेंडर मनीषा चौहान की अगुवाई में भारत ए महिला हॉकी टीम चीन दौरे पर 13 से 21 अक्टूबर तक लियाओलनग के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला खेलेगी। ये सभी मैच डालियान के लियाओनिंग स्पोर्ट्स सेंटर में खेले जाएंगे और यह भारतीय महिला हॉकी प्रतिभाओं की अगली पीढ़ी के लिए बहुमूल्य अंतर्राष्ट्रीय अनुभव और प्रतिस्पर्धी मैचों का अनुभव प्राप्त करने का एक महत्वपूर्ण कदम है। भारतीय महिला हॉकी का यह कार्यक्रम उभरते हुए एथलीटों को अंतर्राष्ट्रीय परिस्थितियों में अपनी क्षमता का परीक्षण करने और रैंक में आगे बढ़ने से पहले नई चुनौतियों के अनुकूल होने का एक मंच प्रदान करता है। भारतीय महिला हॉकी टीम के विश्लेषणात्मक कोच डेव स्मोलेनर्स ने इस अवसर के बारे में कहा कि हमने अपार संभावनाओं वाली एक मजबूत, युवा टीम तैयार की है।

### यश की अगुवाई में गेंदबाजों ने दिलाई विदर्भ को बड़ी बढ़त

**नागपुर, वार्ता।** ठाकुर (चार विकेट), पार्थ रेखड़े और हर्ष दुबे (दो-दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर विदर्भ ने शुक्रवार को ईरानी ट्रॉफी के तीसरे दिन शेष भारत को 214 के स्कोर पर ढ़ेर करने के बाद दूसरी पारी में स्टंप के समय दो विकेट पर 96 रन बना लिए है और उसकी बढ़त 224 रनों की हो गई है। शेष भारत ने कल के पांच विकेट पर 142 रन से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में शेष भारत का पहला विकेट मानव सुथार (एक) के रूप में गिरा। उन्हें आदित्य ठाकरे ने आउट किया। इसके बाद सारांश जैन (10), आकाश दीप (14) रन को यश ठाकुर ने आउट किया। शेष भारत का नौवां विकेट रजत पाटीदार के रूप में गिरा।

# शतकवीरों के अलग-अलग सेलिब्रेशन

**अहमदाबाद, वार्ता।** वेस्टइंडीज के खिलाफ अहमदाबाद टेस्ट में शुक्रवार को तीन भारतीय बल्लेबाजों केएल राहुल,

ध्रुव जुरेल और रवींद्र जडेजा ने शतक लगाए। तीनों बैटर्स ने अपने शतक को अलग अंदाज में सेलिब्रेट किया। राहुल ने सीटी बजाई, जडेजा ने बैट को तलवार की तरह घुमाया तो वहीं ध्रुव जुरेल ने आर्मी में रहे अपने पिता को आर्मी स्टाइल में सैल्यूट किया। बतौर कप्तान शुभमन गिल भारत में पहला मैच खेल रहे हैं। गिल ने भारत की पहली पारी में 50 रन बनाए। यह कप्तान के रूप में गिल की देश में पहली फिफ्टी है। उन्होंने 56वें ओवर में खारी पियर की आखिरी बाल पर एक रन लेकर फिफ्टी पूरी की। यह वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट में भी उनकी पहली हाफ सेंचुरी रही। केएल राहुल ने भारतीय पारी के 65वें ओवर में अपना शतक पूरा किया। ये उनके टेस्ट करियर का 11वां और भारत में दूसरा शतक है। उन्होंने 2016 के बाद से घर पर एक भी सेंचुरी नहीं लगाई थी।

### ● केएल राहुल ने सीटी बजाई रवींद्र जडेजा ने बैट को तलवार की तरह लहराया, ध्रुव जुरेल ने आर्मी सैल्यूट किया

राहुल ने शतक पूरा करने के बाद पहले हेलमेट पर लगे तिरंगे को चूमा और फिर सीटी बजाई। सोशल मीडिया पर फैंस का कहना है कि केएल राहुल ने ये जश्न अपनी बेटी को समर्पित किया है।

राहुल के बेटी इवारा इसी साल 24 मार्च को पैदा हुई थी। ध्रुव जुरेल ने 71वें ओवर में भारतीय पारी का पहला छक्का लगाया। रोस्टन चेज की बैक आफ लेंथ बाल पर ध्रुव जुरेल बैकफुट पर गए और मिडविकेट के ऊपर शानदार छक्का लगाया रवींद्र जडेजा ने जोमेल वारिकन की बाल पर सिंगल लेने के साथ 168 बाल पर अपनी सेंचुरी पूरी की। इसके बाद उन्होंने अपने बैट को तलवार की तरह लहराया और सोर्ड सेलिब्रेशन किया।



रवींद्र जडेजा

जडेजा अक्सर फिफ्टी या सेंचुरी पूरी करने पर इसी तरह सोर्ड सेलिब्रेशन करते हैं। भारतीय पारी के 116वें ओवर में ध्रुव जुरेल ने पहली टेस्ट सेंचुरी पूरी की। उन्होंने रोस्टन चेज के ओवर की आखिरी बाल पर चौका लगाया और शतक पूरा किया। सेंचुरी लगाने के बाद जुरेल ने आर्मी स्टाइल में पिता को सेंचुरी डिडकेट की। ध्रुव ने अपने बल्ले को आर्मी जवान की राइफल बना दिया और फिर सैल्यूट भी किया।

ध्रुव जुरेल के पिता नेम चंद भारतीय सेना से रिटायर हवलदार हैं। जुरेल 125 रन बनाकर आउट हुए।



ध्रुव जुरेल

# चानू ने वर्ल्ड वेटलिफ्टिंग में जीता रजत




**नॉर्वे, वार्ता।** भारतीय महिला भारोत्तलक मीराबाई चानू ने गुरुवार को आयोजित वर्ल्ड वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप 2025 में महिलाओं की 48 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीता।

यहां वर्ल्ड वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में चानू ने कुल 199 किग्रा (84 किग्रा स्नैच प्लस 115 किग्रा क्लीन एंड जर्क) वजन उठाकर ओवऑल रैंकिंग में दूसरा स्थान हासिल किया। चानू ने स्नैच में 84 किग्रा उठाकर मजबूत शुरुआत की। हालांकि, वह 87 किग्रा के दोनों प्रयासों में असफल रहीं।

इसके बावजूद 84 किग्रा का प्रयास उन्हें स्नैच में कांस्य पदक दिलाने के लिए पर्याप्त रहा। क्लीन एंड जर्क में उन्होंने 109 किग्रा से शुरुआत की, फिर 112 किग्रा उठाया और अंत में 115 किग्रा सफलतापूर्वक पूरा किया। इस प्रयास ने उन्हें क्लीन एंड

### ● मीराबाई चानू ने 109 किग्रा से शुरूआत की, फिर 112 किग्रा उठाया और अंत में 115 किग्रा सफलतापूर्वक पूरा किया

जर्क और कुल मिलाकर रजत पदक दिलाया। उन्होंने 2022 के बाद यह पदक जीता हैं। पेरिस 2024 ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहने के बाद यह उनकी दूसरी बड़ी प्रतियोगिता थी।

मौजूदा विश्व चैंपियन दक्षिण कोरिया की री सॉन्ग-गुम ने 213 किग्रा (91 किग्रा प्लस 122 किग्रा) के साथ स्वर्ण पदक जीता। क्लीन एंड जर्क में 122 किग्रा नया विश्व रिकॉर्ड है। थाईलैंड की थान्याथॉन सुकच. ारोएन ने 198 किग्रा (88 किग्रा प्लस 110 किग्रा) उठाकर कांस्य पदक हासिल किया। चानू का वर्ल्ड चैंपियनशिप इतिहास शानदार रहा है। उन्होंने 2017 में एनाहाइम में 48 किग्रा वर्ग में 194 किग्रा (85 किग्रा स्नैच प्लस 109 किग्रा क्लीन एंड जर्क) उठाकर स्वर्ण जीता था। वह कर्णम मल्लेश्वरी के 1994 और 1995 में लगातार दो खिताबों के बाद भारत की पहली विश्व चैंपियन बनीं।

2022 की बोगोटा चैंपियनशिप में उन्होंने 49 किग्रा वर्ग में 200 किग्रा (87 किग्रा स्नैच प्लस 113 किग्रा क्लीन एंड जर्क) उठाकर रजत पदक हासिल किया था। 2023 में उन्होंने 49 किग्रा वर्ग में वजन मापा लेकिन चोट से बचाव के लिए प्रतियोगिता में लिफ्ट नहीं किया। यह भारत का वर्ल्ड वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में 18वां पदक है। अब तक भारत के खाते में कुल तीन स्वर्ण, 10 रजत और पांच कांस्य पदक आए हैं, जो सभी महिला खिलाड़ियों के नाम हैं। पिछले महीने, मीराबाई चानू ने अहमदाबाद में आयोजित कॉमनवेल्थ वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप 2025 में स्वर्ण पदक जीतकर शानदार वापसी की थी।

# एरेल मिडलटन ने 10 बार की चैंपियन अनुभव चीनी स्टार को हराया

### दोनों एथलीटों के बीच प्रतिस्पर्धा बहुत जोरदार थी और एरेल ने बिना समय गंवाए चुनौती पेश की

**नई दिल्ली, वार्ता।** अमे. रिका की किशोरी एरेल मिडलटन ने शुक्रवार को जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में जारी इंडियनऑयल नई दिल्ली विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में महिलाओं की शॉटपुट एफ64 स्पर्धा में अनुभवी चीनी स्टार याओ जुआन को हराकर स्वर्ण पदक जीता। यहां दोनों एथलीटों के बीच प्रतिस्पर्धा बहुत जोरदार थी और एरेल मिडलटन ने बिना समय गंवाए चुनौती पेश की।

12.38 मीटर के प्रयास से उन्होंने शुरुआती राउंड के बाद पोल पोजिशन बरकरार रखी। चीनी दिग्गज ने सर्कल में अपनी दूसरी बार 12.42 मीटर थ्रो के साथ जवाब दिया और 12.82 मीटर के प्रयास के साथ बढ़त बढ़ा दी। 17 वर्षीय लंबी कद-काठी वाली एरेल मिडलटन हार मानने को तैयार नहीं थीं और उन्होंने अपनी चौथी बार 12-.95 मीटर थ्रो करके स्वयं को पूरी तरह से तैयार कर लिया। उन्होंने 12.93 मीटर से अधिक की एक और बड़ी थ्रो फेंकी जिससे पता चला कि उनका पिछला प्रयास कोई क्षणिक सफलता नहीं थी। लगभग 25 साल पहले प्रतिस्पर्धा शुरू करने वाली और छह पैरालंपिक खेलों के स्वर्ण और 10 विश्व चैंपियनशिप खिताबों के साथ दबाव से निपटने में माहिर 44 वर्षीय याओ हुआन ने अपने अंतिम प्रयास में अपना सब कुछ झोंक देने से पहले दो प्रयास फाउल किए। इसका परिणाम सुबह का उनका दूसरा सर्वश्रेष्ठ थ्रो, 12.52 मीटर, रहा, जिससे अमेरिकी खिलाड़ी को स्वर्ण पदक मिला। एरेल मिडलटन की जीत ने अमे. रिका को अधिक रजत पदकों के साथ तालिका में भारत से आगे निकलने में मदद की। वह चार स्वर्ण, छह रजत और छह कांस्य पदकों के साथ सातवें स्थान पर पहुंच गया, जबकि भारत के चार स्वर्ण, पांच रजत और दो कांस्य पदक हैं और वह आठवें स्थान पर खिसक गया है। भारत की पांचवें स्वर्ण पदक की उम्मीदें सिमरन पर टिकी हैं, जिन्होंने सेमीफ़ाइनल में 12:08 सेकंड के अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय के साथ महिलाओं की 100 मीटर टी12 फाइनल में आसानी से प्रवेश किया। उमर सैफी को अपना मार्गदर्शक बनाकर दौड़ते हुए, उन्होंने अपनी ऊर्जा को सही दिशा में निर्देशित किया और स्पेन की नागोर फोल्गाडो गार्सिया की कड़ी चुनौती को हराकर शुक्रवार शाम के फाइनल में जगह बनाई।

# फीफा विश्व कप-2026 की आधिकारिक मैच बॉल का अनावरण



**मास्को, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल महासंघ (फीफा) ने विश्वकप 2026 के लिए 'अगले साल के मेजबान देशों की एकता और जुनून' दर्शाने वाले मैच बॉल का आधिकारिक अनावरण किया।

इस अवसर फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने कहा कि फीफा विश्व कप 2026 के लिए आधिकारिक मैच बॉल आ गई है

### ● फीफा ने अगले साल के मेजबान देशों की एकता और जुनून दर्शाने वाले मैच बॉल का आधिकारिक अनावरण किया

और यह बेहद खूबसूरत है। मुझे ट्रायोंडा को प्रस्तुत करते हुए खुशी और गर्व हो रहा है। एडिडास ने एक और प्रतिष्ठित फीफा विश्व कप बॉल बनाई है, जिसका डिजाइन अगले साल के मेजबान देशों कनाडा, मेक्सिको और अमेरिका की एकता और जुनून को दर्शाता है। इन्फेंटिनो ने कहा कि आगामी टूर्नामेंट 'अब तक का सबसे शानदार फीफा विश्व कप' होगा। इस बॉल के डिजाइन में लाल, हरे और नीले रंग का इस्तेमाल किया गया है, जो तीनों मेजबान देशों को सम्मान देता है। इस पर प्रत्येक मेजबान देश के प्रतीक चिन्ह अंकित हैं। कनाडा के लिए मेपल का पत्ता, मेक्सिको के लिए चील और अमेरिका के लिए तारा। ट्रायोंडा नाम का स्पेनिश में अर्थ 'तीन लहरें' है, जो मेजबानों की तिकड़ी का प्रतीक है। गेंद में एक अत्याधुनिक मोशन सेंसर चिप लगी है, जो गेंद की गति की जानकारी देती है। यह तकनीक वीडियो असिस्टेंट रेफरी सिस्टम को वास्तविक समय में डेटा भेजती है।

### फाइनल में रेलवे और इंडियन ऑयल के बीच होगी खिताबी भिड़ंत

**नई दिल्ली, वार्ता।** सीनियर महिला अंतर-विभागीय राष्ट्रीय चैंपियनशिप के फाइनल में लवे खेल संवर्धन बोर्ड और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के बीच खिताबी भिड़ंत होगी।

शिवाजी स्टेडियम में पांचवीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला अंतर- विभागीय राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2025 के पहले सेमीफाइनल मैच में, रेलवे खेल संवर्धन बोर्ड ने भारतीय खेल प्राधिकरण को 3-1 से हराया। रेवले के लिए लालरेम्सियामी ने (सातवें), नवनीत ने (39वें) मिनट और वंदना कटारिया ने (50वें) मिनट ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक-एक गोल दागकर अपनी टीम को फाइनल में पहुंचाया। वहीं, साई के लिए गरलांका ने (53वें) मिनट में सांत्वना गोल दागा।

# इंग्लैंड ने द. अफ्रीका को 69 रन पर ढ़ेर किया



**गुवाहाटी, वार्ता।** लिंसी स्मिथ (तीन विकेट) तथा सोफी एकल्सटन, नेट साइवर-ब्रंट और शार्लेट डीन (दो-दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर इंग्लैंड की टीम ने शुक्रवार को महिला विश्वकप के चौथे मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 69 रन के स्कोर पर ढ़ेर कर दिया। यहां इंग्लैंड की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की टीम इंग्लैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे जूझती नजर आयी। दक्षिण अफ्रीका ने नियमित अंतराल पर अपने विकेट गंवाए और वह अच्छा स्कोर भी नहीं

### ● इंग्लैंड के लिए लिंसी स्मिथ ने चार ओवर में सात रन देकर तीन विकेट लिए, सोफी नेट और डीन ने दो-दो विकेट लिए

कर सके। दक्षिण अफ्रीका के लिए सिनालो जाफ्टा ने 36 गेंदों में तीन चौकों की मदद से सर्वाधिक 22 रन बनाये। शेष बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। इंग्लैंड ने सधी हुई गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए दक्षिण अफ्रीका की पूरी टीम को 20.4 ओवर में 69 रन के स्कोर पर ढ़ेर कर दिया।

इंग्लैंड के लिए लिंसी स्मिथ ने चार ओवर में सात रन देकर तीन विकेट विकेट लिए। तथा सोफी एकल्सटन, नेट साइवर-ब्रंट और शार्लेट डीन को दो-दो विकेट मिले। लॉरेन बेल ने एक बल्लेबाज को आउट किया। यह महिला विश्व कप में दक्षिण अफ्रीका दूसरा सबसे कम स्कोर है। महिला विश्व कप में उनका पिछला दूसरा सबसे कम स्कोर भी इंग्लैंड के खिलाफ था जोकि उन्होंने कटक में 2013 में बनाया था। महिला क्रिकेट विश्व कप में सबसे कम ओवरों में आउट होने वाली एकमात्र टीम पाकिस्तान थी, जिसने 1997 में हैदराबाद में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 13.4 ओवरों में केवल 27 रन बनाए थे।

# नियम अंदेखी पर लगेगा एनएसएः मनीष

## जिलाधिकारी ने एसएसपी आशीष तिवारी के साथ आतिशबाजी लाईसेंस धारकों के साथ की बैठक



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने कहा कि आतिशबाजी लाईसेंसी नियमों का पूरी तरह पालन किया जाये। साथ ही मानक के अनुसार कार्य नही करने और दुर्घटना होने पर एनएसए के तहत कार्रवाई होगी।

जिलाधिकारी मनीष बंसल ने यह बात वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी के साथ कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में दीपावली पर्व के दृष्टिगत आतिशबाजी लाइसेंसियों के साथ बैठक में कही। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी आतिशबाजी लाईसेंसी अपने लाईसेंस की क्षमता से अधिक आतिशबाजी का निर्माण न करें। सभी आतिशबाजी लाईसेंसी अपने-अपने स्थल पर सीसीटीवी कैमरे लगवाना सुनिश्चित करें। जिस आतिशबाजी लाईसेंसी को फूलझड़ी एवं अनार बनाने का लाईसेंस है, वह फूलझड़ी एवं अनार ही बनायेगे, उससे अलग अन्य पटाखों का निर्माण नहीं करेंगे। कोई भी आतिशबाजी लाईसेंसी माचिस, पोप-पोप तथा मिसाईल का निर्माण नही करेगा। सभी आतिशबा. जी लाईसेंस अपने रॉ मैटीरियल, तैयार माल स्टाक का पूर्ण लेखा बनाना सुनिश्चित करेंगे। सभी आतिशबाजी लाईसेंसी श्रम कानूनों का पालन करेंगे। जिलाधिकारी ने सभी उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी पुलिस तथा मुख्य अग्निशमन अधिकारी को निर्देश दिये कि तीनो एक सप्ताह के भीतर संयुक्त रूप से आतिशबाजी ईकाईयो का औचक निरीक्षण करेंगे, यदि मानक पूर्ण नहीं है तो उनके निलम्बन हेतु रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। सभी आतिशबाजी लाईसेंसी निर्धारित चौहद्दी के अंदर ही व्यवसाय करेंगे, यदि निर्धारित चौहद्दी के बाहर व्यवसाय किया जाता है तो उनके विरूद्ध कानूनी कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने सभी क्षेत्राधिकारियो को निर्देशित किया कि अपने-अपने थाना प्रभारी एवं बीट निरीक्षक को निर्देशित कर दें कि वह प्रत्येक आतिशबाजी इकांई का नियमित रूप से निरीक्षण करते रहे, यदि कोई कमी मिलती है तो तत्काल सूचित करें। श्रीबंसल द्वारा बैठक में निर्देशित किया गया कि दीपावली पर सभी लाईसेंसी मानकों का पालन करें। यदि किसी लाईसेंसी के यहां उनकी लाप. रवाही एवं मानक का उल्लंघन होने के कारण कोई दुर्घटना घटित होती है तो उसके विरूद्ध एनएसए के अंतर्गत कार्यवाही की जायेगी। इस अवसर पर सिटी मजिस्ट्रेट कुलदीप सिंह, एसडीएम सदर सुबोध कुमार, एसडीएम नकुड़ सुरेन्द्र कुमार, एसडीएम रामपुर मनिहारान डॉक्टर पूर्वा सहित संबंधित अधिकारीगण एवं लाइसेंसधारी उपस्थित रहे।

# मुसलमानों ने लिया बसपा को मजबूत करने का संकल्प



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** रामपुर विधानसभा के गांव बेल्डा में लखनऊ चलो अभियान के तहत मुसलमानों ने बसपा को मजबूत करने का संकल्प लिया।

असद प्रधान के निवास स्थान पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे सहारनपुर मंडल के मुख्य मंडल प्रभारी नरेश कुमार गौतम, हाजी सरफराज, विधानसभा प्रभारी राजू पालीवाल, विधानसभा अध्यक्ष शीतल कुमार व विधानसभा जोन प्रभारी अशोक कुमार तथा सेक्टर देख रहेसोमपाल व पदम के नेतृत्व में लखनऊ चलो अभियान के तहत रैली में भारी भागेदारी का आहवान किया गया। बैठक में भारी तादाद में शामिल हुए मुसलमानों नेबहु. जन समाज पार्टी को मजबूत करने और 9 अक्टूबर को होने वाली रैली को सफल बनाने का संकल्प लिया। इस दौरान अरशद प्रधान, शहनवाज मुखिया, अब्दुल माजिद, राशिद, इमरान, मौ. शरीफ, लाल जरीफ, जनेश्वर, अब्दुल कादिर, निसार अहमद, अकरम, मौ. महताब, मौ. हम्माद, मनव्वर आलम व मौ. गुलफाम आदि मौजूद रहे।

# अवनीश कुमार को बनाया जिलाध्यक्ष



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उ प्र राज्य कर्मचारी एसोशिएशन सम्बन्ध राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी महासंघ व भारतीय मजदूर की बैठक में संगठन की मजबूती प्रदान करने के लिए शिक्षा विभागकी जनपद शाखा गैर शिक्षक कर्मचारी एसोसिएशन का गठन करते हुए अवनीश कुमार को जनपद अध्यक्ष बनाया गया।

लोक निर्माण विभाग के संघ भवन में आयोजित बैठक में धर्मेंद्र धवलहार ने बताया कि हमारा संगठन राष्ट्रवादी विचारधारा के साथ कार्य करते हुए कर्मचारियों की समस्याओं को निराकरण करने के लिए सदैव कार्य करता है। मंडल प्रभारी तरुण भोला ने कहा कि हमारा संगठन राष्ट्रवादी विचारधारा के साथ कार्य करके कर्मचारियों की पुरानी मांग पुरानी पेंशन बहाली के लिए संगठन सदेव कार्य करता है और करता रहेगा। सिंचाई विभाग इकाई अध्यक्ष रुपेश कुमार ने भी कर्मचारियों से अधिक से अधिक संख्या में संगठन को सहयोग करने की अपील की।

बैठक में गैर शिक्षक कर्मचारी एशोशियन की जिला कार्यकारिणी में अवनीश कुमार को जिलाध्यक्ष एवं देवेंद्र कुमार वशिष्ठ को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, कृष्ण कुमार राय को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया।

बैठक में कृष्ण कुमार, विकास आदिवाल ,संजय कुमार, अजय कुमार, प्रमोद कुमार, सोनी कुमार, विनय वर्मा ३, अर्जुन कुमार आदि उपस्थित रहे।

# इकरा हसन पर अशोभनीय टिप्पणी करने वालों पर हो कार्रवाईः टिंकू



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** कैराना सांसद चौधरी इकरा हसन के खिलाफ आपत्तिजनक शब्दों और अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने के संबंध में समाजवादी पार्टी का एक प्रति. निधिमंडल वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक और उप महानिरीक्षक से मिला।

पार्षद अभिषेक टिंकू अरोड़ा ने कहा कि सांसद इकरा हसन हमेशा सब वर्गों का सम्मान करती है और पिछले कुछ दिनों से लगातार कुछ असामाजिक तत्व उनके और उनके परिवार के खिलाफ आपत्तिजनक और अभद्र शब्दों का इस्तेमाल कर रहे हैं जो कि बिल्कुल बर्दाश्त करने योग्य नहीं है। यह समस्त महिला जाति का अपमान है। उन्होंने कहा कि इकरा हसन महिलाओं की प्रेरणा स्रोत है और लगातार समाज हित में कार्य करती हैं। एक नवंबर की रात को रोहि. हत नामक व्यक्ति ने 20/25 लोगो के साथ मिलकर इकरा हसन के प्रति अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया है और जिले का अमन चैन बिगड़ने का पूर्ण प्रयास किया है ऐसे लोगों पर सख्त कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए।

इस दौरान जिला कार्यालय प्रभारी फैसल सलमानी, युवजन सभा महानगर अध्यक्ष वासिल तोमर, एडवोकेट परवेज हसन, प्रदेश सचिव अधिवक्ता प्रकोष्ठ एडवोकेट जमाल साबरी, जिला प्रधान संगठन के जिलाध्यक्ष अनुज मदनुकि, मुबा. रिक हसन, बिलाल प्रधान, राजू सिंह, जे पी सिंह, रोहित, मूलचंद, अनुज सलाहपुर, अंकुश राठी आदि लोग मौजूद रहे।

## सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो से सांसद समर्थकों में उबाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** कोतवाली क्षेत्र के गांव छापुर में शिव मंदिर में हुई तोड़फोड़ प्रकरण के बीच सोशल मीडिया पर वायरल हुआ एक वीडियो माहौल को और भड़काने वाला साबित हुआ।

वीडियो में कुछ युवक कैराना सांसद इकरा हसन के खिलाफ बेहद आपत्तिजनक और अभद्र भाषा का इस्तेमाल करते दिखाई दे रहे हैं। वीडियो सामने आते ही सांसद समर्थकों में उबाल आ गया।

पुलिस ने तत्काल हरकत में आई तथा दैदपुरा निवासी सुरेंद्र सिंह की तहरीर पर रोहित प्रधान पुत्र चंद्रपाल निवासी ग्राम बीरा खेड़ी समेत 15 20 अज्ञात आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। सीओ अशोक कुमार सिसोदिया ने साफ शब्दों में चेतावनी दी है कि चाहे मंदिर तोड़फोड़ हो या सोशल मीडिया पर सांसद के खिलाफ अभद्र टिप्पणी दोनों ही मामलों में दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस व खुफिया विभाग ने सुरक्षा के लिहाज से स्थिति पर कड़ी नजर रखनी शुरू कर दी।

## सड़क किनारे मिला शव

**तीतरो।** शाम से गायब युवक का शव सड़क किनारे पड़ा मिला। गमगीन माहौल के बीच परिजनों ने शव का दाह संस्कार कर दिया।

गांव तबर्रकपुर निवासी अश्विन शाम के समय कस्बे में आया था। देर रात तक वह घर नहीं पहुंचा तो परिजन चिंतित हो गए। उन्होंने अश्विन को कई जगह पर तलाश किया लेकिन वह नहीं मिला। सुबह होने पर परिजनों को सूचना मिली एक युवक का शव नर्सरी के पास सड़क किनारे पड़ा है। सूचना मिलने के बाद परिजन मौके पर पहुंचे। युवक की पहचान होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। युवक का गमगीन माहौल के बीच दाह संस्कार कर दिया गया। अश्विन की उम्र 40 साल थी।

माना जा रहा है कि अश्विन के सिर में चोट लगने के कारण वह लहूलुहान हो गया और गंभीर चोट आने के कारण उसकी मौत हो गई।

# डा. कर्ण सैनी ने सम्मानित किए कलाकार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गागलहेड़ी।** श्रीराम लीला समिति द्वारा आयोजित दशहरा महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि डॉ कर्ण सिंह सैनी व एसओ प्रवेश शर्मा ने कलाक. ारों को सम्मानित करते हुए लोगो से श्रीराम के आदर्शों का पालन करने का आह्वान किया।

शनिवार देर शाम सब्जी मंडी स्थित रामलीला मंच पर श्रीराम व रावण की सेना में युद्ध के साथ श्रीराम द्वारा रावण का वध करने के साथ ही रावण का पुतला दहन किया गया। मुख्य अतिथि डॉ कर्ण सिंह सैनी व एसओ प्रवेश शर्मा ने निर्देशक राजेश कपिल, सह निर्देशक सूरज धीमान, रहतुलाल, सुशांत सहगल, हर्षित धीमान, चेतन शर्मा, आर्यन, गौरव घोलु, केशव धीमान, विदित, पंकज, अनमोल माहेश्वरी, विशु धीमान, हेमंत शर्मा को सम्मान चिन्ह प्रदान किये। श्रीराम लीला समिति ने मुख्य अतिथियो को स्मृति चिन्ह भेंट किये।

डॉ कर्ण सिंह सैनी व एसओ प्रवेश शर्मा ने श्रीराम को राजतिलक कर दशहरा महोत्सव का समापन किया। उन्होंने भव्य आयोजन के लिए श्रीराम लीला समिति को शुभकामनाएं दी। एसओ प्रवेश शर्मा व मिशन शक्ति केंद्र की महिला कांस्टेबल रेणु ने महिलाओं को महिला सशक्तिकरण के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

अध्यक्ष महेंद्र धीमान, मोहन लाल मेहंदीरत्ता, संजय यादव, अश्वनी मित्तल, मुकेश गोयल बड़ूली, प्रदीप जूस वाले, मुकुल पाल एडवोकेट, देवेंद्र यादव, कार्तिक जैन, अमित जैन जौहरी, सुरेंद्र कश्यप, प्रो कुलदीप कश्यप, प्रवीण कश्यप, राजेश कश्यप, सौरभ जैन, बिजेंद्र यादव, सोनू वर्मा आदि मौजूद रहे।

# शीशपाल जन्धेडा ने उतारी श्रीराम की आरती



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता चेयरमैन शीशपाल सिंह जन्धेडा ने भगवान श्रीराम की आरती उतारकर पुण्यलाभ कमाया।

भारतीय कला मंच रामलीला सभा गोविन्द नगर द्वारा विजय दशमी के पावन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में चेयरमैन शीशपाल सिंह जन्धेडा मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। शीशपाल जन्धेडा ने समाजसे. ेवी पुष्पेन्द्र चौधरी, शीशपाल चौधरी व अभय चौधरी के साथ रामलीला में अभिनय करने वाले कलाकारों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। उन्होने कहा कि आज हमें रामायण का अध्ययन कर भगवान श्रीराम के चरित्र को अपने जीवन में उतारने की आवश्यकता है। प्रभु श्रीराम ही हमारी जीवन की नैया को पार लगा सकते है।

# जिलेभर में जुमे की नमाज को लेकर पुलिस प्रशासन रहा चौकन्ना, शांतिपूर्ण हुई नमाज अदा













**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** बरेली में आई लव मोहम्मद् मामले को लेकर उत्पन्न हुए विवाद के बाद पूरे प्रदेश में अलर्ट के बाद जिले में भी पुलिस प्रशासन पूरी तरह चौकन्ना रहा।

शहर की जामा मस्जिद सहित जिलेभर की सभी प्रमुख मस्जिदों पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया। सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए सिटी मजिस्ट्रेट कुलदीप सिंह, मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रताप सिंह तथा सीओ मुनीष चंद स्वयं मौके पर मौजूद रहे। अधिकारियों ने लगातार स्थिति पर नजर बनाए रखी और नमाज अदा करने आए नमाजियों से शांति व सौहार्द बनाए रखने की अपील भी की। दोपहर बाद जामा मस्जिद में बड़ी संख्या में लोग जुमे की नमाज के लिए इकट्ठा हुए। निर्धारित समय पर नमाज अदा की गई और इसके उपरांत सभी नमाजी शांतिपूर्वक मस्जिद से बाहर निकलकर अपने-अपने गंतव्य की ओर रवाना हो गए। पूरे दौरान कहीं भी किसी प्रकार की अप्रिय घटना या अव्यवस्था की सूचना नहीं मिली। सुरक्षा के मद्देनजर शहर की मुख्य सड़कों, चौराहों तथा संवेदनशील स्थानों पर भी पुलिस फोर्स तैनात रही। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आमजन की सुरक्षा और शांति व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। नमाज सकुशल संपन्न होने के बाद पुलिस-प्रशासन ने राहत की सांस ली। जामा मस्जिद प्रबन्धक मौलवी फरीद मजाहिरी ने पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों के साथ शांति व्यवस्था बनाये रखने में अपना योगदान दिया। इस दौरान जामा मस्जिद प्रबन्धन कमेटी से जुडे चौ. मुजफ्फर, हाजी शाहिद जुबैरी आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

**बेहट।** नगर तथा संवेदन शील ग्रामीण इलाकों में जुमा की नमाज को लेकर मस्जिदों के आस पास पुलिस बल तैनात रहा तथा आला अधिकारियों ने कस्बे में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए गश्त करते रहे। कस्बे सहित कही भी किसी विरोध प्रदर्शन की कोई खबर नहीं आई है।

कानपुर तथा बरेली में हुए विरोध प्रदर्शन की आशंका को भांपते हुए स्थानीय पुलिस प्रशासन अलर्ट रहा।इलाके में शांति व्यवस्था बनी रहे इसी को लेकर कस्बे सहित क्षेत्र की मस्जिदों के आस पास में जुमा की नमाज शान्ति पूर्वक सम्पन्न कराने के लिए पुलिस फोर्स तैनात रहा। एस डी एम मानवेंद्र सिंह, सीओ एस एन वैभव पांडेय , कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सतपाल सिंह भाटी पुलिस बल के साथ नगर की मस्जिदों के आस पास भ्रमण करते रहे।लोगो ने शांति पूर्वक जुमा की नमाज अदा कर अपने घरों को लौट आए। कस्बे सहित श्रेत्र में कही भी किसी भी तरह के विरोध प्रदर्शन की खबर सामने नहीं आई है।एस डी एम मानवेंद्र सिंह , सीओ एसएन वैभव पांडेय, कोतवाली बेहट प्रभारी निरीक्षक सतपाल सिंह भाटी पुलिस बल के साथ कस्बे में मस्जिदों और मुख्य बाजारों में गश्त करते रहे। एस डी एम मानवेन्द्र सिंह ने बताया कि शान्ति व्यवस्था बनी रहे और कोई विरोध प्रदर्शन न हो प्रशासन अलर्ट है नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में किसी भी तरह का कोई धरना प्रदर्शन नहीं हुआ है।

**चिलकाना।** सुल्तानपुर नगर व ग्रामीण क्षेत्र की मस्जिदों में जुमा की नमाज शांतिपूर्ण रूप से अदा कराये जाने को लेकर स्थानीय पुलिस टीम अलर्ट मोड़ पर रही, सभी मस्जिदों के बाहर पुलिस का कड़ा पहरा रहा।

शुक्रवार को आय लव मोहम्मद पोस्टर प्रकरण के दृष्टिगत जुमा की नमाज को शांतिपूर्ण रूप से सम्पन्न कराये जाने को लेकर थाना प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार द्वारा अपनी पुलिस टीम के साथ नगर एवं ग्राम के मुख्य चौराहों, बाजारो व मस्जिदों के आस पास निगरानी की गई, वहीं इस दौरान एलआईयू टीम के जवान भी अपनी नजरें जमाये हुए थे। ज्ञात हो कि विगत शुक्रवार को जुमा की नमाज के बाद बरेली में बवाल होने की घटना सामने आई थी। नगर व क्षेत्र में इस कहीं पर भी इस प्रकार की कोई अप्रिय घटना घटित न हो इसी को दृष्टिगत रखते हुए आज पुलिस प्रशासन द्वारा कड़ी निगरानी की गई।

**मिर्जापुर।** कानपुर में आई लव मौहम्मद के फ्लेक्स विवाद और बरेली में विरोध प्रदर्शन के दौरान हुई झड़प के बाद स्थानीय पुलिस अलर्ट मोड पर है। जुमे की नमाज को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस ने कस्बे में पैदल मार्च निकाला और जुमे की नमाज के दौरान मस्जिदों के आसपास पुलिस बल तैनात रहा।

शुक्रवार को मिर्जापुर थाना प्रभारी निरीक्षक सुनील नागर ने भारी पुलिस बल के साथ गांव की गलियों में फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च थाना परिसर से शुरू हुआ और मदरसा फैजान ए रहीमी, गुजरान मस्जिद, बड़ा कुआं चौक, जामा मस्जिद, आयशा मस्जिद व छप्पर वाली मस्जिद सहित गांव की गलियों से होता हुआ मार्किट तक पहुंचा। इसके बाद जुमे की नमाज के दौरान मस्जिदों व मदरसों के आसपास पुलिस बल तैनात रहा। थाना प्रभारी निरीक्षक सुनील नागर ने बताया कि फ्लैग मार्च का मकसद जनता में सुरक्षा का एहसास कराना है। कहा कि कानून तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी उन्होंने ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें। इस दौरान एसएसआई बांके लाल, एसआई मौ. उस्मान व एसआई मुकेश कुमार सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

**अंबेहटा।** पिछले शुक्रवार को आई लव मोहम्मद पोस्टर विवाद के कारण हुई हिंसा के बाद संवेदनशील इलाकों में शांति सुनिश्चित करने के लिए पुलिस प्रशासन ने अलर्ट जारी कर दिया है।इसी कड़ी अंबेहटा और आसपास क्षेत्र में जुमे की नमाज शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस ने व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए। जुमे की नमाज के मद्देनजर एसपी देहात सागर जैन, नकुड क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार सिसोदिया,थाना प्रभारी संतोष कुमार त्यागी और चौकी प्रभारी विकास चारण ने संयुक्त रूप से नगर क्षेत्र में पैदल गश्त की। इस दौरान उन्होंने मस्जिदों एवं आसपास के संवेदनशील स्थानों का जायजा लिया तथा सुरक्षा व्यवस्था का मुआयना किया। अधिकारियों ने शांति बनाए रखने की अपील की और किसी भी प्रकार की अफवाह या उकसावे पर ध्यान न दे।

# बैडमिन्टन प्रतियोगिता की तैयारियों पर चर्चा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिला बैडमिंटन संघ ने राज्य स्तरीय अंडर 11 बैडमिंटन प्रतियोगिता की तैयारियों को लेकर चर्चा की।

संघ के अध्यक्ष पुण्य गर्ग के नंद वाटिका निवास स्थान पर आयोजित बैठक में मुख्य रूप से आगामी राज्य स्तरीय अंडर 11 प्रतियोगिता के बारे में विचार विमर्श किया गया। सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता से पूर्व एक जिला स्तरीय प्रतियोगिता 10 और 11 अक्टूबर को डा. भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में आयोजित कराई जाए। संघ के सचिव डा.संदीप गुप्ता ने बताया कि खेलने वाले खिलाड़ियों को सीधा स्टेट के लिए भी एंट्री कर दी जाएगी। जो खिलाड़ी इस जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे वह आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भी सीधे भाग ले पाएंगे। एंट्री संघ के कोषाध्यक्ष अंशुल कुमार तथा सचिव मनीष कुमार को दे सकते हैं।

डा.संदीप ने बताया कि इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में 1,00,000 का कैश प्राइज भी नियम अनुसार वित. रित किया जाएगा। इसके अलावा विभिन्न वर्गों में बैडमिंटन खिलाड़ियों के लिए आगामी साल में किसी उत्कर्ष खिलाड़ी को बुलाकर कोचिंग कैंप भी आयोजित करने पर भी निर्णय लिया गया।

इस दौरान मुकेश गुप्ता, रोहित पुंडीर, श्रीमती निशु राणा, श्रीमती सरिता, डा. अशोक कुमार गुप्ता, अतुल जैन, मनोज सिंघल आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# सम्पादकीय

**शनिवार, 4 अक्टूबर 2025**

# सेना प्रमुख की दोटूक

राजस्थान के श्री गंगानगर जिले के अनूपगढ़ में भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने आतंकवाद को लेकर पाक को कड़ा संदेश दिया। सैनिकों को संबोधित करते हुए उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि पाकिस्तान विश्व मानचित्र पर अपनी जगह बनाए रखना चाहता है, तो उसे अपनी धरती पर आतंकवाद को प्रायोजित करना बंद करना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि अब भारत ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दिखाए गए संयम को दोहराएगा नहीं और सबसे बड़ी बात जो उन्होंने कही वह यह है कि सैनिक अपने आपको पूरी तरह तैयार रखें भगवान ने चाहा तो मौका जल्द आएगा। जाहिर है उनके कहने का आशय यही था कि ऑपरेशन सिंदूर के समय भारत ने संयम बरता और केवल चुनिंदा टारगेट को ही अपना निशाने पर लिया। अब की बार ऐसा नहीं होगा। पाकिस्तान को इसकी भारी कीमत चुकानी होगी। वहीं वायु सेना प्रमुख मार्शल एपी सिंह ने भी शुक्रवार को पाक की तरफ से भारत के जेट गिराने के दावे को सिर्फ कहानियां जैसा बताया। उनके अनुसार सच्चाई यह है कि भारत ने ही पाकिस्तान के पांच फाइटर जेट तबाह किए, जिसमें एफ 16 और जे 17 भी शामिल हैं। वायु सेना प्रमुख ने यह भी कहा कि भारतीय सेना ने पाक में 300 किमी अंदर घुसकर हमला किया। यह दूसरी बार है जब उन्होंने इस तरह का दावा किया। अब से पहले वह नौ अगस्त को यह दावा कर चुके हैं, जब उन्होंने कहा था कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाक के पांच विमान गिराए गए थे। उन्होंने पाकिस्तान को ललकारते हुए कहा कि जिस तरह के दावे करते रहे हैं, उनको लेकर अगर उनके पास एक भी सबूत है तो वह सार्वजनिक रूप से दिखाएं। जबकि हमने उन्हें उनकी जगहों की सारी तस्वीरें दिखाई हैं। एमपी सिंह के अनुसार यह एक उच्च तकनीक वाला युद्ध था, जिसमें हमने 80 से 90 घंटों के अंदर इतना नुकसान किया कि पाकिस्तान घुटनों पर आ गया और उन्हें पता चल गया कि अगर वह इस युद्ध को जारी रखते हैं तो इसकी उन्हें भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। इसलिए उन्होंने भारतीय डीजीएमओ को संदेश भेजा कि वह बात करना चाहते हैं, जिसे हमने स्वीकार कर लिया। इस युद्ध की सफलता का श्रेय उन्होंने राजनीतिक इच्छाशक्ति को दिया। उनका कहना था कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का प्रमुख कारण राजनीतिक इच्छाशक्ति का होना था। हमें स्पष्ट निर्देश दिए गए थे। सेना को खुली छूट थी कि जैसे चाहें आगे बढ़ें। तीनों सेनाओं के बीच कॉर्डिनेशन भी बेहद कारगर साबित हुआ। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सीडीएस के पद ने वास्तव में अंतर पैदा किया। मतलब साफ है कि अब हमारी सेना आधुनिक युद्ध लड़ने में पूरी तरह तैयार है और निरंतर बेहतर होने का प्रयास कर रही है। सेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी का अपने सैनिकों से यह कहना कि उन्हें हर समय तैयार रहना चाहिए और मौका जल्द मिलेगा, यह इस तरफ इशारा करता है कि पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। पाक के खेबर पख्तूनवा में आतंकियों के नए अड्डे बनने की बात बराबर सामने आ रही है। इस बात को द्विवेदी ने भी स्वीकार किया है। मतलब साफ है कि पाक आतंकवाद को छोड़ने के लिए तैयार नहीं दिखाई दे रहा।

## आतंकवाद को प्रायोजित करना बंद करे पाक



यदि पाकिस्तान विश्व मानचित्र पर अपनी जगह बनाए रखना चाहता है, तो उसे अपनी धरती पर आतंकवाद को प्रायोजित करना बंद करना होगा, भारत अब ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दिखाए गए संयम को दो. हराएगा नहीं, सेनिक अब अपने आप को पूरी तरह तैयार रखें, यदि भगवान ने चाहा, तो मौका जल्द आएगा, भारत इस बार पहले जैसा संयम नहीं दिखाएगा और ऐसी कार्रवाई करेगा, जो पाकिस्तान को अपनी स्थिति पर विचार करने के लिए मजबूर कर दे, सीमा के पास रहने वाले लोगों को भारत आम नागरिकों के बजाय सैनिकों के रूप में देखता है, वे हमारे साथ कंधे से कंधा मिलाकर युद्ध में खड़े हैं, यह महत्वपूर्ण है, क्योंकि आने वाला संघर्ष सिर्फ सेना का नहीं, बल्कि पूरे देश का है, 1965 और 1971 के युद्धों के समय भी आम नागरिकों ने सैनिकों का साथ दिया था।


**जनरल उपेंद्र द्विवेदी, सेना प्रमुख**

# उसूल और इरादे के पक्के थे स्व. हर्षवर्धन

## पुण्यतिथि पर विशेष



यशोदा श्रीवास्तव



**हर्षवर्धन का सुझाव था कि यदि जिले का नाम बदलना ही है तो शिब्बन लाल सक्सेना के नाम से किया जाए। वे नहीं मानीं तो उन्होंने बसपा छोड़ दी। हर्षवर्धन कांग्रेस में आने से पहले भी कांग्रेस के हिमायती रहे। कहा करते थे की यह वसूलों वाली पार्टी है। कांग्रेस में आकर जिले में कांग्रेस को ऊंचाई तक पहुंचाया। आज उनकी बेटी सुप्रिया नेत कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता हैं। बताने की जरूरत नहीं कि सांसदों को क्षेत्र भ्रमण के लिए मिली सरकारी गाणी का खूब दुरुपयोग हो रहा है।उन गाणियों से सांसद के लग्गू भग्गू घूमते हैं और जहां चाहते हैं वहां ले जाते हैं।**

पूर्वांचल के कद्दावर नेता पूर्व सांसद स्व. हर्षवर्धन भ्रष्टाचार और सरकारी जुल्म के खिलाफ बुलंद आवाज थे। महराजगंज जिले का जोगिया बारी गांव भ्रष्टाचार, सरकारी जुल्म और पुलिसिया उत्पीड़न के खिलाफ संघर्ष की रणनीति का केंद्र था। मुलायम सिंह के बाद यदि कोई दूसरा नेता जी नामधारी था तो वह हर्षवर्धन थे। लखनऊ और पूर्वांचल में वे इसी नाम से मशहूर थे। 1977 से लेकर 2016 के कुछ महीनों तक यह नाम भ्रष्टाचार, पुलिस या प्रशासनिक जुल्म को बढ़ावा देने वालों के लिए भय का पर्याय था।

लखनऊ छात्र राजनीति से निकलकर 1977 में जनता पार्टी के टिकट पर फरेंदा विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने आए हर्षवर्धन यहीं के होकर रह गए। 1975 के आपातकाल के बाद 1977 का यह आम चुनाव जनता पार्टी के नाम रहा।लखनऊ से दिल्ली तक इंदरा गांधी की सरकार बदल चुकी थी। हर्षवर्धन परिवर्तन के इस लहर में भी चुनाव हार गए थे। उनके हारने का सिलसिला 1985 तक जारी रहा, लेकिन न तो वे हताश हुए और न ही भ्रष्टाचार के खिलाफ जंग की उनकी धार कमजोर हुई। देखा जाए तो स्व. हर्षवर्धन के राजनीतिक सफर में जीत कम हार ज्यादे रही। वे 1985 में विधायक, 1989 में एमपी और कई चुनाव हारने के बाद 2009 में फिर एमपी चुने गए। विधायक जनता पार्टी से हुए, 1989 में एमपी जनतादल से हुए और 2009 में दूसरी बार कांग्रेस के टिकट पर संसद पंहुचे हर्षवर्धन की खासियत यह रही कि वे जिस दल में रहे, आला कमान के सर्वाधिक प्रिय रहे। जनता पार्टी में चंद्रशेखर के करीब, जनता दल में वीपी सिंह के, बसपा में मायावती के भी करीब रहे और जब कांग्रेस में आए तो सोनिया और राहुल के भी बेहद करीब हो गए। कह सकते हैं कि स्व. हर्षवर्धन का दल बदलने का भी रिकॉर्ड रहा, लेकिन वे कभी कुर्सी और सत्ता के लिए दल नहीं बदले। वे वसूलों के पक्के थे, स्वाभिमानी और जमीर वाले नेता थे। उन्होंने जार्ज फर्नांडिस के करीबी होने का भी फायदा हासिल करने का मौका ठुकरा दिया था तब जब वे एनडीए का हिस्सा बने थे। हर्षवर्धन एनडीए को सांप्रदायिक दलों का गठबंधन मानते थे। चंद्रशेखर जब प्रधानमंत्री बने तो उन्होंने मंत्री पद ठुकरा कर वीपी सिंह के साथ जाना कबूल किया। सिद्धांत ऐसा था कि राजनितिक फायदे के लिए सांप्रदायिक शक्तियों से कभी समझौता नहीं किया।

चार अक्टूबर को स्व।हर्षवर्धन की पुण्यतिथि पर उनके गांव जोगियाबारी में आयोजित कार्यक्रम उनकी स्मृति में एक पर्व जैसा होता है जहां यूपी और पूर्वांचल भर से उनके चाहने वालों का जमावड़ा होता है। यहां सभी नम आंखों से उन्हें याद करते हैं। यह आयोजन उनकी राजनीतिक उत्तराधिकारी और कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया नेत और चाचा आनंदवर्धन करते हैं। इस अवसर पर पूर्वांचल के कई जिलों से उनके चाहने वाले उपस्थिति होकर उन्हें नम: आंखों से श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं। हर्षवर्धन किसी एक क्षेत्र से सांसद या विधायक भले रहे हों, जुल्म और ज्यादती के खिलाफ वे कहीं भी उठ खड़े होते थे। सिद्धार्थनगर जिले के बहुचर्चित करहना कांड के खिलाफ दिल्ली तक की उनकी लड़ाई देश भर में चर्चा के केंद्र में रही। दरअसल वे पूर्वांचल के जिलों में संघर्ष शील राजनीति के प्रेरणा पुरुष थे। हर्षवर्धन कभी लाभ के लिए दल नहीं बदले। सच यह है कि वे जिस दल में गए, वह दल ही शक्तिशाली हुआ। दल छोड़ा तो अपने लिए नहीं, जनसरोकार के लिए। उन्होंने बसपा को भी तब छोड़ा जब मायावती ने महराजगंज जिले का नाम बदलना चाहा। हर्षवर्धन का सुझाव था कि यदि जिले का नाम बदलना ही है तो शिब्बन लाल सक्सेना के नाम से किया जाए। वे नहीं मानीं तो उन्होंने बसपा छोड़ दी। हर्षवर्धन कांग्रेस में आने से पहले भी कांग्रेस के हिमायती रहे। कहा करते थे की यह वसूलों वाली पार्टी है। कांग्रेस में आकर जिले में कांग्रेस को ऊंचाई तक पहुंचाया। आज उनकी बेटी सुप्रिया नेत कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता हैं। बताने की जरूरत नहीं कि सांसदों को क्षेत्र भ्रमण के लिए मिली सरकारी गाणी का खूब दुरुपयोग हो रहा है। उन गाणियों से सांसद के लग्गू भग्गू घूमते हैं और जहां चाहते हैं वहां ले जाते हैं। जबकि हर्षवर्धन उस सरकारी गाणी का इस्तेमाल केवल क्षेत्र में भ्रमण के लिए करते थे। एक बार का वाकया यूं है कि हर्षवर्धन को बनारस किसी जरूरी काम से जाना था। संयोग से कोई गाणी नहीं थी। एक साथी ने उसी सरकारी गाणी से बनारस चलने का सुझाव दिया। यह सुनकर वे आग बबूला हो गए। बोले जिस गलत काम के लिए वे लड़ते हैं, वहीं करने की सलाह दे रहे हो। उसे इस हिदायत के साथ अपने पास से हटा दिया कि दुबारा दिखना मत। स्व. वीर बहादुर सिंह यूपी के मुख्यमंत्री थे। हर्षवर्धन विधायक थे। किसी बात को लेकर उनकी मुख्यमंत्री से ठन गई। काफी मान-मनौव्वल हुआ। हर्षवर्धन तभी माने जब मुख्यमंत्री ने उनकी यह मानी कि जितने सरकारी ट्यूबवैल मुख्यमंत्री के क्षेत्र पनियरा में लगेंगे उतने ही हर्षवर्धन के विधानसभा क्षेत्र फरेंदा में लगेंगे। फरेंदा विधानसभा क्षेत्र में उस वक्त सर्वाधिक 57 ट्यूबवैल लगे थे जो क्षेत्र के प्रति उनके समर्पण भाव की याद दिलाते रहते हैं। हर्षवर्धन समाजवादी विचारधारा के थे। उनकी पारिवारिक पृष्ठभूमि स्वतंत्रता संग्राम की थी। हर्षवर्धन के पिता स्व. योगेन्द्र पाल सिंह स्वतंत्रता सेनानी थे। वे जीवन पर्यन्त गरीबों मजदूरों के लिए लड़ते रहे। स्वतंत्रता आंदोलन के समय अंग्रेजों के तमाम प्रलोभनों को लात मारकर अंग्रेजों के खिलाफ किसी भी आंदोलन में जान को जोखिम में डालकर अग्रणी भूमिका में रहे। गरीबों और मजदूरों के प्रति दया भाव ऐसी थी कि वे खेतों में खुद ही हल संभाल लेते ताकि मजदूर कुछ पल विश्राम कर सके। स्व. हर्षवर्धन जीवन पर्यन्त अपने पिता के कदमों पर ही चलते रहे। ईश्वर ने उन्हें असीम पीड़ाएं भी दी। पत्नी विष्णु सिंह का असमय ही कैंसर से निधन हो गया। इसके कुछ साल बाद ही इकलौता बेटा भी काल के गाल में समा गया। उत्तराधिकारी के रूप में उनकी इकलौती बेटी सुप्रिया नेता ही हैं। इतनी असीम पीड़ाओं को सीने में दफन किए हर्षवर्धन को स्वास्थ्य संकट से गुजरना पड़ा। 2014 का चुनाव वे हार गए और गंभीर बीमारी के चलते ही चार अक्टूबर 2016 में उनका निधन हो गया। हर्षवर्धन के निधन के बाद कांग्रेस ने उनकी बेटी सुप्रिया नेत में कांग्रेस का भविष्य तलाश ली। सुप्रिया एक मशहूर टीवी चैनल में अंतर्राष्ट्रीय ख्याति की पत्रकार थीं। वे पत्रकारिता छोड़ कर अपने पिता की विरासत संभालने महराजगंज आ गईं और अपने स्व. पिता हर्षवर्धन की राजनीतिक विरासत को निरंतर आगे बढ़ा रहीं हैं। पिता की तरह वे भी गांधी परिवार के सर्वाधिक निकट हैं। उनमें भी पिता की तरह खुद्दारी कूट कूट कर भरा है। जूझारू पन और संघर्ष शीलता वैसी ही है जैसे हर्षवर्धन की थी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# धोखाधड़ी के दौर में नागालैंड का गांव है मिसाल

**भारत देश में एक ऐसा गांव है, जहां पर दुकान तो हैं, लेकिन इन दुकानों पर कोई दुकानदार नहीं है और न ही दुकानों पर ताला लगता है। इसके बाद भी लोग ईमानदारी के साथ दुकान से जरूरत का सामान लेकर पैसा रखकर चले जाते हैं। वैसे तो इस जमाने में ऐसा गांव या शहर मिलना काफी मुश्किल है।**

आजकल के समय में चोरी और धोखाधड़ी इतनी ज्यादा बढ़ गई है, जिसके कारण ज्यादातर लोग किसी पर आसानी से भरोसा नहीं कर पाते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि भारत में एक ऐसा गांव है, जहां पर दुकान या कोई भी चीज सिर्फ ईमानदारी के भरोसे पर चलती है। अगर आपको भी इस बात पर यकीन नहीं हो रहा है, तो यह आर्टिकल आपके लिए खास हो सकता है। क्योंकि आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको एक ऐसे गांव के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर दुकानों में ताले नहीं लगाए जाते हैं और इसके बाद भी यहां पर कभी चोरी नहीं होती है।



**दुकानों पर नहीं लगते हैं ताले**

भारत देश में एक ऐसा गांव है, जहां पर दुकान तो हैं, लेकिन इन दुकानों पर कोई दुकानदार नहीं है और न ही दुकानों पर ताला लगता है। इसके बाद भी लोग ईमानदारी के साथ दुकान से जरूरत का सामान लेकर पैसा रखकर चले जाते हैं। वैसे तो इस जमाने में ऐसा गांव या शहर मिलना काफी मुश्किल है। जहां पर दुकान तो हैं, लेकिन दुकानदार नहीं हैं और दुकानों पर ताले भी नहीं हैं। भारत के नागालैंड के खोनोमा गांव अपने भरोसे और विश्वास के लिए पूरे भारत में फेमस है।

**नागालैंड का खोनोमा गांव**

नागालैंड के खोनोमा गांव पूरे भारत में ईमानदारी के लिए फेमस है। इस गांव में बिना दुकानदार के सालों से दुकानें लगी हुई हैं। जहां पर आप अपनी जरूरत के हिसाब से सामान खरीद सकते हैं। हालांकि यह फ्री नहीं है आपने जितने का सामान लिया है, उतने पैसे दुकान पर रखकर जा सकते हैं। गांव का कोई भी दूसरा व्यक्ति उन पैसों को नहीं छुएगा और न ही कोई धोखा देकर ज्यादा सामान लेकर जाएगा।

**जानिए भारत का पहला ग्रीन विलेज**

इस गांव के बारे में जानकर हैरान रह गए होंगे। कई रिपोर्ट्स की मानें, तो इस गांव में सालों से ईमानदारी के भरोसे पर रह रहे हैं। नागालैंड के इस अनोखे गांव यानी की खोनोमा गांव को भारत का पहला ग्रीन विलेज भी कहा जाता है। जोकि ईमानदारी के लिए फेमस है। यह गांव अपने प्राकृतिक सौंदर्य के लिए पूरे भारत में फेमस है।

**नहीं हुई चोरी और न कोई गुनाह**

बता दें कि इस गांव की ईमानदारी पूरे भारत में जानी जाती है। यहां पर इतने सालों से दुकानों में ताला नहीं लगता है। लेकिन इसके बाद भी यहां पर न तो आज तक चोरी हुई और न कोई गुनाह हुआ है। इस गांव के लोगों में आज भी इतनी ईमानदारी है कि लोग जितने का सामान खरीदते हैं, उतने पैसे दुकान में जमा कर देते हैं।

# पशुओं के साथ सुसंस्कृत बने जीवन की सभ्यता



योगेश कुमार गोयल

पशुओं के कल्याण मानकों में सुधार को लेकर लोगों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 4 अक्तूबर को विश्व पशु कल्याण दिवस मनाया जाता है। विश्व पशु दिवस पहली बार बर्लिन में 24 मार्च 1925 को पशु कल्याण के बारे में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से मनाया गया था। पशुओं की लुप्तप्राय प्रजातियों की दुर्दशा को उजागर करने के लिए इटली के फ्लोरेंस में 1931 में आयोजित पारिस्थितिकीविदों के एक सम्मेलन में विश्व पशु दिवस की शुरुआत की गई और तब असीसी के सेंट फ्रांसिस के पर्व के कारण यह दिवस मनाने के लिए प्रतिवर्ष 4 अक्तूबर को ही चुना गया। 2003 में पहली विश्व पशु दिवस वेबसाइट यूके स्थित पशु कल्याण चौरिटी 'नेचर वॉच फाउंडेशन' द्वारा लांच की गई थी। इस दिन पशु अधिकारों को बढ़ावा देने वाले व्यक्तियों एवं संगठनों का समर्थन करके जानवरों के प्रति प्यार, देखभाल, स्नेह और सुरक्षा को प्रोत्साहित करता है। पशुओं के अधिकारों के लिए यह एक ऐसी वैश्विक पहल है, जिसका प्रमुख उद्देश्य पशु कल्याण के लिए बेहतर मानक सुनिश्चित करना है।

पशु प्रेम के बारे में महात्मा गांधी कहते थे कि किसी राष्ट्र की महानता और उसकी नैतिक प्रगति का अनुमान इस बात से लगाया जा सकता है कि वहां जानवरों के साथ कैसा व्यवहार किया जाता है। पशु मानव जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जो न केवल हमारे जीवन को समृद्ध बनाते हैं बल्कि हमें बेहतर इंसान भी बनाते हैं। पारिस्थितिकी तंत्र में सभी जानवर प्रकृति की पारिस्थितिकी को संतुलित रखते हुए हमारे पर्यावरण की रक्षा करने और मानव स्वास्थ्य को बढ़ावा देने में भी समान रूप से महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मनुष्य और पशु न केवल एक-दूसरे पर निर्भर हैं बल्कि एक-दूसरे के पूरक भी हैं। सही मायनों में दोनों का अस्तित्व ही खुशहाली का प्रतीक है और यदि जंगल से किसी एक जीव की प्रजाति भी लुप्त होती है तो उसका असर सम्पूर्ण पर्यावरण पर पड़ता है।

विश्व पशु दिवस विश्वभर में कल्याण मानकों के मिशन के साथ जानवरों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए एक ऐसा सामाजिक आन्दोलन है, जो प्रतिवर्ष एक निर्धारित थीम के साथ मनाया जाता है। इस वर्ष 'विश्व पशु कल्याण दिवस' की थीम है 'जानवरों को बचाओ, ग्रह को बचाओ!'। भारत में करीब 70 फीसद आबादी कृषि तथा कृषि संबंधी व्यवसायों पर निर्भर है। प्राचीन काल से ही पशुपालन और कृषि व्यवसायों का आपस में गहरा संबंध रहा है। गरीबी से त्रस्त परिवारों के लिए तो पशुधन ग्रामीण मुद्राएं हैं, जो खासकर गरीब परिवारों के लिए बीमा विकल्प के रूप में भी कार्य करता है क्योंकि यह उनके लिए ऐसी सम्पत्ति है, जिसे संकट के समय बेचा जा सकता है। यही कारण है पालतू पशुओं को 'पशुधन' कहा जाता है। भारत के सकल घरेलू उत्पाद में भी पशुधन की बड़ी भागीदारी रही है। मानव और पशुओं के आपसी संबंध मानव जीवन के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं क्योंकि पशुओं का मानवीय समाज में विभिन्न रूपों में योगदान होता है। पशुओं के साथ रहने से हमें स्वभाविक संवेदनशीलता, प्यार, सहयोग और उन्नति का अनुभव होता है। बहुत से पशु-पक्षी तो ऐसे हैं, जो यदि धरती पर नहीं हों तो पृथ्वी पर मनुष्य का जीना ही मुश्किल हो जाएगा। अनेक मामलों में देखा जाता है कि मानवीय स्वार्थ के लिए कइ जानवरों की निर्मम हत्या कर दी जाती है। दरअसल इन पशुओं के विभिन्न अंग तथा उनके मल-मूत्र इत्यादि दवाईयां बनाने से लेकर खेतीबाड़ी तक में काम आते हैं और इनके कंकाल उर्वरक का काम करते हैं। हाथियों को हाथी दांत और गैंडे को उसके सींगों के लिए बेदर्दी से मौत के घाट उतार दिया जाता है जबकि उनकी प्राकृतिक मौत होने पर ये चीजें वैसे ही मिल जानी होती हैं। हाथी और गैंडे कीचड़ में रहकर दूसरे जानवरों के पीने के लिए किनारे पर पानी का इंतजाम करते हैं और सूखा नहीं पड़ने देते। हाथी जमीन को उपजाऊ बना सकता है जबकि गैंडा कीचड़ में रहकर मिट्टी की अदला-बदली का काम करता है और प्रतिदिन करीब पचास किलो वनस्पति की खुराक होने से जंगल में कूड़ा-कर्कट नहीं होने देता। उसके शरीर पर फसल के लिए हानिकारक कीड़े जमा हो जाते हैं, जो पक्षियों का भोजन बनते हैं। इस प्रकार गैंडे प्राकृतिक संतुलन बनाए रखते हैं। वैसे तो सभी पशु-पक्षी मनुष्य के सहायक होते हैं लेकिन उनके व्यवहार को समझे बगैर यदि उनके रहने की जगहों को उजाड़ने के प्रयास किए जाते हैं तो वे हिंसक होकर विनाश कर सकते हैं। तुर्की के विख्यात नाटककार, उपन्यासकार और विचारक मेहमत मूरत इल्डन का कहना था कि दुनिया में वन्यजीवों की रक्षा केवल दयालु दिलों के प्यार से ही की जा सकती है। वाइल्ड हार्ट वाइल्ड लाइफ फाउंडेशन के संस्थापक पॉल ऑक्सटन कहते थे कि जब तक आपके भीतर प्रकृति के बीच रह रहे जंगली जीवों के प्रति ढ़ेर सारा प्यार, दया और लगाव नहीं रहेगा, तब तक आप सच्चा सुख हासिल नहीं कर पाएंगे। मानव जाति को यह समझना होगा कि पशुओं का जीवन किसी भी तरह से हमारे जीवन से कम कीमती नहीं है। 'जैव विविधता के जनक' के नाम से विख्यात आधुनिक काल के डार्विन कहे जाने वाले हार्वर्ड विश्वविद्यालय के पूर्व जीवविज्ञानी और पुलित्जर पुरस्कार विजेता ईओ विल्सन के अनुसार पृथ्वी पर प्रत्येक प्रजाति अत्यधिक देखभाल एवं प्रतिभा के साथ बनाई गई रचना और एक उत्कृष्ट कृति है। वन्यजीव फोटोग्राफर, प्रकृतिवादी और 'जॉय ऑफ बीयर्स' सहित कुछ पुस्तकों की लेखिका सिल्विया डोल्सन कहती हैं कि हमारी ही तरह जानवर भी प्यार, खुशी, डर और दर्द महसूस करते हैं लेकिन वे बोले गए शब्द को समझ नहीं पाते।



(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### अफगान सीमा पर तालिबान और पाक सैनिकों में फायरिंग

**इस्लामाबाद।** अफगान और पाकिस्तान की सीमा पर एक बार फिर तालिबान लड़ाकों और पाकिस्तानी सैनिकों के बीच फायरिंग हुई है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक गुरुवार सुबह करीब 7 बजे अफगानिस्तान के कुनार प्रांत के नरई जिले में डोकलाम इलाके में दोनों तरफ से फायरिंग हुई। यह गोलीबारी कई घंटों तक रुक-रुक कर जारी रही। दरअसल, पाकिस्तानी सैनिक बार्डर पर बाड़ लगा रहे थे। तालिबान ने इसका विरोध किया और देखते ही देखते विवाद हिंसक झड़प में बदल गया।

### लॉस एंजिल्स के शेवरॉन रिफाइनरी में लगी भीषण आग

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिका में कैलिफोर्निया के लॉस एंजिल्स काउंटी के एल सेगुंडो स्थित शेवरॉन रिफाइनरी में गुरुवार रात भीषण आग लग गई। यह जानकारी स्थानीय मीडिया ने दी। रिपोर्टों के अनुसार, विस्फोट की कई सूचनाएं प्राप्त होने के बाद अग्निशमन विभाग और अधिकारी तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। 324 वेस्ट एल सेगुंडो बुलेवार्ड स्थित इस रिफाइनरी का अपना अग्निशमन विभाग है, जो आग बुझाने के कार्य में लगा हुआ है और अब तक आग को अन्य क्षेत्रों में फैलने से रोक लिया गया है।

### पहली बार डिजिटल दुनिया में भरोसे और सुरक्षा पर होगी चर्चा

**नई दिल्ली।** डिजिटलीकरण और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के बढ़ते इस्तेमाल के बीच देश में पहली बार डिजिटल दुनिया में भरोसे और सुरक्षा पर चर्चा होगा जिसमें सरकार, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म, ओटीटी और नियामकों समेत सभी संबद्ध पक्षों के दिग्गज स्थानीय जरूरतों के अनुरूप कानूनों और सुरक्षा उपायों पर विचार-विमर्श करेंगे। गैर-लाभकारी संगठन काउंसिल फॉर सोशल रिसर्च (सीएसआर) दिल्ली में सात और आठ अक्टूबर को ट्रस्ट एंड सेफ्टी फेस्टिवल के साथ मिलकर एआई इम्पैक्ट समिट का आयोजन कर रहा है।

### यूक्रेन ने किया नाटो महासचिव मार्क रूटे का आभार व्यक्त

**नई दिल्ली।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने नाटो के महासचिव मार्क रूटे से मुलाकात की और यूक्रेन के प्रति समर्थन जाहिर करने के लिए उनका और नाटो के सदस्य देशों का आभार व्यक्त किया। जेलेंस्की ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि हमने रूसी उकसावे का मुकाबला करने और पर्ल इनिशिएटिव में नए योगदान पर चर्चा की। हम यूक्रेन-नाटो सहयोग के ढांचे में अपने अगले कदमों पर सहमत हुए और आगामी रामस्टीन बैठक पर चर्चा की, जो रक्षा मंत्रियों के स्तर पर आयोजित की जाएगी। मैं यूक्रेन के प्रति उनके समर्थन के लिए मार्क और नाटो सदस्य देशों का व्यक्तिगत रूप से धन्यवाद करता हूं।

# अमेरिकी दबाव के आगे भारत नहीं झुकेगा: पुतिन

## रूस के राष्ट्रपति का दावा: मैं मोदी को जानता हूं, भारतीय अपमान बर्दाश्त नहीं करते



- भारत जैसे देश में लोग अपने नेताओं के फैसलों पर नजर रखते हैं
- वहां के लोग कभी नहीं चाहेंगे कि उनका देश किसी के सामने झुके: पुतिन

**सोची।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने तेल खरीद के मुद्दे पर अमेरिकी दबाव की आलोचना की और कहा कि भारत झुकने वाला नहीं है। उन्होंने सोची शहर में आयोजित वाल्दाई पालिसी फोरम को संबोधित करते हुए यह कहा कि पीएम मोदी कभी भी ऐसा फैसला नहीं करेंगे, जो भारत की संप्रभुता के खिलाफ हो।

पुतिन ने कहा कि अगर रूस के ट्रेड पार्टनर्स पर ऊंचे टैरिफ लगाए गए, तो इसका असर पूरी दुनिया की ऊर्जा कीमतों पर पड़ेगा। कीमतें बढ़ेंगी और अमेरिकी फेडरल रिजर्व को मजबूरी में ब्याज दरें ऊंची रखनी होंगी, जिससे अमेरिकी अर्थव्यवस्था धीमी पड़ जाएगी। पुतिन ने चेतावनी दी कि अगर भारत रूसी तेल खरीदना बंद करता है, तो उसे 9 से 10 अरब डॉलर का नुकसान उठाना पड़ेगा। पुतिन ने कहा कि भारत जैसे देश में लोग अपने नेताओं के फैसलों पर नजर रखते हैं और वे कभी नहीं चाहेंगे कि उनका देश किसी के सामने झुके। पुतिन ने यह भी कहा कि रूसी तेल के बिना दुनिया की भी अर्थव्यवस्था को नुकसान होगा और यदि इसकी आपूर्ति बंद हो जाती है तो तेल की कीमतें प्रति बैरल 100 डॉलर से भी ऊपर बढ़ सकती हैं। पुतिन ने मोदी का दोस्त बताते हुए कहा कि वह उनके साथ भरोसे के साथ बातचीत कर सकते हैं। रूसी राष्ट्रपति ने दिसम्बर की शुरुआत में होने वाली अपनी भारत यात्रा को लेकर खुशी जताई। उन्होंने अपनी सरकार को यह भी निर्देश दिया कि भारत के बड़े पैमाने पर कच्चे तेल खरीदने की वजह से जो व्यापार असंतुलन बना है, उसे दूर करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। पुतिन ने कहा कि भारत चाहे तो व्यापार असंतुलन को ठीक करने के लिए रूस से और ज्यादा कृषि उत्पाद और दवाइयां खरीद सकता है। अपने भाषण में पुतिन ने अमेरिका पर भी कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि भारत जैसे देशों पर रूसी ऊर्जा न खरीदने का दबाव डालता है, जबकि खुद यूरेनियम के लिए रूस पर निर्भर है। पुतिन ने कहा कि रूस, अमेरिका को यूरेनियम देना जारी रखेगा। उन्होंने कहा कि अमेरिका हमसे यह इसलिए खरीदता है क्योंकि इसमें उसका फायदा है। पुतिन ने कहा कि यूरोपीय संघ के नेता अपने देश की समस्याएं ठीक करने के बजाय लोगों में दहशत फैला रहे हैं और युद्ध का डर दिखा रहे हैं। वे बार-बार अपने लोगों से कहते रहते हैं कि रूस नाटो देशों पर हमला करने वाला है।

### दिसम्बर में चार साल बाद पुतिन भारत आएंगे

**मास्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन दिसम्बर की शुरुआत में शिखर वार्ता के लिए भारत आएंगे। पुतिन के इस दौरे में कुछ महत्वपूर्ण समझौतों के होने की उम्मीद है। उनका भारत का यह दौरा करीब चार साल बाद हो रहा है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने गुरुवार को संवाददाताओं को बताया कि पुतिन की भारत यात्रा की तैयारियां जोर-शोर से चल रही है। उन्होंने कहा कि वह भारत में होंगे। सचमुच, हम तैयारी कर रहे हैं। यह नए साल से पहले होगा। पेस्कोव ने भारत के साथ रूस के रिश्ते पर कहा कि भारत के रूस के साथ विशेष संबंध हैं और रूस इन्हें बहुत महत्व देता है। उल्लेखनीय है कि भारत और रूस के बीच दिसम्बर में होने वाली यह 23वीं द्विपक्षीय शिखर वार्ता होगी। इ



बोगो। फिलीपींस के सेबू प्रांत में आए भूकंप के बाद प्रभावित हुए इलाकों में डर की वजह से लोग अपनों घरों के बाहर ही रह रहे हैं।

# फिलीपींस भूकंप से मरने वालों की संख्या 68 हुई

- भूकंप के झटकों से डोलने से 80595 परिवार यानि की 366360 लोग प्रभावित हुए

**मनिला।** फिलीपींस में आए शक्तिशाली भूकंप में मरने वालों की संख्या 68 तक पहुंच गई और घायलों की संख्या बढ़कर 559 पहुंच गई है।

राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं प्रबंधन परिषद (एनडीआरआरएमसी) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एनडीआरआरएमसी की कार्यान्वयन शाखा, नागरिक सुरक्षा कार्यालय (ओसीडी) ने कहा कि ये मरने वालों की संख्या आंतरिक और स्थानीय सरकार विभाग के मृत और लापता (एमडीएम) क्लस्टर के प्रबंधन पर आधारित थी। नागरिक सुरक्षा संचार एवं वकालत प्रभाग के प्रभारी अधिकारी डिएगो मारियानो ने कहा कि एमडीएम वह स्थान है जहां मृतकों की संख्या पर विशेष नजर रखी जाती है। मारियानो ने कहा कि कृपया यह ध्यान रखें कि एमडीएम का सत्यापन होने के बाद ही आंकड़े जारी करें हैं। एनडीआरआरएमसी ने कहा कि सेबू प्रांत के भूकंप के झटकों से डोलने से 80595 परिवार यानि की 366360 लोग प्रभावित हुए हैं।

इस भूकंप का केंद्र बोगो शहर में था। एनडीआरआरएमसी ने बताया कि इस भूकंप से 5013 घरों और 335 बुनियादी ढांचों को नुकसान पहुंचा है। फिलीपींस ज्वालामुखी एवं भूकंप विज्ञान संस्थान ने बताया कि मंगलवार को रिक्टर पैमाने पर 6.9 तीव्रता का भूकंप आने के बाद शुक्रवार सुबह आठ बजे तक एक से पांच तीव्रता तक के अभी तक 3952 झटके महसूस किए गए हैं।

# वियतनाम में चक्रवाती तूफान के चलते 51 लोगों की मौत

- इसके अलावा 14 लोग लापता हो गए तथा 164 लोग घायल हुए

**हनोई।** वियतनाम में चक्रवाती तूफान बुआलोई और उसके बाद आई बाढ़ और भूस्खलन से उत्तरी और मध्य वियतनाम में 51 लोगों की मौत हो गई और 14 अन्य लापता हो गए तथा 164 घायल हुए हैं। वियतनाम आपदा एवं डाइक प्रबंधन प्राधिकरण ने शुक्रवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी।

प्राधिकरण के मुताबिक शुरूआती तौर पर आर्थिक नुकसान लगभग 15.9 ट्रिलियन वियतनामी डोंग (लगभग 60.8 करोड़ अमेरिकी डॉलर) होने का अनुमान है। तूफान के कारण 238,000 से अधिक घर क्षतिग्रस्त या जलमग्न हुए हैं, लगभग 89000 हेक्टेयर में फैसरा धान और अन्य फसलें जलमग्न हो गई हैं और 17000 हेक्टेयर से अधिक जलीय कृषि और लगभग 50300 हेक्टेयर जंगलों को नुकसान पहुंचाया। रिपोर्ट के अनुसार, तूफान के कारण बुनियादी ढांचे को भी काफी नुकसान पहुंचा है। देश में 8800 से अधिक बिजली के खंभे गिर गए और लगभग 468500 घरों में अभी भी बिजली नहीं है, जबकि लगभग 1500 स्कूल क्षतिग्रस्त हुए हैं। स्थानीय अधिकारी राहत कार्य जारी रखे हुए हैं, अवरुद्ध सड़कों को साफ करने, आवश्यक सेवाओं को बहाल करने और प्रभावित समुदायों की सहायता के लिए उपकरण जुटा रहे हैं।

# शराब के कारण प्रतिवर्ष लगभग 22000 श्रीलंकाई लोगों की होती है मौत

**कोलम्बो।** राष्ट्रीय तम्बाकू एवं मद्य निषेध प्राधिकरण ने बताया कि शराब का सेवन से प्रतिवर्ष लगभग 22000 श्रीलंकाई लोगों मौत होती है। श्रीलंका में विश्व संयम दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय तम्बाकू एवं मद्द निषेध प्राधिकरण के अध्यक्ष डॉ. आनंद रत्नायके ने मीडिया से बात करते हुए चेतावनी जारी की कि देश में शराब का सेवन लोगों के लिए एक बड़ा खतरा बनता जा रहा है। देश की 21 प्रतिशत आबादी शराब का सेवन करती है। शराब के सेवन के खतरों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से देशभर में कई राष्ट्रव्यापी कार्यक्रमों के साथ विश्व संयम दिवस मनाया जा रहा है।

# अब मोरक्को में जेन-जी का गुस्सा भड़का

## कहा: हॉस्पिटल नहीं और वर्ल्ड कप पर 10 अरब डॉलर फूंक रहे, तीन की मौत, 1000 गिरफ्तार



1000 से ज्यादा लोग गिरफ्तार किए गए व 354 लोग घायल हुए

**रबात।** उत्तरी अफ्रीकी देश मोरक्को में स्वास्थ्य और शिक्षा सुधारों की मांग को लेकर भड़का जेन-जी आंदोलन हिंसक हो गया। राजधानी रबात में प्रदर्शनकारियों ने बैंक फूंक दी। कई दुकानों-गाड़ियों में तोड़फोड़ की। आगादिर शहर में पुलिस की गोली से 3 युवाओं की मौत हो गई।

वहीं एक हजार से ज्यादा लोग गिरफ्तार किए गए। 354 लोग घायल हुए हैं, जिनमें अधिकतर सुरक्षाकर्मी हैं। मंत्रालय के मुताबिक, लगभग 70 प्रतिशत प्रदर्शनकारी नाबालिग थे। मोरक्को की सरकार 2030 फीफा वर्ल्ड कप और अफ्रीका कप ऑफ नेशंस के लिए 10 अरब डालर (करीब 8.8 लाख करोड़ रुपये) खर्च कर रही है। जबकि देश में सरकारी अस्पतालों में सुविधाओं की भारी कमी है। मोरक्को के कासाब्लांका में युवा बेहतर स्कूल और हॉस्पिटल जैसी सुविधाओं की मांग कर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने नारा लगाया- स्टेडियम तो हैं, लेकिन अस्पताल कहां हैं? युवाओं के नेतृत्व वाले इस विरोध आंदोलन को जेन-जी 212 कहा जा रहा है। 212 मोरक्को के इंटरनेशनल टेलीफोन डायलिंग कोड है। विदेश से मोरक्को में किसी को काल करने पर नंबर के पहले +212 लगाते हैं। नेपाल की तरह भी मोरक्को में भी विरोध प्रदर्शन करने वाले युवाओं का कोई लीडर नहीं है। लोग सोशल मीडिया के जरिए से रैली कर रहे हैं। मोरक्को में बेरोजगारी दर 12.8 प्रतिशत है, जिसमें युवा बेरोज़गारी 35.8 प्रतिशत और स्नातकों में 19 प्रतिशत तक पहुंच गई है। मोरक्को में 1430 लोगों पर एक डाक्टर है, जो दुनिया के औसत (590) से ढाई गुना कम है। आगादिर के हसन-2 हॉस्पिटल में 8 महिलाओं मौत हो गई। इसे 'डेथ हॉस्पिटल' कहा जा रहा है। यह आंदोलन सोशल मीडिया प्लेटफार्म जैसे टिकटाक और डिस्कार्ड पर शुरू हुआ था। पिछले रविवार को प्रदर्शनकारियों की गिरफ्तारी के बाद इसे और समर्थन मिलने लगा। गिरफ्तार हुए लोगों में मोरक्को के स्टार गोलकीपर यासीन बौनू और प्रसिद्ध रैपर एल ग्रांडे टोटो भी शामिल हैं।

## POK में पाक सेना की बर्बरता पर बोले विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता जायसवाल

# पाक को मानवाधिकार उल्लंघनों का जिम्मेदार ठहराया जाए



- पाकिस्तान को उसके भयावह मानवाधिकार उल्लंघनों के लिए जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में कई दिनों से जारी विरोध प्रदर्शनों पर भारत ने प्रतिक्रिया दी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने साप्ताहिक प्रेस वार्ता में कहा कि हमने पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर के कई इलाकों में विरोध प्रदर्शनों की खबरें देखी हैं, जिनमें पाकिस्तानी सेना की तरफ से निर्दोष नागरिकों पर की गई बर्बरता भी शामिल है।

हमारा मानना है कि यह पाकिस्तान के दमनकारी रवैये और इन इलाकों से संसाधनों की व्यवस्थित लूट का स्वाभाविक परिणाम है, जो उसके जबरन और अवैध कब्जे में हैं। पाकिस्तान को उसके भयावह मानवाधिकार उल्लंघनों के लिए जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। वहीं कनाडा के साथ सुरक्षा सहयोग को लेकर किए गए सवाल पर उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने 18 दिसम्बर को कनाडा की नेशनल सिक्योरिटी एंड इंटेलिजेंस एडवाइजर नथाली ड्रूइन से मुलाकात की। दोनों पक्षों ने आतंकवाद, अंतर्राष्ट्रीय संगठित अपराध और खुफिया सहयोग जैसे मुद्दों पर चर्चा की। यह बैठक काफी सकारात्मक रही और सुरक्षा सहयोग को और मजबूत करने पर सहमति बनी। इस दौरान रणधीर जायसवाल ने बांग्लादेश के गृह सलाहकार जहांगीर आलम चौधरी के भारत पर लगाए आरोपों पर कहा कि ये पूरी तरह झूठे और बेबुनियाद हैं। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार कानून-व्यवस्था संभालने में नाकाम रही है और अपनी नाकामी छिपाने के लिए दूसरों पर दोष मढ़ रही है। बेहतर होगा कि वे आत्मचिंतन करें और चिटगांव हिल ट्रैक्ट्स में अल्पसंख्यकों पर हमलों व कब्जों की जांच कराएं। अपने साप्ताहिक प्रेस वार्ता में रणधीर जायसवाल ने बताया कि अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी को 9 से 16 अक्टूबर तक नई दिल्ली आने के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की ओर से यात्रा की अनुमति मिली है। इस पर मंत्रालय आगे भी जानकारी साझा करेगा। रणधीर जायसवाल ने इस दौरान कहा कि भारत और चीन के बीच सीधी हवाई सेवाएं फिर से शुरू करने पर वाणिज्यिक गतिविधियां शुरू हो चुकी हैं।

# इजरायल ने ग्लोबल सुमुद फ्लोटिला के आखिरी जहाज को भी रोका

**यरूशलम।** इजरायल ने गाजा पट्टी की ओर जा रहे 'ग्लोबल सुमुद फ्लोटिला' के आखिरी समुद्री जहाज को भी रोक लिया है। अल जजीरा ने बताया कि पोलैंड का मैरिनेट जहाज सुमुद फ्लोटिला का आखिरी जहाज था, जिसे शुक्रवार सुबह इजरायली नौसेना ने गाजा से 43 समुद्री मील दूर रोक लिया। उल्लेखनीय है कि ग्लोबल सुमुद फ्लोटिला 44 जहाजों का काफिला है, जो लगभग 40 देशों के 500 से अधिक नागरिक अधिकार कार्यकर्ताओं को लेकर गाजा पट्टी की ओर बढ़ रहा था। इनका उद्देश्य इजरायल द्वारा गाजा की नाकेबंदी को तोड़ना था और गाजा में मानवीय सहायता पहुंचाना था।

# मेक्सिको के नागरिकों को तत्काल रिहा करे इजरायल: शीनबाम

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम ने गुरुवार को इजरायल के अधिकारियों द्वारा हिरासत में लिए गए छह मैक्सिकन नागरिकों की तत्काल रिहा करने की अपील की। इन अधिकारियों को गाजा में सहायता पहुंचाने की कोशिश कर रहे एक बेड़े को रोकने के बाद इजरायल के अधिकारियों ने हिरासत में ले लिया था।

सुशीनबाम ने संवाददाता सम्मेलन के दौरान छह मैक्सिकन नागरिकों को इजरायल के अधिकारियों द्वारा हिरासत में लिए जाने की पुष्टि करते हुए कहा कि उन्हें अशदोद बंदरगाह में रखा गया है। ग्लोबल सुमुद फ्लोटिला पर सवार हिरासत में लिए गए कार्यकर्ताओं को अभी तक राजनयिक सहायता नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि इज़रायली अधिकारियों ने कहा है कि वे उन्हें एक हिरासत केंद्र में ले जा रहे हैं। मैक्सिकन वाणिज्य दूतावास ज़रूरत पड़ने पर हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए वहां तैयार है। उन्होंने कहा कि फलस्तीनियों तक मानवीय सहायता पहुंचे और गाजा के खिलाफ इस आक्रमण को रोका जाए। मेक्सिको के विदेश मंत्रालय ने कहा कि विदेश मंत्रालय इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना पर तुरंत कार्रवाई जारी रखेगा। हिरासत में लिए गए हमवतन लोगों के अधिकारों को सुनिश्चित करेगा और सभी संभव कानूनी और राजनयिक तरीकों से उनकी शीघ्र वापसी की मांग करेगा।

# POJK में गुस्साई भीड़ ने पुलिस की गाड़ियों में लगाई आग

- इस मामले में स्थिति अभी भी तनावपूर्ण बनी हुई है

**मुजफ्फराबाद।** पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा बलों की कार्रवाई से गुस्साए प्रदर्शनकारियों ने पुलिस की गाड़ियों और बुलडोज़र को आग के हवाले कर दिया है।

इलाके में तनाव घटाने को लेकर पाकिस्तान सरकार और जम्मू-कश्मीर अवामी एक्शन कमेटी (जेकेएएसी) के बीच बातचीत के कल शुरू होने के बावजूद, पीओजेके में भारी अशांति देखी गई। यह तनाव सुरक्षा बलों की गोलीबारी में स्थानीय नागरिकों के मारे जाने के बाद और बढ़ गया था। पीओजेके के सेहंसा इलाके में प्रदर्शनकारियों ने हाल ही में हुई नागरिकों की मौतों के प्रतिशोध में सरकारी संपत्ति को निशाना बनाया और पुलिस वाहनों और बुलडोज़रों में आग लगा दी। प्रदर्शनकारियों ने अरजा पुल पर नाकाबंदी कर दी है, जिससे आवाजाही में खासी परेशानी हुई है। इसके अलावा कोटली शहर में पूर्ण बंद रहा और राज्य सरकार की कार्रवाई के कड़े विरोध में व्यवसाय और परिवहन ठप रहे। बातचीत की पहल होने के बाद भी आज़ाद पट्टन और पलंदरी सहित प्रमुख क्षेत्रों में प्रदर्शनों का सिलसिला नहीं रुका। इस मामले में स्थिति अभी भी तनावपूर्ण बनी हुई है।

# लानत: पाक पुलिस ने प्रेस क्लब में पत्रकारों को पीटा

## POK में हिंसा को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे, गृहमंत्री मोहसिन नकवी ने दिए जांच के आदेश



- इस घटना से जुड़े कई वीडियो वायरल हुए जिनमें पुलिस पत्रकारों पर लाठियां चला रही है

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में इस्लामाबाद के प्रेस क्लब पर पुलिस ने अचानक छापा मारा और वहां प्रदर्शन कर रहे पत्रकारों और लोगों पर हमला किया।

यह प्रदर्शन पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में अत्याचारों और इंटरनेट ब्लैकआउट के खिलाफ हो रहा था। इस घटना के बाद पूरे पाकिस्तान में नाराजगी जाहिर की गई। गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने इस घटना की जांच के आदेश दिए हैं। इस घटना से जुड़े कई वीडियो वायरल हैं जिनमें पुलिस पत्रकारों पर लाठियां चला रहे हैं। इस बीच पुलिस का कहना है कि उन्होंने पत्रकारों को गलती से निशाना बनाया। रिपोर्ट्स के मुताबिक यह तब हुआ जब पीओके की स्थिति को लेकर प्रेस क्लब के बाहर विरोध प्रदर्शन को खत्म कराने के लिए पुलिस पहुंची। इस दौरान प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़प शुरू हो गई। कुछ प्रदर्शनकारी भाग कर प्रेस क्लब में घुस गए। पुलिस उनका पीछा करती हुई प्रेस क्लब के अंदर चली गई। अंदर पुलिस ने लाठीचार्ज शुरू किया और पत्रकारों ने जब मोबाइल और कैमरे से रिकार्ड करने की कोशिश की, तो उन्हें भी पीटा गया। प्रेस क्लब के कम से कम दो फोटोग्राफर और तीन कर्मचारी घायल हुए। कई पत्रकारों के कैमरे और मोबाइल तोड़ दिए गए। पुलिस हमले के वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद व्यापक आक्रोश फैल गया। वरिष्ठ पत्रकारों ने इसे प्रेस की स्वतंत्रता पर सीधा हमला करार दिया। गृह मंत्री ने घटना की जांच का आदेश दिया। नकवी ने यह भी कहा कि पत्रकारों पर हिंसा किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं होगी और इसमें शामिल पुलिसकर्मियों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। गृह राज्य मंत्री तलाल चौधरी प्रेस क्लब पहुंचे और पत्रकारों से माफी मांगी। चौधरी ने कहा कि कुछ प्रदर्शनकारियों ने पुलिस से बदसलूकी की थी और पुलिस उन्हें पकड़ने के लिए क्लब के भीतर चली गई, लेकिन वहां पत्रकारों के साथ झड़प हो गई। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि आपकी आवाजें ही हमें जनता तक पहुंचाती हैं, हम बोलने की आजादी के समर्थक हैं।

